Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 123
लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की : शाह

adani
Foundation

## अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।



### हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**







**सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।**

# यूपी सरकार ने पास किया 8.08 लाख करोड़ का बजट

- यूपी में स्थापित की जाएगी 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी'
- 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय

## इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और एआई पर योगी सरकार का सर्वाधिक फोकस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ना है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। योगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं। उत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है। सरकार ने प्रदेश में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्रशालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है।

# 'वंचित को वरीयता' की मूल भावना पर आधारित है बजटः सीएम योगी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने बजट को गरीब, किसान युवा और महिला उत्थान को किया समर्पित
- अगले 25 साल का रोडमैप तैयार करेगा यूपी का बजट 2025-26

**विधानसभा** में गुरुवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के तिलक हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट की खासियतों को विस्तार से बताया। उन्होंने इस बजट का थीम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित 'वंचित को वरीयता' की मूल भावना को बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 5 टी- ट्रेड, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी, ट्रेडिशन और टैलेंट को मंत्र मानकर नया उत्तर प्रदेश आज श्रम शक्ति से अर्थ शक्ति के रूप में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज बीमारू राज्य से ऊपर उठकर रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

उन्होंने कहा कि देश की आबादी के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य द्वारा देश के सभी राज्यों में अबतक का सबसे बड़ा बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया गया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में यूपी का यह 9वां बजट है। पिछले 8 साल में सरकार ने जो भी यूपी के लिए कदम उठाए हैं, उसके अच्छे परिणाम हमें देखने को मिले हैं। ये बजट हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये संविधान के लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है साथ साथ यूपी की स्थापना का भी अमृत वर्ष है। ये दोनों कार्य जनवरी 1950 में हुए थे। 75 साल के शानदार इतिहास के साथ ही आगामी 25 साल की कार्ययोजना का रोडमैप तैयार करने के लिए ये बजट महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना कर रही है। यह केंद्र बहुत शीघ्र बाबा साहब के विचारों का केंद्र बनकर संविधान की मूल भावना के अनुरूप वंचितों को वरीयता देने के क्रम को आगे बढ़ाएगा। इसके अलावा प्रत्येक जनपद में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। पीपीपी मोड पर 10 संत कबीर वस्त्रोद्योग पार्क तथा 2 संत रविदास चर्मोद्योग पार्क स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। यूपी में कृषि विभाग की स्थापना के 150 वर्ष को बीज वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ की लागत से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के सम्मान में एक सीड पार्क की स्थापना का निर्णय लिया जाएगा। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालय स्थापित किये जाएंगे। यहां सब्सिडाइज्ड दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को प्रात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान करने की नई योजना 'रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना' के लिए 400 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। इसी प्रकार 7 जनपदों वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झांसी, आगरा में माता अहिलयाबाई होलकर जी के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण होगा।

# शेरो-शायरी से बांधा समां विपक्ष पर किए तीखे हमले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वित्त** मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में योगी सरकार का नौवां बजट भाषण पढ़ते हुए शेरो शायरी के माध्यम से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया तो वहीं विपक्ष पर तीखे वार भी किये। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले क्या स्थिति थी और विगत 7 वर्ष में योगी सरकार ने जो कार्य किये हैं, उससे स्थिति में कितना बदलाव हुआ है। इसके लिए उन्होंने शेर-ओ-शायरी का भी भरपूर उपयोग किया। वित्त मंत्री के तीखे हमलों से विपक्ष धाराशायी नजर आया।

विगत वर्ष प्रदेश में निवेश पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा...'जिस दिन से चला हूं मेरी मंजिल पर नजर है',आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा।'

इसी तरह, कानून व्यवस्था पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिये सुदृढ़ कानून व्यवस्था का होना पहली शर्त है। जब हमारी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में कार्यभार सम्भाला था उस समय प्रदेश किस प्रकार की विषम कानून व्यवस्था और गुण्डाराज की गिरफ्त में था यह सभी को मालूम है।

'कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें।' 'लहर-लहर तूफान मिले और संग-संग मझधार हमें।' 'फिर भी दिखलाया है हमने और आगे दिखा भी देंगे।' इन हालातों में आता है दरिया करना पार हमें।'

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री बोले, जब वर्ष 2017 में हमने कार्यभार सम्भाला था उस समय प्रदेश में औद्योगिक विकास पूरी तरह से रुका पड़ा था। उद्योग प्रदेश से विस्थापित हो रहे थे। उस समय कोई यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि प्रदेश में उद्योग-धन्धे आयेंगे भी, परन्तु दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और लक्ष्य प्राप्ति के अथक प्रयासों से कुछ भी सम्भव है-'लोग कहते हैं बदलता है जमाना अक्सर','खास वो हैं जो जमाने को बदल देते हैं।'

अवस्थापना सुविधाओं के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार अवस्थापना सुविधाओं का चतुर्दिक विकास और आवागमन की सुविधाओं का द्रुत गति से विस्तार हुआ है, वह वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में रही सरकार के लिये सपने में भी शायद सम्भव नहीं था। परन्तु-'लोग यहां ख्वाब दिखाते हैं अक्सर', 'हर एक ख्वाब को सच कर दिया है योगी ने।'

हमारा मानना है कि...

'तुम सोच रहे हो बस, बादल की उड़ानों तक' 'मेरी तो निगाहें हैं, सूरज के ठिकानों तक।'

## बजट प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थः राज्यपाल



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट-2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ बताया, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। राज्यपाल ने बताया कि बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क, और रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

## बजट में खास

### यूपी में होगा चार नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण, 900 करोड़ रुपए की व्यवस्था

**योगी** सरकार ने बजट 2025-26 में चार नए एक्सप्रेसवेज के निर्माण का निर्णय लिया है। इसके तहत, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली होते हुये सोनभद्र से जोड़ने के लिये विन्ध्य एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। यही नहीं, मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके साथ ही, बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जायेगी। प्रदेश में सेतुओं एवं रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के लिए 1450 करोड़ रूपये, राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के लिए 2900 करोड रुपये, राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण के लिए 3000 करोड़ रुपये तथा निर्माण के लिए 2800 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के ग्रामीण मार्गों एवं पुलियों के अनुरक्षण के लिए 2700 करोड़ रुपये, कृषि विपणन सुविधाओं के लिए ग्रामीण सेतुओं के निर्माण हेतु 1600 करोड़ रुपये, शहर वासियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए शहरों के बाईपास एवं रिंगरोड तथा चौराहों पर फ्लाईओवर आदि के निर्माण में 1200 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### 2025 में फिर 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य

**वर्ष** 2025 में भी 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। वर्तमान में प्रदेश में वृक्षाच्छादन प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.96 प्रतिशत हो गया है। उत्तर प्रदेश वनावरण व वृक्षाच्छादन में वृद्धि के मामले में पूरे देश में द्वितीय स्थान पर रहा है। वर्षाकाल-2025 में भी 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। प्रदेश में वर्ष 2018 में बाघों की संख्या 173 से वर्ष 2022 में बढ़कर 205 हो गयी है।

### धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास योजना के लिए 400 करोड़

**पर्यटन** स्थलों के विकास योजना के लिये 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये 150 करोड़ रुपये, मथुरा में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 125 करोड़ रुपये तथा नैमिषारण्य में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रमुख राज्य/ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यटकों की सुविधा हेतु वे-साईड एमेनिटीज के निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं चित्रकूट क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। धर्मार्थ कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील योगी सरकार ने श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर मथुरा-वृन्दावन कारीडोर के निर्माण हेतु भूमि क्रय के लिये 100 करोड़ रुपये तथा निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान प्रस्तावित किया है।

### प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य

**प्रदेश** के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना हेतु वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2024-2025 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारम्भ की गई है। यह अपने तरह की पहली योजना है जिसमें सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने हेतु युवाओं को गारण्टी मुक्त एवं ब्याज मुफ्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 300 करोड़ खर्च कर प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में करेंगे विकसित

**प्रदेश** में प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक की समेकित शिक्षा के लिये अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराने हेतु नवीन 57 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्वीकृत किये गये हैं। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पीएम योजना के अन्तर्गत चयनित विद्यालयों के बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़े जाने हेतु 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। समग्र शिक्षा योजना के अन्तर्गत समस्त प्राथमिक विद्यालयों को राज्य निधि से स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किये जाने हेतु 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैंग हेतु 350 करोड़ रुपये, निशुल्क यूनीफार्म हेतु 168 करोड़ रुपये तथा परिषदीय विद्यालय एवं सहायता प्राप्त अशासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति हेतु लगभग 38 करोड़ रुपये की व्यवस्था रखी गई है। समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन हेतु 666 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के भवन निर्माण, विस्तार, विद्युतीकरण एवं भूमि भवन क्रय हेतु 479 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ के निर्माण कार्य हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था रखी गई है। राजकीय संस्कृत पाठशालाओं के निर्माण के लिये 13 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने के लिये 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय

### मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिए 1100 करोड़ रुपए का इंतजाम

**जल** जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त 2.67 करोड़ ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान कर शुद्ध एवं सत्त पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त लक्ष्य के सापेक्ष 2.34 करोड़ घरों में क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। गंगा को प्रदूषण से मुक्त बनाये रखने एवं उसमें दूषित जल का उत्प्रवाह रोकने के लिये सीवरेज संबंधी कुल 67 परियोजनाएं स्वीकृत हुई है, जिनकी कुल स्वीकृत लागत 14,823 करोड़ रुपये है। वर्तमान तक 39 परियोजनाएं पूर्ण कर संचालित की जा रही हैं तथा शेष परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिये सामुदायिक अंशदान हेतु 4500 करोड़ रुपये तथा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत अनुरक्षण एवं संचालन हेतु करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिये 1100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।

### छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए 2000 करोड़ रुपए

**प्रदेश** में लगभग 12,50,000 गो-वंश कुल 7713 गोआश्रय स्थलों में संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना तथा पोषण मिशन के अन्तर्गत 1.05,000 पशुपालकों को 1,63,000 गो-वंश सुपुर्द किये गये हैं। पालतू, संरक्षित एवं छुट्टा गो-वंश की पहचान हेतु टैगिंग कराये जाने की योजना पर कार्य किया जायेगा। छुट्टा गोवंश के रख-रखाव हेतु 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान कराया जा रहा है। वृहद गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिये 140 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। पशु चिकित्सालयों/पशु सेवा केन्द्रों के सुदृढीकरण हेतु 123 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला देश है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक दुग्ध उत्पादनकर्ता राज्य है। दुग्ध व्यवसाय ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है, जो ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्बल, भूमिहीन मजदूर, बेरोजगारों हेतु अतिरिक्त आय का लाभप्रद साधन है।

### वृद्धजनों की पेंशन के लिए 8105 करोड़ रुपए की व्यवस्था

**सरकार** ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों और किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दे रही है। इस योजना के लिए बजट में 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के लाखों वृद्धजनों और किसानों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता देने के लिए 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' को और मजबूती दी गई है, जिसके लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।अनुसूचित जाति के निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु 100 करोड़ रुपये और सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों की पुत्रियों के विवाह अनुदान योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### पिछड़े वर्गों के विकास को दी गई प्राथमिकता

**बजट** में पिछड़े वर्गों के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पिछड़े वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाने हेतु 35 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के लिए 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

### प्रदेश में खेल बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर

**प्रदेश** में खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बजट में प्रदेश स्तर पर मेरठ में एक खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है, जिसके लिये कुल 223 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। जनपद वाराणसी में पीपीपी मॉडल पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण तथा खेलो इण्डिया के अन्तर्गत वाराणसी के सिगरा स्टेडियम का व्यापक विकास कराया जा रहा है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं, करुणा पाण्डेय दीक्षित (के.पी. दीक्षित) निवासी मकान नं. 761, ए-20, प्लॉट नं. 3/2 शिव पुरी हरजेन्दर नगर, कानपुर 208007 ने सभी भविष्य के प्रयोजनों के लिए अपना नाम बदलकर करुणा दीक्षित रख लिया है।

## आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति सरकारी नीयत-नीति का अभावः मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने यूपी के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। ऐसे सही विकास कैसे संभव है?

## नौवें बजट में भी पहले की तरह ही कोई विजन नहींः अखिलेश यादव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के नौवे बजट में भी पहले के बजटों की तरह कोई विजन नहीं है। बजट में कोई रोड मैप नहीं है कि उत्तर प्रदेश को किस दिशा में ले जाना है। इस बजट का भाजपा के घोषणा पत्र से भी कोई तालमेल नहीं है। बजट में कोई स्पष्टता नहीं है कि किसानों, नौजवानों के लिए क्या करना है। यादव ने कहा कि यह बजट नहीं बड़ा ढोल है। आवाज तो बहुत है पर अंदर से खाली है। यह बजट खोखला है। इसकी झोली खाली है। यादव ने कहा कि बजट देखकर किसानों की उम्मीद का खेत सूख गया है।

## झूठे आकड़ों और फर्जी दावों से भरा है बजटः अजय राय



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे अदम गोंडवी द्वारा कही गई निम्न दो पंक्तियों में समेट दिया गया। उन्होंने कहा कि 'तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, 'मगर ये आकड़े झूठे हैं, यह दावा किताबी है'। राय ने कहा कि साल दर साल योगी सरकार का बजट एक रस्म अदायेगी के सिवाए और कुछ नहीं रह गया है। झूठी बातें, झूठे वादे, झूठे आकड़े और झूठे सपनों को कागज के कुछ पन्नों में बिखेर कर प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की आंखों में धोख झोंकने का काम योगी सरकार कर रही है।

## 'प्रदेश की जनता को खुशहाली की ओर ले जाने वाला बजट है'



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किये गये वर्ष 2025-26 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश का बजट प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप है। इस बजट से प्रदेश का समग्र, सर्वांगीण व चहुंमुखी विकास होगा ।महिलाओं नौजवानों, बुजुर्गों, किसानों और सर्व समाज के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उत्तर प्रदेश का बजट बनाया गया है। शिक्षा, चिकित्सा, किसानों, महिलाओं व युवाओं पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। यह बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नए स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा।

# कभी बीमारू कहे जाने वाले यूपी को योगी सरकार ने बनाया देश का उत्तम प्रदेश

- वैश्विक बीमारी कोरोना का योगी सरकार ने किया कुशलता पूर्वक सामना, विश्व स्तर पर हुई प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई प्रभावी कदम उठाये हैं। इसी का नतीजा है कि वर्ष 2017 से पहले बीमारू प्रदेश कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश आज स्वास्थ्य सेवाओं में उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों और नित नये कीर्तिमान के बारे में अवगत कराया।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आठ वर्ष पहले प्रत्येक वर्ष प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संक्रमक रोगों से बड़े पैमाने पर मौतें हुआ करती थीं। उस दौरान प्रदेश में रोगों की पहचान, रोकथाम और इलाज की व्यवस्थाएं जनमामान्य को उपलबध नहीं थीं। वहीं योगी सरकार ने कोविड वैश्विक बीमारी के दौरान प्रदेश में जिस कुशलता के साथ इस विभीषिका का सामना किया गया उसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर की गई। आज प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का प्रसार जिस प्रकार हुआ है और लगातार हो रहा है वह अदभुत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 44 राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं एवं 36 निजी क्षेत्र में हैं। प्रदेश में 2 एम्स एवं आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ संचालित हैं। वर्ष 2024-2025 में 13 स्वाशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं पीपीपी मोड पर 3 जनपदों-महाराजगंज, सम्भल तथा शामली में नवीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किये गये हैं। वर्तमान में प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें तथा पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-2026 में यूजी, पीजी हेतु कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इस हेतु लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी की कुल सीटों की संख्या 120 थीं। शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में सीटों की संख्या को बढ़ाकर 250 किया गया।

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 123
लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की : शाह

# दिल्ली ने खींची भविष्य की नई रेखा, मुख्यमंत्री ने ली शपथ

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा विधायक बनीं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रीय राजधानी की 9वीं मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में, ईश्वर के नाम पर शपथ ली। गुप्ता के बाद आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, भाजपा का पंजाबी चेहरा आशीष सूद, पार्टी का सिख चेहरा मनजिंदर सिंह सिरसा, कट्टर हिन्दू की छवि वाले कपिल मिश्रा, अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले रविंद्र इंद्राज और पूर्वांचली चेहरा पंकज कुमार सिंह ने नई मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। सिरसा को छोड़कर अन्य सभी मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने पंजाबी भाषा में शपथली। नए मंत्रिमंडल में सभी समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई। समारोह के मद्देनजर रामलीला मैदान को फूल-मालाओं से सजाया गया था और बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री मोदी के पोस्टर लगाए गए थे। इस मौके पर वहां विभिन्नल राज्यों से आए लोगों को ढोल की थाप पर झूमते-नाचते रहे। लोगों के हाथ में भाजपा के झंडे भी थे और वे जय श्री राम और मोदी, मोदी के नारे लगा रहे थे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इनके अलावा चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार और पवन कल्याण, गोवा के प्रमोद सावंत, हरियाणा के नायब सिंह सैनी और मेघालय के (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह तथा उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ग्रहण समारोह के बाद। फोटो: रंजन डिमरी

## विजेंद्र गुप्ता नई विधान सभा के अध्यक्ष नामित

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा, नगर निगम में पार्टी के लिए सफलतापूर्वक किला संभालने वाले अनुभवी, मिलनसार, राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में किसी भी विवाद से मुक्त विजेंद्र गुप्ता को बृहस्पतिवार को नई विधानसभा का अध्यक्ष नामित किया गया।



विजेंद्र गुप्ता अब उसी कुर्सी से अध्यक्षता करेंगे जहां उन्हें कई मौकों पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्रित्व काल में विधानसभा की कार्यवाही से बाहर होना पड़ा था। विजेंद्र ने 2015 और 2020 में रोहिणी निर्वाचन क्षेत्र से उस समय जीत हासिल की, जब केजरीवाल की लहर दिल्ली विधानसभा चुनावों में चल रही थी। यह संयोग है कि केजरीवाल और तत्कालीन अध्यक्ष राम निवास गोयल अब नई विधानसभा के सदस्य नहीं हैं।

विजेंद्र को जैसे ही अध्यक्ष नामित किया गया, वैसे ही उन्हें दिल्ली विधानसभा से मार्शल या घसीट कर बाहर निकाले जाने के नाटकीय दृश्य वायरल हो गए। वह पहले विपक्ष के नेता भी थे। दस साल पहले, पार्टी के एक सहयोगी ओपी शर्मा द्वारा तत्कालीन आप विधायक अलका लांबा के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने पर काफी रोष के बीच उन्हें दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया था। विधानसभा के अंदर से ली गई तस्वीरों में सफेद कुर्ता-पायजामा पहने विजेंद्र गुप्ता को आधा दर्जन मार्शलों ने उठाया और घुमाया।

लेकिन भाजपा नेता ने फर्नीचर को कसकर पकड़ रखा था, बाहर निकलने तक लड़ते रहे और प्रतिरोध करते रहे। विजेंद्र की वापसी से आप के लिए (शेष पेज 9)

## दिल्ली को आयुष्मान मिला, कैग रिपोर्ट को पेश करने को मंजूरी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**प्रमुख** घोषणाओं की उम्मीदों के बीच, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में नवगठित दिल्ली मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को अपनी पहली कैबिनेट बैठक में पांच लाख रुपये के टॉप-अप के साथ आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन को बहाल करने और विधानसभा की पहली बैठक में 14 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्टों को पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने वित्तीय सहायता योजना पर भी चर्चा की, जिसके तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रदान किए जाएंगे, जिसका उद्देश्य उनके कल्याण और सशक्तिकरण में सहायता करना है।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा, कैबिनेट बैठक में हमने दो बड़े फैसले लिए। आयुष्मान भारत योजना, जिसका क्रियान्वयन पिछली सरकार ने रोक रखा था, उसे दिल्ली में भी लागू किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार पांच लाख रुपये देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के लिए इस योजना की घोषणा की थी, लेकिन आप की वजह से दिल्ली को इसका लाभ नहीं मिल पाया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद इसे जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, 14 सीएजी रिपोर्ट लंबित हैं, जिन्हें पिछली सरकार ने पेश नहीं किया था। उन्हें विधानसभा के पहले सत्र के दौरान पेश किया जाएगा। ये निर्णय आज लिए गए। हम अपनी अन्य प्रतिबद्धताओं पर काम करेंगे, उनमें से प्रत्येक को आकार देंगे और जल्द ही उन्हें आपके सामने पेश करेंगे। 2017-18 से 2021-22 के लिए दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर निष्पादन लेखापरीक्षा, 2023 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन और 2018-19 से 2020-21 के लिए देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों पर निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट 14 लंबित सीएजी रिपोर्टों में शामिल हैं।

चिकित्सा बीमा के लिए आयुष्मान भारत योजना का कार्यान्वयन आप और भाजपा के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बन गया था। भाजपा सांसदों ने भी दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मांग की थी कि यह योजना राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को भी उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पिछली आप सरकार ने दिल्ली में केंद्र की आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन का विरोध करते हुए कहा था कि यह पहले से मौजूद स्वास्थ्य सेवा (शेष पेज 9)



इंफाल में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद। फाइल फोटो: पीटीआई

## मणिपुर में लूटे गए हथियारों को सात दिन में लौटाएं : राज्यपाल

**पीटीआई।** इंफाल

**मणिपुर** के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त राज्य के लोगों से लूटे गए और अवैध रूप से हासिल किए गए हथियारों को सात दिनों के भीतर स्वेच्छा से लौटाने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस अवधि में हथियार लौटाने वाले लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

भल्ला ने स्पष्ट किया कि सात दिन की अवधि समाप्त होने के बाद ऐसे हथियार रखने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, मणिपुर में घाटी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों के लोगों को शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण पिछले 20 महीनों से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता समाप्त करने और समाज में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि लोग अपनी सामान्य दिनचर्या पर लौट सकें। उन्होंने कहा, इस बाबत मैं सभी समुदायों के लोगों, खासकर घाटी और पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं से ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि वे स्वेच्छा से आगे आएं और लूटे गए एवं अवैध रूप से हासिल किए गए (शेष पेज 9)

## मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान करेगी सरकार

● **महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बजट** में योगी सरकार ने महिला व श्रमिक कल्याण के लिए विशेष प्रविधान किए हैं। इस बजट में महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। कई महत्वपूर्ण मौकों पर बजट के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने इसका ऐलान किया है।

योगी सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये जाने की नई योजना की घोषणा की है। रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत कालेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किये जाने हेतु 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते समय इसका ऐलान किया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने हेतु बी.सी.सखी योजना के अन्तर्गत 39, 556 बी. सी. सखी द्वारा कार्य करते हुये 31, 103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड रुपये का लाभांश अर्जित किया गया।



लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अब तक लगभग 1.86 करोड लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये जा चुके हैं। योगी सरकार द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 02 निशुल्क सिलिण्डर वितरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कम्पनियों के गठन हेतु महिला सामर्थ्य योजना संचालित है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सह शिक्षा की व्यवस्था के साथ-साथ बालिका छात्रावास का निर्माण, बालिकाओं का सशक्तिकरण, मीना मंच, आत्म रक्षा प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के 12 जनपदों में संचालित है, जिनमें प्रत्येक विद्यालय में 100-100 बालक एवं (शेष पेज 9)

## विवादों के बीच केंद्र सरकार ने ओटीटी मंचों की कसी लगाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर अश्लील चुटकुलों को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र ने ओटीटी मंचों को कानून द्वारा निषिद्ध सामग्री प्रसारित करने से परहेज करने को कहा है। ओटीटी(ओवर-द-टॉप) मंचों और स्व-नियामक संस्थाओं को जारी एक परामर्श में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है, जिसमें सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है।

मंत्रालय ने ओटीटी मंचों के स्व-नियामक संस्थाओं को आचार संहिता के उल्लंघन पर सक्रियता से उपयुक्त कार्वाई करने को भी कहा। मंत्रालय ने कहा कि उसे कुछ ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों द्वारा अश्लील सामग्री का कथित तौर पर प्रसार किए जाने के बारे में सांसदों और वैधानिक संगठनों से शिकायतें मिली हैं। साथ ही, जन शिकायतें भी मिली हैं। परामर्श में कहा गया है, इन बातों के मद्देनजर यह सलाह दी जाती है कि ओटीटी मंच सामग्री प्रसारित करते समय, कानूनों के विभिन्न प्रावधानों



और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करें, जिसमें आचार संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है।

इसमें कहा गया है कि आचार संहिता में अन्य बातों के साथ-साथ ओटीटी मंच से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कानून द्वारा निषिद्ध किसी भी सामग्री को प्रसारित न करें। साथ ही, नियमों की अनुसूची में दिए गए सामान्य दिशानिर्देशों के आधार पर सामग्री का आयु-आधारित वर्गीकरण करें तथा उचित सावधानी एवं विवेक का प्रयोग भी करें। यह परामर्श उच्चतम न्यायालय द्वारा सोशल मीडिया मंच पर सामग्री का विनियमन करने के सुझाव के मद्देनजर जारी किया गया है। शीर्ष अदालत ने यूट्यूब जैसे मंच पर सामग्री साझा करने के मामले में कानून में प्रावधान के अभाव को रेखांकित किया था।

## न्यायाधीश के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने के लोकपाल के आदेश पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने संबंधी लोकपाल के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगाते हुए इसे अत्यधिक परेशान करने वाला और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला आदेश करार दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अगुवाई वाली विशेष पीठ ने नोटिस जारी कर केंद्र, लोकपाल रजिस्ट्रार और उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति से जवाब मांगा है। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय (शेष पेज 9)

## वंशावली पोथियों का डिजिटलीकरण करने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**डिजिटल** इंडिया अभियान में एक और कदम जोड़ते हुए सरकार ने भारत के विभिन्न तीर्थस्थलों पर वंशावली पुरोहितों के पास मौजूद सदियों पुराने बहु-पीढ़ी के वंशावली अभिलेखों, जिन्हें आमतौर पर 'पोथी' के नाम से जाना जाता है, को डिजिटल बनाने का एक अनूठा तरीका तैयार किया है।

उदाहरण के लिए, अगली बार जब कोई तीर्थयात्री वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर जाएगा, तो वह अपनी उंगली या माउस के क्लिक से अपने पूर्वजों या परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर में की गई पिछली यात्रा का रिकॉर्ड देख सकता है। इसके लिए, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने बहु-पीढ़ी वंशावली अभिलेखों को डिजिटल बनाने के लिए एक परियोजना की परिकल्पना की है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक भण्डारों का उपयोग करना तथा उन्हें सांस्कृतिक विरासत के रूप में संरक्षित करना है।

एनएआई के महानिदेशक (डीजी) अरुण सिंघल ने यहां अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार परिषद (एसडब्ल्यूएआरबीआईसीए) की दक्षिण और पश्चिम एशियाई क्षेत्रीय शाखा की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में कहा, 'एनआईए ने इन पुजारियों से संपर्क किया है और परियोजना मध्य प्रदेश के उज्जैन से शुरू होगी।' भारत लंबे समय के बाद SWARBICA की बैठक की मेजबानी कर रहा है, वर्तमान में वह पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार परिषद के इस क्षेत्रीय निकाय के कोषाध्यक्ष के पद पर है। अपने संबोधन में सिंघल ने एनएआई के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम से संबंधित कुछ



विवरण और आंकड़े भी साझा किए, जिसके तहत पिछले साल शुरू हुई परियोजना के तहत दो वर्षों की अवधि में 300 मिलियन पृष्ठों का डिजिटलीकरण किया जाना है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) के महानिदेशक ने कहा, परियोजना शुरू करने से पहले हमारा पोर्टल अभिलेख पटल लगभग 10 मिलियन पृष्ठ प्रदर्शित कर रहा था। पिछले 7-8 महीनों में यह संख्या 10 मिलियन से बढ़कर 84 मिलियन पृष्ठ हो गई है।

हर दिन हम लगभग 400,000 पृष्ठों को स्कैन कर रहे हैं। यह प्रक्रिया अच्छी तरह से चल रही है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हम शीघ्र ही 100 मिलियन पृष्ठ पूरे कर लेंगे, संभवतः अप्रैल के अंत तक। सिंघल ने कहा कि इस परियोजना के दौरान यह पाया गया कि पिछले 50-60 वर्षों में कई दस्तावेज 'अछूते' पड़े थे और किसी ने उन पर ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा, हमने महसूस किया कि इनकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है और संरक्षण भी आवश्यक है। इसलिए हमें अपने संरक्षण प्रयासों को भी तेज करना पड़ा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ये पोथियां संभवतः किसी बक्सों में बंद होकर बेकार हो जाएंगी। सिंघल ने कहा, इसलिए हमने कहा कि हम इस सारी जानकारी को डिजिटल बनाने का प्रयास करेंगे। हमने इन पुजारियों से संपर्क किया।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उज्जैन के पुजारी इस पर सहमत हो गए हैं। इसलिए हम उज्जैन से इसकी शुरुआत करेंगे और उनके रिकॉर्ड को डिजिटल बनाएंगे। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत में 25 से अधिक स्थान हैं जहां ऐसे रिकार्ड मौजूद हैं। एनएआई महानिदेशक ने कहा, यदि हम इन सभी का डिजिटलीकरण कर सकें, इन अभिलेखों में निहित जानकारी को एकत्रित और तुलना कर सकें, तो यह एक बहुत ही मूल्यवान डाटाबेस बन सकता है। भारत और विदेश से (शेष पेज 9)

# 46 लाख गन्ना किसानों को किया गया 2.73000 करोड़ रुपये का रिकार्ड भुगतान

● तीन करोड़ कृषकों को 79,500 करोड़ रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बजट** में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अन्नदाता किसानों के उत्थान को लेकर योगी सरकार के प्रयासों को बताया। वहीं किसानों के लिए प्रस्तावित योजना और आवंटित धनराशि के बारे में भी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लगभग 3 करोड़ कृषकों को लगभग 79,500 करोड़ रुपये की धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की गयी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में लगभग 10 लाख बीमित कृषकों को लगभग 496 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान कराया गया। पी.एम. कुसुम योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 में कृषकों के प्रक्षेत्रों पर विभिन्न क्षमता के कुल 22,089 सोलर पम्पों की स्थापना करायी गयी। कृषकों को दुर्घटनावश मृत्यु दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना दिनांक 14 सितम्बर, 2019 से लागू की गई है। कृषकों को गन्ना मूल्य भुगतान समय से सुनिश्चित कराने हेतु वर्ष 2017 से एस्क्रो एकाउन्ट मैकेनिज्म प्रारम्भ किया गया है जिसके फलस्वरूप चीनी मिलों में गन्ना मूल्य मद की धनराशि के व्यावर्तन पर पूर्ण अंकुश लगा है। वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2017 से अब तक लगभग 46 लाख गन्ना किसानों को लगभग 2.73,000 करोड़ रूपये का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया। यह गन्ना मूल्य भुगतान इसके पूर्व के 22 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य से 59,143 करोड़ रूपये अधिक है। औसत गन्ना उत्पादकता 72 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 85 टन प्रति हेक्टेयर बढ़ जाने से किसानों की आय में औसतन 370 रूपये प्रति कुन्तल की दर से 43,364 रूपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई। पीएम. कुसुम योजना के अन्तर्गत कृक्षकों के प्रक्षेत्रों पर सोलर पम्पों की स्थापना करायी जा रही है, इसके लिए 509 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कृषि क्षेत्र की क्षमता एवं कौशल विकास तथा उत्पादन वृद्धि की योजना के लिये 200 करोड़ रुपये एवं विश्व बैंक सहायतित यू.पी. एग्रीज परियोजना के लिये 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# बुन्देलखण्ड के पिछड़ेपन को कम करने के लिए 425 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने बजट में बुंदेलखंड के लिए अलग से कई घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना हेतु लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। कोल इण्डिया लिमिटेड के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में जनपद जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना प्रस्तावित है। परियोजना की लागत 2500 करोड़ रुपये अनुमानित है। परियोजना हेतु 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से तहसील गरौठा जनपद झाँसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये है। परियोजना हेतु 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

ललितपुर स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित जनपदों के विषमताओं एवं पिछड़ेपन को कम करने के उद्देश्य से 425 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। चित्रकूट क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। झांसी में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है।

# यूपी पुलिस के बजट में 24 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार की ओर से गुरुवार को पेश किए गए बजट में जहां वर्ष 2017 के मुकाबले इस वर्ष के पुलिस बजट में 171 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है, वहीं पिछले वर्ष के तुलना में पुलिस बजट में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । यह वृद्धि पुलिसबल को प्रोत्साहित करने वाला और मनोबल को बढ़ाने वाला बजट है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि इस बजट में पुलिस के 200 से ज्यादा बहुमंजिले आवास और कार्यालयों के लिफ्ट, जनरेटर, एसटीपी डब्लूटीपी के रख रखाव के लिए, प्रतिवर्ष 200 करोड़ के कार्पस फण्ड की स्थापना हेतु लिया गया निर्णय पूरे भारत के लिए नवीन और अनुकरणीय प्रयोग है, जो मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता को प्रदर्शित करता है।

नयी भर्तियों को देखते हुए स्थापना मद में 2017 के मुकाबले 55 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है, साथ ही साथ यात्रा भत्ता में 255 प्रतिशत की वृद्धि और 1,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो पुलिस कर्मियों को राहत प्रदान करेगा।

# आठ साल में 221 अपराधियों को मुठभेड़ में किया ढेर, 31 को आजीवन कारावास

**लखनऊ।** 'कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें, लहर-लहर तूफान मिले और संग-संग मझधार हमें, फिर भी दिखलाया है हमने और आगे दिखा भी देंगे, इन हालातों में आता है दरिया करना पार हमें।' इन पंक्तियों के माध्यम से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था को योगी सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कार्रवाई का उल्लेख किया, जिसे आज देश ही नहीं विदेशों में सराहना मिल रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक प्रदेश के चिन्हित 68 माफिया अपराधियों के विचाराधीन अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर 73 अभियोगों में 31 माफिया अपराधियों को आजीवन कारावास/कारावास व अर्थदण्ड की सजा से दण्डित कराया गया है, जिसमें 2 को फांसी की सजा हुई है। इसी तरह महिलाओं एवं नाबालिगों के खिलाफ हुए अपराधों में 27,425 अभियोगों, पॉस्को अधिनियम के 11,254 अभियोगों एवं दहेज हत्या की 3,775 अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलायी गयी। वहीं साइबर अपराध में प्रयुक्त 13,83,232 मोबाइल नम्बर ब्लॉक कराये गये। इस कार्यवाही में उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा वर्ष 2017 से दिनांक 31.12.2024 तक कुल पंजीकृत 77,210 अभियोगों के सापेक्ष में 66,475 अभियोगों का निस्तारण कर 43,202 अभियुक्तगणों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 320.89 करोड़ की धनराशि बरामद की गयी। अपराधों पर अंकुश लगाये जाने की प्रभावी कार्यवाही के तहत 20 मार्च 2017 से 23 जनवरी 2025 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के दुर्दान्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान कुल 221 अपराधी मुठभेड़ में मारे गये एवं 8022 घायल हुये। वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र 4 विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित थीं। वहीं वर्ष 2017 के पश्चात 8 नये जनपद मण्डल में विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना की गयी। इसके अलावा अयोध्या, बस्ती, बांदा, आजमगढ़, मीरजापुर एवं सहारनपुर में 6 नयी विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना का कार्य प्रचलित है। प्रदेश की 74 कारागारों एवं जनपद न्यायालयों में संचालित वीडियो कान्फेन्सिंग इकाईयों से बन्दियों की रिमाण्ड की कार्यवाही हो रही है। कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 4800 सीसीटीवी कैमरे स्थापित है, जिनकी फीड प्राप्त किये जाने हेतु मुख्यालय में वीडियो वॉल स्थापित है। इतना ही नहीं 24 कारागारों में 3 जी क्षमता के 271 मोबाइल फोन जैमर स्थापित किये गये हैं।

# यूपी की आर्थिक वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिकः डॉ. राजेश्वर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बजट 2025-26 की सराहना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला स्पष्ट रोडमैप बताया है। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि यह बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट होने के साथ तकनीकी पैरामीटर्स पर भी आदर्श बजट है। राजकोषीय घाटा 2.97 फीसद है जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एफआरबीएम एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है। वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित फिस्कल हेल्थ इण्डेक्स में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर (अग्रणी) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 11.6 फीसद की दर से बढ़ रही है, जो राष्ट्रीय औसत (9.6 फीसद) से अधिक है। कोविड मंदी के बावजूद 2016-17 में प्रतिवर्ष आय 52,671 से वर्ष 2023-24 में बढ़कर 93,514 रूपये हुई है। विधायक ने जोड़ा इस बजट का 22 फीसद हिस्सा आधारभूत संरचना, 13 फीसद शिक्षा और कौशल विकास, 11 फीसद कृषि और 6फीसद स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाएगा, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। यह बजट प्रदेश के संतुलित आर्थिक विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल परिवर्तन, शिक्षा, औद्योगिक निवेश, कृषि, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह बजट केवल व्यय का विवरण नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक ताकत को दर्शाने वाला एक दूरदर्शी दस्तावेज़ है।

# एलडीए में हुआ जनता अदालत का आयोजन 25 प्रकरणों में से 6 का मौके पर निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** में प्राधिकरण दिवस व जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान नामांतरण, रजिस्ट्री, फ्री.होल्ड व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष मामलों में प्राधिकरण के सचिव द्वारा समय.सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

गुरूवार को अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में प्राधिकरण दिवस व जनता अदालत का आयोजन किया गया। जनता अदालत में पहुंचे गोमती नगर के विशाल खण्ड निवासी आरपी वार्ष्णेय ने प्रार्थना पत्र दिया कि भूखण्ड संख्या.1/690 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से झुग्गी बनाकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इससे अराजकता की स्थिति बनी रहती है और अब इन लोगों ने फुटपाथ और सड़क पर भी अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सचिव ने सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर स्थल निरीक्षण करके नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा मोहम्मद कयामुद्दीन ने प्रार्थना पत्र दिया कि बीकेटी के ग्राम.रजौली में भूमि खसरा संख्या.657 व 658 पर निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए आरएसएस ग्रीन सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कृषि भूमि है और विकास कार्य करने के लिए प्राधिकरण से ले.आउट भी स्वीकृत नहीं कराया गया है। इस पर प्रवर्तन के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करके अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। वहींए खदरा के शिव नगर निवासी अजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि टावर वाली गली में सुरेश कुमार द्वारा 2400 वर्गफि ट क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गयी है। इस मौके पर संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, विशेष कार्याधिकारी शशिभूषण पाठक, वंदना पाण्डेय, रंजना अवस्थी, देवांश त्रिवेदी एवं रवि नंदन सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने इसे प्रदेश के समग्र विकास का एक मजबूत रोडमैप करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट 'विकसित भारत' के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह बजट 'नए उत्तर प्रदेश' के नवीन सपनों तथा गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूर दृष्टि सोच के अनुरूप वाला बजट है।

# 8 माह की गर्भवती महिला की पीजीआई के विशेषज्ञों ने की जटिल ब्रेन सर्जरी

● सर्जरी के बाद जच्चा व बच्चा सही सलामत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक** 8 माह की गर्भवती महिला पीजीआई के विशेषज्ञों ने जटिल ब्रेन सर्जरी करने में सफलता हासिल की है। महिला को चलने फिरने तथा देखने में असमर्थता हो रही थी, जिससे वह गर्भ में पल रहे शिशु का ध्यान नहीं रख पा रही थी। सर्जरी के बाद जच्चा व बच्चा दोनो सुरक्षित हैं।

महिला के परिजन उसे बहुत ही खराब स्थिति में संस्थान के न्यूरोसर्जरी विभाग मे उपचार हेतु पहुँचे थे। महिला के ब्रेन में एक जटिल स्थान पर एक बड़े ट्यूमर का वजह से उनकी यह स्थिति बनी हुयी थी। न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा भर्ती कर न्यूरोसर्जन प्रो.अरूण कुमार श्रीवास्तव व डॉ. शुभम ने उनका सफल ऑपरेशन किया। डाक्टर अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि यह ट्यूमर दिमाग की आँखों को चलाने वाली नसों को एवं दिमाग की विशेष धमनियों को जकड़े हुए था, जिसे ऑपरेशन करके पूर्ण रूप से निकाल दिया गया। यह ऑपरेशन न्यूरोएनस्थीसिया की कुशल देखरेख में सम्भव हो सका है। प्रो. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. नेहा, डा. सुमित व डाक्टर रूद्राशीष की टीम ने जच्चा-बच्चा की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। इस तरह का ऑपरेशन गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यन्त खतरनाक होता है। डॉ. अनुप्रिया एवं मैटरनल व रीप्रोडॅक्टिव हैल्थ की टीम ने ऑपरेशन की टीम का सहयोग किया। ऑपरेशन में नर्सिंग स्टाफ वन्दना एवं रामअवतार ने अपने अनुभव से सहयोग दिया। बता दें कि एसजीपीजीआई के न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा पूर्व में इस तरह की करीब 12 ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर अब सोमवार को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता। लखनऊ

**दुराचार** के मामले में निरुद्ध कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में समय की कमी के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ के समक्ष अब इस याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई होगी। पीठ ने राज्य सरकार व पीड़िता के वकील से कहा है कि इस दौरान यदि उन्हें लिखित आपत्ति देनी हो तो दाखिल कर दें। बीते 29 जनवरी को हाईकोर्ट ने इनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। लिहाजा उन्हें जेल जाना पड़ा। इनके विरुद्ध सीतापुर के कोतवाली नगर में दुष्कर्म करने, धमकाने व सदोष परिरोध करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने शादी का झांसा व राजनीतिक करियर में मदद का लालच देकर चार वर्ष तक शारीरिक शोषण किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग से सुधरेगी शहर की तस्वीर

● सभी बाजारों में दिन में दो बार झाड़ू और सफाई कराने के दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** को देश में नंबर वन की रैंकिंग दिलाने के लिए महापौर द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया। महापौर द्वारा शहर में कहीं भी खुले में कूड़ा नहीं दिखना चाहिए। सभी पड़ाव घर जल्द से जल्द तैयार करें। महापौर द्वारा शहर के सभी कमर्शियल एरिया की सफाई दिन में दो बार करने के भी आदेश दिए गए हैं। यही नहीं महापौर द्वारा रैंकिंग गिरने पर अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में लखनऊ की रैंकिंग को सुधारने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम के सभागार में बुधवार को बैठक ली। इस बैठक में महापौर ने कई सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने साफ कहा कि इस अगर इस बार लखनऊ की रैंकिंग स्वच्छ सर्वेक्षण में गिरी तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। महापौर ने कहा कि शहर की स्वच्छता ही हमारा काम है और अगर ये सही से नहीं हो रहा है तो इसको लेकर कार्रवाई अब शुरू की जा चुकी है। अगर इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग नहीं आई तो अपर नगर आयुक्त से लेकर जोनल अधिकार्री और सभी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि शहर में कहीं भी खुले में कूड़ा नहीं दिखना चाहिए। सभी पड़ाव घर जल्द से जल्द तैयार करें। महापौर ने समस्त अपर नगर आयुक्त और जोनल अधिकारियों को कड़ाई से आदेश दिया है कि वो अपने.अपने जोन में सुबह 6 बजे से निरीक्षण करेंगे। ये निरीक्षण वो सुबह 9 बजे तक करेंगे। ऐसे में किसी भी जोन में गंदगी व कूड़ा पाए जाने पर तुरंत उसपर कार्रवाई करवाने की जिम्मेदारी उस जोन के अधिकारी की है। महापौर ने पूरे शहर के सभी कमर्शियल एरिया की सफाई दिन में दो बार करने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में 30 से अधिक बाजार हैं ऐसे में सभी जगह पर दिन में दो बार झाड़ू लगेगी। एक बार दिन में और एक बार रात में सफाई कराई जाएगी। इसको लेकर सभीजेडएसओ और एसएफआई को आदेश दिए हैं।

# लोहिया विधि संस्थान ने कानूनी तकनीक में पहला पेटेंट प्राप्त कर रचा इतिहास



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने कानूनी तकनीक के क्षेत्र में अपनी पहली बार पेटेंट प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ऑटोमेटेड प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स डिवाइस फॉर लीगल केस आउटकम असेसमेंट नामक यह अभिनव तकनीकी उपकरण डॉ. शशांक शेखर (संकाय, डॉ. आरएमएलएनएलयू), डॉ. आलोक कुमार यादव और डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी (संकाय, विधि विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय) द्वारा विकसित किया गया है। यह डिज़ाइन डिज़ाइन संख्या 395490-001, वर्ग 14-02 के अंतर्गत पंजीकृत है और इसे डिज़ाइन अधिनियम, 2000 तथा डिज़ाइन नियम, 2001 के तहत आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है। यह डॉ. आरएमएलएनएलयू और लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा प्राप्त किया गया पहला पेटेंट है, जो कानूनी अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

## कानूनी क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का नया युग

**ऑटोमेटेड** प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स डिवाइस फॉर लीगल केस आउटकम असेसमेंट न्यायिक प्रक्रियाओं को और अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह तकनीक डेटा-आधारित निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करके न्यायिक प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# क्षेत्रीय कावा 91 बटालियन दुत कार्य बल ने निकाला प्लास्टिक जागरूकता रैली



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्षेत्रीय** कावा 91 बटालियन दुत कार्य बल लखनऊ के तत्वाधान में गुरुवार को प्लास्टिक जागरूकता रैली एवं सत्र का आयोजन किया गया। कार्यकम का उद्घघाटन क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा निरूपमा ओझा के द्वारा किया गया। इस पहल में पर्यावरणविद पवन जैन द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव पर सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान दिया गया। उन्होने प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। रैली में बल के कार्मिक एवं उनके परिवारों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा ने SAY NO TO PLASTIC अभियान को प्रोत्साहित करते हुए सभी को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया।

# महाकुंभ 2025ः एलयू के योग विभाग ने किया जल योग कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के द्वारा महाकुंभ 2025 प्रयागराज में गुरुवार को जल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संकाय के कोआर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि जल में योगाभ्यास करने से डिप्रेशन और उच्च रक्तचाप में विशेष लाभ प्राप्त होता है,जल योग करने से शरीर तरोताजा हो जाता है। शरीर में लचीलापन आता है,जल योग करने से दिमाग की क्रिया शक्ति सक्रिय हो जाती है। पानी में वृक्षासन करने से मांसपेशियों में खिंचाव होता है,वजन कम होने लगता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। जल में ताड़ासन करने के अभ्यास से चिड़चिड़ापन में आराम मिलता है,शरीर में अधिक एसिड बनने से रोकता है,पानी में गरुड़ासन करने से एकाग्रता बढ़ती है। वही प्राणायाम करने से मन और रक्त की शुद्धि होती है। जल में अनुलोम विलोम के अभ्यास से दोगुना लाभ प्राप्त होते हैं। इससे शरीर एनर्जी से भर जाता है इसके साथ ही शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह तेजी से बढ़ने लगता है,रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जल में भ्रामरी प्राणायाम के अभ्यास से मनुष्य की चेतना का स्तर बढ़ता है। भ्रात्रिका प्राणायाम करने से पाचन तंत्र में विशेष लाभ प्राप्त होता है,वही ध्यान से आंतरिक शांति और संतुलन की भावना उत्पन्न होती है,ध्यान से नींद बेहतर होती है तथा निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होती। डॉ. यादव ने यह भी बताया कि कुंभ दर्शन से भाव परिवर्तन होता है और भारतीय मनीषियो द्वारा प्रतिपादित नियमों के पालन से जीवन में आध्यात्मिकता का विकास होता है। योग विभाग की छात्रा रोमा हेमवानी जो कि जल योग की विश्व रिकॉर्ड धारी है इनके द्वारा जलयोग का प्रदर्शन किया गया।

# इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट-2025 के दूसरे दिन सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लविवि** में चल रहे इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट - 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को निवेदिता गर्ल्स हास्टल, लाल बहादुर शास्त्री हास्टल, तिलक हास्टल एवं एपी सेन हाल में भिन्न-भिन्न प्रयोगिताओं का आयोजन किया गया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें एकल बैडमिंटन के फाइनल में महमूदाबाद हाल एवं बलराम पुर हाल ने प्रवेश किया। इसी तरह बैडमिंटन के डबल के फाइनल के लिए महमूदाबाद हाल के साथ हबीबुल्लाह हाल ने प्रवेश किया। महिला अंत:वासियों हेतु क्विज़ एवं जैम प्रतियोगिता का आयोजन निवेदिता गर्ल्स हास्टल में किया गया। क्वीज में प्रथम स्थान बीआर अम्बेडकर हास्टल ने प्राप्त किया। जबकि तिलक हाल एवं निवेदिता हाल को क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। तिलक हाल में प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव एवं प्रो डी के सिंह को गेस्ट ऑफ़ ऑनर से सम्मानित किया गया। जैम स्पर्धा में कैलाश हाल की अभिलिप्सा को प्रथम स्थान , निवेदिता हॉल की इला मिश्रा को द्वितीय एवं तिलक हॉल की नैन्सी को तृतीय स्थान मिला। एपी सेन हाल में हुई पुरुष अंत:वासियों की प्रतियोगिता में गेस्ट ऑफ़ ऑनर प्रो राकेश द्विवेदी कुलानुशासक लविवि थे तथा आर जे प्रतीक एवं डॉ रंजना द्विवेदी जज की भूमिका में थे। मिमिक्री में कौटिल्य हॉल को प्रथम, हबीबुल्लाह हॉल को द्वितीय तथा महमूदाबाद हाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वी के शर्मा ने सूचित किया कि इस 10 दिवसीय इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट में विभिन्न प्रकार की इंडोर एवं आउट डोर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# कनहर परियोजना पूर्ण होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा सोनभद्र

**संवाददाता।** सोनभद्र



**उत्तर** प्रदेश के नए बजट में सदर विधायक भूपेश चौबे की पहल का असर भी दिखाई दिया है, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बजट में विशेष रूप से शामिल करते हुए धन आवंटन कर दिया है।

इसे लेकर विधान सभा क्षेत्र रावर्टसगंज के साथ ही जनपद सोनभद्र के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए सोनभद्र के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया है।

इसे लेकर सदर विधायक भूपेश चौबे समेत क्षेत्र के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है, जनपद में इस बजट से जहां कई नई सड़कों का निर्माण होगा वहीं महत्वपूर्ण यह है कि गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार करते हुए चंदौली के साथ ही उसे मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र से जोड़ा जाएगा ऐसी स्थिति में सोनभद्र सीधे गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएगा और यहां के लिए यह व्यावसायिक दृष्टि के साथ ही कई रूप से जनपद के लिए लाभकारी होगा इसके अलावा लंबे समय से अपूर्ण चल रही कनहर परियोजना के लिए भी धन का आवंटन नए वित्तीय वर्ष में किया गया है। इस बजट को सदर विधायक भूपेश चौबे ने जनहितकारी कल्याणकारी लोकोपायेगी व सर्व समाज के लिए एक बेहतरीन बजट बताया है उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तौर पर कल्याणकारी है।

उन्होंने कहा कि नए बजट में तमाम ऐसी योजनाओं को मुख्यमंत्री ने शामिल किया है जो भविष्य में संपूर्ण जनपद के लिए वरदान साबित होगी, इस बजट को लेकर आम नागरिकों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है तमाम नागरिकों का कहना है कि लंबे समय बाद इस तरह का बजट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पेश किया गया है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद आवश्यकः प्रणव सोनी



**सोनभद्र।** डॉक्टर अम्बेडकर युवा क्लब एवं रेनुपावर डिवीजन ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीबुलगंज में आयोजित दो दिवसीय बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नवानगर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये शील्ड पर कब्जा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार ने कहाकि खिलाड़ियों ने पूरे शिद्दत से खेल भावना का परिचय दिया जो सराहनीय है। खेलना एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जो हमारे जीवन के हर पहलू पर गहरा प्रभाव डालती है। यह हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी सुधारता है। उन्होंने क्लब का हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। विशिष्ट अतिथि हिंडाल्को रेनुसागर मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रणव सोनी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद आवश्य है। इससे बच्चों में अनुशासन ईमानदारी सामुदायिकता आत्मनिर्भरता आदि मानवीय गुणों का विकास होता है। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच नवानगर एवं लोझरा के बीच खेला गया।

# परियोजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी जायेगी जानकारीः जिलाधिकारी

**●डीएम ने वाटरशेड विकास यात्रा को दिखाई हरी झंडी**

**संवाददाता।** सोनभद्र



**वाटरशेड** विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों के वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन का जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा को गन्तब्य स्थल के लिए रवाना किया गया। प्रचार वाहन विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रचार वाहन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर वाटरशेड विकास के विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुँचाने एवं जल की मात्रा को लेकर वाटरशेड यात्रा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा प्रचार वाहन जनपद में पहुंची।

विकास खण्ड घोरावल के ग्राम तेन्दुआ एवं पेढ़ में भूमि संरक्षण अधिकारी रावर्ट्सगंज कृषि विभाग द्वारा वाटरशेड विकास से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न किये गये। प्रचार वाहन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए तेन्दुआ पहुंची जहाँ पर वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत किसानों को योजना से होने वाले विकास कार्यों एवं लाभों के बारे में जानकारी दी गयी तथा किसानों एवं छात्रों द्वारा वृक्ष लगाकर वृक्षारोण का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा उसे जीवित रखने का भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा संकल्प दिलाया गया एवं रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। योजना के अन्तर्गत चेकडैम निर्माण हेतु ब्लाक प्रमुख घोरावल दीपक सिंह पटेल द्वारा भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न कराया गया, माइक्रोवाटरशेड पेढ़ के स्वयं सहायता की महिलाओं द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गयी तथा गाँव में घूम घूम कर जल संरक्षण की अपील और योजना की जानकारी दी गयी।

# बजट प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि का परिचायकः नंदी



**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष के लिए विधानसभा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए 808736 करोड़ के ऐतिहासिक बजट पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि आज का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से यह बजट ऐतिहासिक है। बुनियादी सुविधाओं के विकास से लेकर वृहद स्तर की अवस्थापना परियोजनाओं की विस्तृत रूपरेखा बजट में समाहित है। समस्त परियोजनाओं हेतु समुचित राशि का आवंटन बजट के समावेशी स्वरुप को प्रतिविम्बित करता है। प्रस्तुत बजट उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता की खुशहाली समृद्धि एवं तरक्की का ठोस एवं दूरदर्शी दस्तावेज है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आवंटित धनराशि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को एक नई मजबूती प्रदान करेगा। इस बजट की बुनियाद पर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश एक नई ऊर्जा एवं नई रफ्तार के साथ निर्धारित आर्थिक और जनहित के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का प्रत्येक प्रदेशवासी की ओर आभार व्यक्त किया।

# डीएम-एसपी ने लिया अंबेडकर नगर विकास एवं विरासत महोत्सव की तैयारियों का जायज़ा

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जनपद अंबेडकर नगर के 29वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर पर 22 से 24 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले अंबेडकर नगर विकास एवं विरासत महोत्सव 2025 की तैयारी का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा महोत्सव में सम्मिलित होने वाले अतिथिगणों, जन सामान्य तथा मीडिया बंधुओ के बैठने की समुचित एवं सुगम व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, स्थानीय कलाकारों एवं फिल्म जगत के जाने माने कलाकारों के मंचन/प्रस्तुति संबंधी समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने महोत्सव में लगने वाले झूलों आदि की सुरक्षा के सभी आयामों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने महोत्सव क्षेत्र में निरंतर साफ सफाई एवं पेयजल तथा मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महोत्सव में बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायकों, भोजपुरी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध कलाकारों/गायको की प्रस्तुतियों के साथ ही प्रसिद्ध स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम होंगे,जिसमें हजारों की संख्या में जनपद के साथ ही आसपास के जनपदों के नागरिक सम्मिलित होंगे जिसको दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम स्थल तक सुगम परिवहन एवं यातायात संबंधी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 23 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 09 बजे से 12 तक आयोजित होने वाले डॉग शो तथा दिनांक 24 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होने वाले हेल्दी बेबी शो के कार्यक्रमों की भी समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनपद अंबेडकर नगर में डॉग शो तथा हेल्दी बेबी शो का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

## गांव में प्रेमी युगल ने जहर खाकर आत्महत्या की

**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** हंसवर थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में बुधवार रात प्रेमी युगल ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। आनन फानन में परिजन प्रेमी व प्रेमिका को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंसवर थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की इंटरमीडिएट की छात्रा व 24 वर्षीय राजन तिवारी के बीच लगभग 3 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में दोनों ने फोन पर बात करने के बाद अपने-अपने घर जहर खा लिया। दोनों की तबियत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये जिला अस्पताल में प्रेमी राजन तिवारी पुत्र राम आदित्य तिवारी की मौत हो गयी वही डाक्टरों ने प्रेमिका की गम्भीर स्थिति को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में प्रेमिका की भी मौत हो गयी।

## क्विक न्यूज

### महाकुंभ मेले को प्रभावशाली तौर पर किया उपयोग

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बीच हिमालया बेबी केयर ने एक अनूठा अभियान प्रिपेयर योर बेबी बैग शुरू किया ताकि साझा पालन पोषण को प्रोत्साहित किया जा सके और भारत में देखभाल की पारंपरिक भूमिकाओं को फिर से परिभाषित किया जा सके। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और प्रमुख भागीदार संगठनों के सहयोग से हिमालया बेबीकेयर ने महाकुंभ मेले को एक प्रभावशाली मंच के रूप में उपयोग किया ताकि पालन पोषण की गतिशीलता में बदलाव को प्रेरित किया जा सके। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबी केयर निदेशक चक्रवर्ती एन वी ने कहा महाकुंभ मेला लाखों लोगों को एक साथ लाने वाला एक अद्भुत अवसर है। इस पहल ने लाखों परिवारों पर असर डाला जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने में साझा जिम्मेदारी की अहमियत को उजागर किया गया। इस पहल का मुख्य आकर्षण मेले में लगाया गया इंटरैक्टिव बूथ था। जहां परिवारों ने प्रिपेयर योर बेबी बैग चैलेंज में भाग लिया। इस रोमांचक गतिविधि में माता पिता को एक निश्चित समय के भीतर हिमालया बेबी केयर रेंज के आवश्यक उत्पादों जैसे बेबी साबुन तेल वाइप्स लोशन और पाउडर सहित से बेबी बैग को भरना था।

### विश्व कल्याण के लिए मंगल कामनाः स्वामी विमल देव आश्रम

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के सेक्टर 18 हरिश्चंद्र मार्ग पर लगा मठ मछली बंदर मठ आज भी गुलजार हो रहा है। मछली बंदर मठ के पीठाधीश्वर स्वामी विमल देव आश्रम जी महाराज बड़ी संख्या में शिष्यों सहित सत्संग कर रहे हैं। पीठाधीश्वर स्वामी विमल देव आश्रम महाराज का कहना है कि महाशिवरात्रि तक शिविर रहेगा। इस दौरान शिविर में कथा प्रवचन सत्संग और भण्डारा चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण लोगों की उन्नति के लिए तीर्थराज प्रयागराज भगवान वेणीमाधव और संगम से कामना कर रहा हूं।पीठाधीश्वर स्वामी विमल देव आश्रम ने कहा कि महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को है उसके बाद शिष्यों सहित काशी के लिए प्रस्थान करूंगा। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के पूरा होने तक शिविर में शिष्यों और स्नानार्थियों के साथ रहूंगा। तीर्थराज प्रयागराज में संगम की रेती पर वास करते हुए सत्संग करना और भण्डारा चलाते रहना बहुत बड़ा सौभाग्य है। पीठाधीश्वर स्वामी विमलदेव आश्रम ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में शिष्य और स्नानार्थी है जो प्रतिदिन गंगा और संगम स्नान कर शिविर में पूजन हवन कर रहे हैं।

### त्रिवेणी संगम में गंगा-यमुना की स्वच्छता के लिए आधुनिक तकनीक

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती है खासकर गंगा यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं द्वारा प्रवाहित फूल पत्तियां नारियल बोतल जैसी पूजन सामग्रियों को हटा कर नदी की स्वच्छता को बरकरार रखना। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया है। जिसमें आधुनिक तकनीक और ट्रैश स्किमर्स की मदद ली जा रही है। क्लीनटेक इन्फ्रा के प्रबंध निदेशक एवं सह संस्थापक श्री गौरव चोपड़ा का कहना है महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में कचरा प्रबंधन के लिए तकनीकी नवाचार और कुशल योजना की आवश्यकता होती है। हमें खुशी है कि हमारा यह स्वच्छता अभियान नमामि गंगे पहल के जरिये गंगा की स्वच्छता को एक जनआंदोलन का रूप देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है। इस अभियान के तहत नदी से प्रतिदिन दस से पंद्रह टन तैरता कचरा एकत्र कर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर क्लीनटेक इन्फ्रा द्वारा त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दो आधुनिक ट्रैश स्किमर्स तैनात किए गए हैं। जो त्रिवेणी संगम स्थल पर लगातार गश्त कर गंगा और यमुना में तैरते कचरे को हटाने का काम कर रहे हैं। प्रत्येक ट्रैश स्किमर की क्षमता 13 घन मीटर है और यह एक बार में 3600 किलोग्राम तक कचरा संभाल सकता है। ट्रैश स्किमर्स से आम दिनों में प्रतिदिन 10 से 15 टन कचरा एकत्र किया जा रहा है।

### जल निगम के कार्यों का पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने अधिकारियो एवं स्थानीय सभासद के साथ विंध्याचल में जल निगम के द्वारा किए जा रहे प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया।आगामी गर्मी के दृष्टिगत विंध्याचल में पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित कराने एवं विंध्यधाम में स्वच्छता की धरातल पर वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया।उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं को ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के।दौरान पुरानी वी. आई. पी. के पास बड़े ट्यूबल का जलाशय नीचे जाने की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा की गई,जिसे जलकल के अधिकारियों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया।नपाध्यक्ष ने कहा कि मां विंध्यवासिनी के दर्शनार्थ हेतु आ रहे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े, इसलिए जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त रखे।इस मौके पर ए.डी.एम शिवप्रताप शुक्ला,ईओ जी.लाल,जलकल अभियंता ओमप्रकाश एवं जल निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान में 320872 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**●टीबी मुक्त भारत बनाने के क्रम में 7 दिसंबर से प्रदेश के 15 जनपदों में चलाया जा रहा सघन टीबी खोज अभियान**

**संवाददाता।** ग़ाज़ीपुर

**टीबी** मुक्त भारत बनाने के क्रम में 7 दिसंबर से प्रदेश के 15 जनपदों में 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में यह अभियान गाजीपुर में भी चलाया जा रहा है। जिसमें उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग कर टीबी मरीज खोजे जाने का निर्देश दिया गया है। जिसके क्रम में गाजीपुर के जनसंख्या 4561879 में से उच्च जोखिम वाले लोग 845349 चिन्हित किए गए। जिसमें से अब तक 320872 लोगों का स्क्रीनिंग कर दी गयी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील पांडेय ने बताया कि 100 दिनों तक चलने वाला सघन टीबी खोज अभियान जो 7 दिसंबर से चल रहा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री के द्वारा सभी जनपद के जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर इस सघन अभियान को चलाने का निर्देश दिया गया था। इस अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले जनसंख्या को स्क्रीनिंग करते हुए टीबी लक्षण वाले मरीजों को खोजा जाना है।

इस अभियान के तहत खोजे जाने वाले लोग में 7 किस्म के उच्च जोखिम वाले लोगों चिन्हित किया जाना है। और जन जागरूकता चलाते हुए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत अभियान के सपना को पूरा करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उच्च जोखिम वाले लोगों का एक्सरे,नेट जांच, माइक्रोस्कोपिक जांच किया जाएगा और इसके बाद जो भी व्यक्ति चिन्हित किया जाएगा उसको विभाग की तरफ से निश्चय पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसका इलाज जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में जनसंख्या का 19त्न उच्च जोखिम जनसंख्या को मैपिंग किया जा चुका है।

जिनका 23 मार्च 25 तक स्क्रीनिंग करते हुए निश्चय पोर्टल पर चढाकर मरीज को इलाज पर रखना है। जिला कार्यक्रम समन्वयक मिथिलेश सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत 4561879 जनसंख्या के सापेक्ष 845349 उच्च जोखिम जनसंख्या जनपद में पाया गया है। जिसमें से अब तक 320872 लोगों का स्क्रीनिंग कर दिया गया है और आगे भी यह कार्यक्रम लगातार चलता रहेगा।

## घरेलू हिंसा के खिलाफ खड़े होना होगा आवश्यक

**प्रयागराज।** कार्यक्रम को लेकर लोगों ने योजना बनाई है। जी टीवी के शो जाने अनजाने हम मिले की कहानी अब एक दिलचस्प मोड़ पर आ पहुंच चुकी है। ताज़ा एपिसोड में रीत आयुषी खुराना घरेलू हिंसा के खिलाफ खड़ी होती है और ये साबित करती है कि चुप रहना कभी हल नहीं हो सकता। जब रीत अपनी भाभी पूनम रेवती उपाध्याय के लिए खड़ी होती है तब कहानी में एक इमोशनल मोड़ आता है। पूनम अपने पति के अत्याचारों का शिकार हो रही है और ऐसे में रीत उसकी हिम्मत बनती है और उससे कहती कि चुप रहकर सहने की बजाय इसके खिलाफ आवाज़ उठाए। जानने के लिए देखिए जाने अनजाने हम मिले हर रात साढ़े नौ बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। वह उसे समझाती है कि अब समय आ गया है वो इस बिगड़े हुए रिश्ते से बाहर निकले और अपने हक के लिए कानूनी कदम उठाए। यह दमदार सीन सिर्फ एक सच्चाई बयां नहीं करता बल्कि हर उस महिला के लिए एक असरदार संदेश है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना घोरावल का किया वार्षिक निरीक्षण



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा गुरुवार को थाना घोरावल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय सीसीटीवी हवालात कंप्यूटर कक्ष महिला हेल्प डेस्क पुलिस बैरक भोजनालय आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के अभिलेखों जैसे अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख रखाव, थाने पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल वाहनों के संबंध में न्यायालय के निर्णयोपरांत विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने शस्त्रों का रख रखाव व नियमित साफ-सफाई करने, मिशन शक्ति कक्ष महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के साथ ही एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

# कैंसर को लेकर देश विदेश के डॉक्टरों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**●एशिया प्रशांत में कैंसर रोकथाम हेतु आईसीपीसी के सहयोग से शुआटस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारम्भ**

**संवाददाता।** प्रयागराज




**सैम** हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज शुआटस में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर रोगी गठबंधन आईसीपीसी द्वारा एशिया प्रशांत क्षेत्र में कैंसर रोकथाम और इलाज के उद्देश्य से कार्रवाई में समानता कैंसर देखभाल में प्रगति को बढ़ावा देना विषय पर दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ।

राज्यसभा सांसद डा सस्मित पात्रा आईसीपीसी के महासचिव प्रोफेसर डॉ डेनिस होर्गन शुआटस कुलपति प्रो राजेन्द्र बी लाल प्रति कुलपति शैक्षिक प्रो जोनाथन ए लाल प्रति कुलपति प्रशासन प्रो बिश्वरूप मेहरा कुलसचिव प्रो रानू प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डा डेनिस होर्गन ने मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के निर्माण रोगियों समुदायों की कैंसर देखभाल को उन्नत और न्यायसंगत और सशक्त बनाने की वकालत की।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से एक फ्रेमवर्क विकसित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सभी तरह के कैंसर का जल्द पता लगाने की प्रणाली विकसित करने सार्वजनिक स्थानों अस्पतालों में डिजिटल स्क्रीनिंग पर जोर देना 2030 तक कैंसर का प्रारंभिक पता लगाने की दरों में पंद्रह प्रतिशत वृद्धि कैंसर रोकथाम पहल को बढ़ावा देने हेतु पांच मिलियन डॉलर फण्ड एकत्रित करना 2027 तक कृत्रिम बुद्धि एआई संचालित निदान और टेलीमेडिसिन हेतु पांच सौ कैंसर विज्ञानी को प्रशिक्षित करना अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाना आदि है।

उन्होंने कैंसर से निदान हेतु पब्लिक एवं प्राईवेट सेक्टर को एक साथ कार्य करने और हेल्थ केयर सिस्टम को सपोर्ट करने वाली नीति निर्माण को समय की जरूरत बताया। उड़ीसा से राज्य सभा सांसद डा सस्मित पात्रा ने कैंसर इलाज हेतु आयुष्मान भारत में पांच लाख वार्षिक धनराशि को बढ़ाने कैंसर निदान और रोकथाम हेतु ग्लोबल प्रोटोकाल स्थापित करने आयात होने वाली महंगी दवाओं का निर्माण भारत में किये जाने की बात कही। साथ ही जीवनशैली व खानपान में बदलाव प्लास्टिक का उपयोग करने का सुझाव भी दिया।

राजनीतिक गोलमेज सत्र के दौरान सांसद ने विभिन्न सवालों के उत्तर दिए। सम्मेलन में आनलाईन जुड़ी सांसद डा फौजिया खान ने टेलीमेडिसिन सस्ती जाँच उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पर जोर देने और कैंसर को अधिसूचित बीमारी घोषित करने की बात कही। ग्रामीण क्षेत्र में कैसर जागरूकता बढ़ाने का सुझाव दिया। अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो डा राजेन्द्र बी लाल ने बतौर कृषि वैज्ञानिक अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में कार्य के दौरान उन्होंने मिट्टी की सतह से पानी में मिलने वाले केमिकल की जांच की। उन्होंने कहा कि जैविक खाद्य पदार्थ का प्रयोग बीमारी से दूर जरूर रखता है लेकिन केमिकल के डर में नहीं रहना चाहिये।

उन्होंने परमेश्वर पर विश्वास करके सदाचार जीवन व उच्च स्तर की जीवनशैली को अपनाने की बात कही। आईसीपीसी बोर्ड सदस्य एवं प्रति कुलपति शैक्षिक प्रो जोनाथन ए लाल ने कहा कि महाकुंभ मेला जिसमें प्रयागराज शहर में सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग की हमें सिखाता है कि सामूहिक कार्य बड़े बदलाव ला सकता है जिससे प्रेरणा लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सम्मेलन में शामिल होने वाले नीति निर्माता स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञ रोगी अधिवक्ता उद्योग प्रतिनिधि शोधकर्ता के सुझाव से कैंसर देखभाल पर एशिया-प्रशांत घोषणा के माध्यम से समान देखभाल के लिए कार्रवाई योग्य रूपरेखा और औपचारिक प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा मिलेगा।

सम्मेलन में विकसित होने वाले फ्रेमवर्क में कैंसर नीतियों को संरेखित करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने हेतु क्षेत्रीय टास्क फोर्स' का शुभारंभ दक्षिण कोरिया की राष्ट्रव्यापी जीनोमिक प्रोफाइलिंग को मॉडल बनाने मृत्यु दर को 20 प्रतिशत तक कम करने वाले थाईलैंड के एआई संचालित प्रारंभिक पहचान कार्यक्रम को अपनाने सार्वजनिक निजी भागीदारी पीपीपी के माध्यम से संसाधनों को जुटाने फिलीपींस कैंसर कोएलिशन फाउंडेशन जैसे रोगी अधिवक्ता समूहों का समर्थन किये जाने को शामिल किया गया। उद्घाटन समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

तकनीकी सत्र को फिलीपीन के डा मारीकर सबेनियानो फोर्टीस अस्पताल दिल्ली के डा सौरभ गुप्ता वेंकटेश्वर अस्पताल दिल्ली के डा सुनील गुप्ता बर्सीलोना यूनिवर्सिटी स्पेन के प्रो करीम लेकादीर भुवनेश्वर से स्वास्थ्य निदेशक डा लतातेन्दू सारंगी बेंगलूरू से वरिष्ठ सलाहकार डा बी एस श्रीनाथ अपालो लखनऊ के डा सतीष कुमार अनन्दन लखनऊ से डा कर्नल अभिषेक पाठक ने सम्बोधित किया।

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज द्वारा आयोजित 'वैज्ञानिक सलाहकार समिति' की बैठक 20 फरवरी को डॉ0 बालेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में केन्द्र के सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड/प्रभारी डॉ0 विनोद कुमार सिंह ने उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मत्स्य विकास अभिकरण एवं उपस्थित किसानों का अभिवादन करते हुए जनवरी से दिसम्बर 2024 की प्रगति प्रतिवेदन एवं कार्य योजना जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही केन्द्र के मृदा विज्ञान, शस्य विज्ञान, फसल सुरक्षा, गृह विज्ञान, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं उद्यान विज्ञान विभाग द्वारा अपने विषयों से सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ प्रगति से अवगत कराया। बैठक में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 शाही, सपना पुरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य जिला गन्ना अधिकारी डॉ0 अंगद प्र0 सिंह, डॉ0 नरेन्द्र प्रताप वैज्ञानिक के0वी0के0 ऑकुशपुर, डॉ0 डी0आर0 सिंह, उद्यान विभाग एवं डॉ0 एस0एस0 यादव शस्य विज्ञान पी0जी0 कालेज, संजय सिंह निदेशक आरसेट्टी, डॉ0 वी0के0 राव यू0पी0डास्प, डॉ0 शशांक सिंह, गुलाब प्रजापति, कृपाशंकर सिंह सदस्य डिग्री कालेज एसोसिएशन उपस्थित रहे।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता डॉ0 बालेश्वर सिंह ने किया, उन्होंने समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं किसानों को अपना अमूल्य समय एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही केन्द्र के डॉ0 डी0के0 सिंह, डॉ0 एस0के0 सिंह, डॉ0 ओमकार सिंह, ए0के0 बाजपेयी, एम0के0 मिश्रा, आदि शामिल हुए।

## क़तर-भारत संबंध

### रणनीतिक साझेदारी

**क़तर** और भारत ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, तकनीक और संस्कृति में सहयोग मजबूत करने के ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। क़तर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी की हालिया दो दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मील का महत्वपूर्ण पत्थर है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अमीर अल-थानी ने अपने संबंधों का उच्चीकरण कर 'रणनीतिक साझेदारी' स्थापित करने की घोषणा की जिसमें व्यापार, ऊर्जा, निवेश, तकनीक, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति व जनता के बीच संबंधों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। भारत और क़तर के बीच दशकों से बहुत अच्छी दोस्ती है जो मजबूत आर्थिक, सांस्कृतिक व राजनयिक संबंधों से परिभाषित होती है। क़तर में अनिवासी भारतीय समुदाय की संख्या 830,000 है और वह देश के विकास में प्रमुख भूमिका निभाने के साथ ही दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सेतु का काम करती है। अमीर की यात्रा का महत्वपूर्ण परिणाम अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार दूना कर 28 बिलियन डालर करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। दोनों देश प्रगति को गति देने के लिए मुक्त व्यापार समझौते की संभावना खोज रहे हैं। ऊर्जा सहयोग का भारत-क़तर संबंधों में महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। इस यात्रा के दौरान हुई चर्चाओं में ऊर्जा संबंधों को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया जिनका नतीजा क़तर से भारत को द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी सप्लाई में वृद्धि हो सकता है। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और मजबूत होगी।



इस यात्रा में सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा दोनों देशों की जनता के बीच संबंध मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस क्षेत्र में पहलों से दोनों देशों की जनता के बीच परस्पर समझदारी और सद्भावना बढ़ने की आशा है। लेकिन यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण लाभ सुरक्षा सहयोग है। संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा कर भारत और क़तर ने ज्यादा सुगठित और समग्र सहयोग को बढ़ावा दिया है तथा परस्पर हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों को संबोधित किया है। इस रणनीतिक जुड़ाव से अनेक क्षेत्रों में सहयोगी प्रयास तेज होने की आशा है। इसके साथ ही दोनों देशों ने अपने व्यापार को अगले स्तर तक ले जाने पर सहमति प्रकट की है। व्यापार की मात्रा बढ़ाने तथा संभावित मुक्त व्यापार समझौते का लक्ष्य आर्थिक वृद्धि को प्रेरित करेगा, रोजगार के अवसर सृजित करेगा तथा दोनों देशों में निवेश आकर्षित करेगा। भारत के लिए क़तर से आने वाली ऊर्जा सप्लाई में स्थिरता तथा विविधता अपनी बढ़ती आवश्यकतायें पूरी करने के लिए महत्वपूर्ण है। क़तर के लिए भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था से संबंध मजबूत करने का अर्थ नये बाजारों और निवेश अवसरों के रास्ते खोलना है। सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने तथा परस्पर सम्मान और समझदारी को बढ़ावा देने से दोनों समाजों का सामाजिक ढांचा मजबूत होगा। भारत और क़तर के बीच निकट साझेदारी से क्षेत्रीय स्थायित्व को मजबूत करने में सहयोग मिलेगा जिसमें दोनों देश सुरक्षा और राजनयिक पहलों के मामले में बेहतर ढंग से सहयोग कर सकेंगे। क़तर के अमीर की भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच गहरी तथा ज्यादा बहुआयामी साझेदारी का मंच स्थापित कर दिया है। भारत और क़तर के बीच रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान देने से दोनों देशों को महत्वपूर्ण लाभ होंगे, लंबे समय से चले आ रहे मित्रतापूर्ण संबंध और मजबूत होंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक स्थायित्व में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। क़तर के अमीर की भारत यात्रा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वैश्विक छवि में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इससे दुनिया के अधिकांश इस्लामी देशों के साथ भारत के संबंध मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

# आप्रवासी एवं शरणार्थी संकट

**शरणार्थी संकट सरकारों के लिए जटिल मुद्दा है। इससे निपटने के लिए संतुलित दृष्टिकोण जरूरी है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जरूरतमंद लोगों को राहत देना शामिल है।**



**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक, रणनीतिक विशेषज्ञ हैं)



**तेज** वैश्विक परिवर्तनों की जटिलतायें समकालीन यथार्थ बनती जा रही हैं। इससे सैमुअल पी. हटिंगटन द्वारा प्रस्तुत 'राजनीतिक क्षरण' की दार्शनिक अवधारणा रेखांकित होती है। अत्यधिक विकसित समाजों में खासकर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए यह अवधारणा लगातार स्पष्ट होती जा रही है। अवैध आप्रवास, मानव व्यापार तथा शरणार्थियों की पीड़ा एक महत्वपूर्ण चिन्ता का विषय बन गई है। इसके प्रभाव सीमाओं के पार तक जाते हैं, देशों के बीच तनाव बढ़ाते हैं तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में बेचैनियों को बढ़ावा देते हैं।

कुछ साल पहले पूर्वी आस्ट्रिया में स्लोवाकिया-हंगरी सीमा के निकट 50 मृत शरणार्थियों के पाए जाने पर अवैध आप्रवास तथा उससे संबंधित अपराधों के बारे में व्यापक चर्चा हुई थी। इस घटना ने यूरोपीय देशों के समक्ष उपस्थित अवैध आप्रवास एवं इससे जुड़े सुरक्षा जोखिमों के व्यापक मुद्दे को उजागर किया था। अपने जीवन एवं अवसरों की तलाश में अविकसित क्षेत्रों के अनेक लोग यूरोपीय देशों में पलायन का प्रयास करते हैं और अक्सर अवैध रास्ते अपनाते हैं। लीबिया तट के निकट नौका डूबने के कारण 80 से अधिक अवैध प्रवासियों के डूब कर मरने की त्रासद घटना ने उजागर किया था कि बेहतर जीवन की तलाश में लोग परेशान होकर कितने बड़े जोखिम मोल लेते हैं।

इन चुनौतियों को देखते हुए जरूरी है कि यूरोपीय देश इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए ज्यादा संवेदनशील व्यवस्थायें बनाएं क्योंकि इसके कारण विभिन्न देशों के बीच पहले ही काफी तनाव पैदा हो गया है। आप्रवास और शरणार्थियों की व्यापक समस्या खासकर अफ़गानिस्तान और मध्य एशिया के क्षेत्रों में है जिसका कारण जटिल और अक्सर हिंसक घटनायें हैं। युद्ध और उत्पीड़न से भागने वाले शरणार्थी न केवल आर्थिक शोषण का शिकार होते हैं, बल्कि वे सामाजिक भेदभाव भी झेलते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, दुनिया भर में 26 मिलियन शरणार्थियों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलायें और बच्चे हैं। ये लोग युद्धों, नस्ली टकरावों, राजनीतिक अस्थिरता और धार्मिक उत्पीड़न के कारण अपनी जड़ों से उखड़ कर पलायन को मजबूर होते हैं। बीसवीं शताब्दी के मध्य से शरणार्थियों की संख्या में नाटकीय वृद्धि हुई है जिसका कारण गृह युद्ध, क्षेत्रीय टकराव तथा प्राकृतिक आपदायें हैं। अफ्रीका, दक्षिणपश्चिम एशिया और पश्चिम एशिया में शरणार्थी संकट खासतौर से गंभीर है जहां अफ़गानिस्तान, रवांडा, वियतनमा, बोस्निया और ईराक से लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। ये शरणार्थी अक्सर पड़ोसी देशों में शरण लेते हैं और उनकी पहले से ही नाजुक व्यवस्थाओं पर और दबाव डालते हैं।

जहां शरणार्थी अक्सर शोषण एवं उत्पीड़न का शिकार होते हैं, वहीं शरणार्थी संकट ने अवैध एवं समाज-विरोधी तत्वों का ध्यान भी आकर्षित किया है जो विस्थापित लोगों के जोखिमों का लाभ उठाते हैं। पूरी दुनिया के जुड़ाव में वृद्धि तथा उत्तर-आधुनिकता के युग ने इन चुनौतियों को संबोधित करने के लिए नए ढांचों और माडलों का विकास भी किया है। दुनिया लगातार एक दूसरे से जुड़ती जा रही है। ऐसे में युवा पीढ़ियों को उपयुक्त उपकरणों तथा समझदारी से लैस किया जाना चाहिए ताकि वे विभाजनकारी व पूर्वाग्रहपूर्ण दृष्टिकोणों को समझ कर अज्ञान का कारण बनने वाले तत्वों से बाहर निकल सकें। वैश्विक समाजों के लिए जरूरी है कि वे नए माडलों का विकास करें जिनमें लोकतंत्रों, पर्यावरण, वैश्वीकरण और प्रशासन में सुधारों पर जोर दिया गया हो। इन सुधारों में विकृतियां और पक्षपात घटाने वाले समाधानों को प्राथमिकता देने के साथ ही संकटग्रस्त लोगों की प्रमुख आवश्यकताओं को संबोधित करना शामिल होना चाहिए। शरणार्थी संकट एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, अत: इससे निपटने के लिए विधिक परिभाषायें एवं ढांचे बनाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने शरणार्थियों को परिभाषित करने वाली ऐसी परिभाषा पर सहमति बनाई है जिसमें उनको युद्ध, विदेशी आक्रमण या आक्रमण के अन्य रूपों के कारण अपना देश छोड़ने को मजबूर लोगों के रूप में पहचाना गया है।

> **अत्यधिक विकसित समाजों में खासकर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए यह अवधारणा लगातार स्पष्ट होती जा रही है। अवैध आप्रवास, मानव व्यापार तथा शरणार्थियों की पीड़ा एक महत्वपूर्ण चिन्ता का विषय बन गई है। इसके प्रभाव सीमाओं के पार तक जाते हैं, देशों के बीच तनाव बढ़ाते हैं तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में बेचैनियों को बढ़ावा देते हैं।**

लेकिन अलग-अलग देश अक्सर इस परिभाषा को अपने राष्ट्रीय हितों के अनुकूल बना कर स्वीकार करते हैं जिसके कारण शरणार्थियों से व्यवहार में विसंगतियां पैदा होती हैं। उदाहरण के लिए, युगांडा के राष्ट्रपति ईदी अमीन द्वारा 1972 में विदेशी नागरिकों को निकालने के कारण 38,000 से अधिक लोगों का विस्थापन हुआ था। इससे राजनीतिक अस्थिरता के कारण पैदा होने वाला शरणार्थी संकट उजागर होता है। अनेक प्रमुख तत्व शरणार्थी संकट को बढ़ावा दे सकते हैं जिनमें अत्याचार, गृह युद्ध तथा क्षेत्रीय टकराव शामिल हैं। समय बीतने के साथ विभिन्न संगठनों और देशों ने स्थिति में सुधार के प्रयास किए हैं जिनका उद्देश्य शरणार्थियों की आर्थिक और सामाजिक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास है। शरणार्थी संकट से निपटने के लिए स्थानीय ढांचे का विकास जरूरी है जो शरणार्थियों की आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित कर व्यापक समाधान के लिए एनजीओ को अपने साथ ले सके। बचाव कार्रवाइयों में शामिल कर्मचारियों के समग्र प्रशिक्षण तथा स्थानीय सरकारों और यूएनएचसीआर के बीच समन्वय से प्रयासों की प्रभावशीलता बढ़ सकती है। शरणार्थियों के लिए नए कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय समर्थन बढ़ाने की भी आवश्यकता है।

शरणार्थी संकट से निपटने में खासकर अनुपयुक्त ढांचागत संरचना तथा आतिथेय देशों में लाजिस्टिक समर्थन की कमी से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। किसी एक क्षेत्र पर अनावश्यक दबाव से बचने के लिए वैश्विक स्तर पर बोझ का साझा करने का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। शरणार्थियों को अक्सर अवैध आप्रवासी होने के संदेह में हिरासत का सामना करना पड़ता है और अक्सर उनके शिविरों पर हमले भी होते हैं जिससे उन पर संकट और बढ़ जाता है। सरकारों, एनजीओ और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को शरणार्थियों की सुरक्षा अवश्य सुनिश्चित करनी चाहिए, खासकर महिलाओं और बच्चों को बचाने के लिए दीर्घकालीन समाधान, जैसे रोजगार सृजन और शिक्षा के प्रयास होने चाहिए। हालांकि, अवैध आप्रवास समाप्त करना शायद संभव न हो, पर देशों को शरणार्थियों के अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए विस्थापन का प्रबंधन करना चाहिए। मानव व्यापार और शोषण में वृद्धि के कारण जटिलता बढ़ी है जिससे निपटने के लिए सरकारों को त्वरित कार्रवाई करनी होगी।

दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में रोहिंग्या शरणार्थी संकट ने सुरक्षा और मानवीय सरोकारों को बढ़ावा दिया है और उनसे निपटने की नीतियों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय आलोचना का शिकार होना पड़ता है। इसलिए विस्थापित लोगों की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए समावेशी दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता न किया गया हो।

# क्षमाशीलता की शक्ति

> **"हमारे साथ जो हुआ है उसे भूल पाना हमारे लिए मुश्किल होता है। दूसरों को माफ़ करने की क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि हम खुद के साथ कितने ईमानदार हैं।"**

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



**दु**निया भर में, सभी संस्कृतियों और परंपराओं के लोग, दैनिक जीवन में प्रेम और क्षमा को अपनाते हैं। इन मूल्यों को सार्वभौमिक रूप से मानवता के ताने-बाने के लिए केंद्रीय माना जाता है। लेकिन क्या माफ़ करना उतना आसान है जितना लगता है? जीवन में कई अन्य चीजों की तरह माफ़ी कहना आसान है, करना मुश्किल। जब हम कुछ गलत करते हैं तो हम सभी माफ़ी मांगते हैं? लेकिन जब कोई हमसे माफ़ी मांगता है तो हमारा रुख़ काफ़ी अलग होता है।

हमारे साथ जो हुआ है उसे भूल पाना हमारे लिए मुश्किल होता है। दूसरों को माफ़ करने की क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि हम खुद के साथ कितने ईमानदार हैं। हमें याद रखना चाहिए कि माफ़ी सिर्फ़ इसलिए हो सकती है क्योंकि हमें चुनाव करने की क्षमता का उपहार दिया गया है। इसलिए, अगर हम किसी को माफ़ करना चाहते हैं, तो कोई भी हमें रोक नहीं सकता, चाहे वे कितने भी बुरे क्यों न हों, क्योंकि आखिरकार, माफ़ करना या न करना हमारा चुनाव है। माफ़ करने की यह क्षमता हमारे जीवन पर हमारे व्यक्तिगत नियंत्रण की अभिव्यक्ति है।

इसलिए हममें से हर एक को खुद से यह सवाल पूछना चाहिए- क्या हमने जीवन की यात्रा शुद्ध, परिपूर्ण और स्वच्छ तरीके से की है, जिसमें कभी कोई गलत विचार, गलत शब्द या गलत काम न हुआ हो? अगर हम खुद को ईमानदारी से देखें, तो हम दूसरों को कैसे माफ नहीं कर सकते? हममें से ज़्यादातर लोगों को अतीत में कही या की गई कई बातों का पछतावा होता है।

यह एक सच्चाई है कि हम सभी ने गलत काम किए हैं, या तो इसलिए क्योंकि हमें सही नहीं पता था या फिर डर या गलतफहमी की वजह से। हालांकि, समय और ज्ञान के साथ, हमें एहसास होता है कि क्या सही है और हम सुधार करना शुरू कर देते हैं। खुद को बदलने की इस इच्छा से ही हम खुद को माफ करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं, जो बदले में हमें दूसरों को माफ करने में मदद करती है। अगर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है, तो हमें दूसरों को माफ करना होगा। हम सिर्फ़ दूसरों की निंदा करके खुद को माफ़ नहीं कर सकते। यह धोखा है और सार्वभौमिक रूप से लागू कर्म का नियम इसकी अनुमति नहीं देगा। याद रखें! अगर हम माफ़ करना नहीं सीखते, तो नाराज़गी हमें जहर दे देगी और हम पर दोहरा बोझ आ जाएगा- दूसरों के अन्याय के बारे में नाराज़गी भरे विचार और खुद के अन्याय की छिपी हुई सच्चाई। माफ़ करने की शक्ति करुणा से आती है, जिसका मतलब है कि हमें करुणा और शांति से जो अच्छा है, उसके साथ आगे बढ़ना चाहिए, जो बेहतर है। माफ़ी खुद को सही साबित करने की बाध्यकारी ज़रूरत को खत्म कर देती है। यह कल्पित अन्याय पर हमारे द्वारा महसूस किए जाने वाले आक्रोश को दूर करता है। यह दूसरे के हृदय की कठोरता को पिघला देता है। हमारी क्षमा, पहले तो उन्हें उलझन में डाल सकती है। क्षमा करना और भूल जाना ही प्रेम का वास्तविक रूप है। लेकिन हमें पहले खुद को और साथ ही दूसरों को भी क्षमा करना सीखना चाहिए, अन्यथा, इस बोझ को छोड़ने की प्रक्रिया न तो शुरू होगी और न ही आगे बढ़ेगी। खुद को क्षमा करने का मतलब है अतीत को भूल जाना। लेकिन इसका मतलब यह भी है कि बार-बार वही गलतियां न करें; खुद को बहाने के लिए सुविधाजनक तरीके न बनाएं। याद रखें!! जो व्यक्ति दूसरों के प्रति अपने हृदय को कठोर बना लेता है, वह ईश्वर की क्षमा और करुणा को भी महसूस नहीं कर सकता। इसलिए, यदि हम क्षमा पाना चाहते हैं, तो हमें पहले क्षमा करने के लिए तैयार होना चाहिए क्योंकि जो पहले क्षमा करता है वह न केवल अपने न्याय को प्रमाणित करता है बल्कि विशेष रूप से अपने प्रेम को प्रमाणित करता है। इसीलिए कहा जाता है कि अच्छी तरह से जीया गया जीवन आपका सबसे अच्छा बदला है।



इसलिए, अपनी आहत भावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने और इस तरह उस व्यक्ति को अपने ऊपर हावी होने देने के बजाय जिसने आपको पीड़ा दी है, अपने आस-पास प्रेम, सुंदरता और दयालुता की तलाश करना सीखें। इससे दुनिया रहने के लिए एक बेहतर जगह बन जाएगी।

मेरी गुरु डॉ. नलिनी दीदी को श्रद्धांजलि

बहुत दुख के साथ मैं यह बताना चाहता हूं कि ब्रह्माकुमारीज़ की वरिष्ठ पदाधिकारी और मेरी पूजनीय शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ. नलिनी दीदी का 9 फरवरी, 2025 को मुंबई में निधन हो गया। एक प्रसिद्ध स्तंभकार और आध्यात्मिक गुरु, उन्होंने मानवता की सेवा के लिए 66 साल समर्पित किए, लाखों लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार किया।

उनकी यात्रा 16 साल की उम्र में प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा एक परिवर्तनकारी व्याख्यान के बाद शुरू हुई, जिसने राजयोग शिक्षा के माध्यम से विश्व परिवर्तन के उनके आजीवन मिशन को प्रेरित किया। एक प्रतिभाशाली वक्ता, लेखक और कलाकार, उन्होंने अथक रूप से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दिया और मानद डी. लिट सहित कई पुरस्कार अर्जित किए। उनके मार्गदर्शन ने मेरे आध्यात्मिक पथ को गहराई से आकार दिया।

## आप की बात

### भारत की राष्ट्रीयता

**भारत** को आर्यावर्त कहा गया हो, भारत, हिन्दुस्थान/हिंदुस्तान अथवा इण्डिया भारतीयों का एकात्मकता सूत्र अपनी सनातन संस्कृति रही है जिसका उल्लेख अपने वैदिक, पुराण - ऐतिहासिक साहित्य में लिपिबद्ध रूप में व समस्त भरतवंशियों के लौकिक और आध्यात्मिक व्यवहार में परिलक्षित होता है, इस साहित्य की भाषा अधिकांशत- संस्कृत है । जब भारत को हम भारतमाता कहते हैं तो मूलरूप से भारत शब्द भी संस्कृत साहित्य की देन है तो हमारी मातृभाषा अनिवार्यत- संस्कृत है, चाहे व्यवहार में हम भारतीय संस्कृत के शब्दों - वर्णमाला से आप्लावित हिन्दी आदि अनेक बोलियों भाषाओं को अपनी मातृभाषा मान उसका अनुकरण करते हों । संस्कृत को केवल भारतीय भाषाओं की ही नहीं विश्व की समस्त भाषाओं की जननी अनेक भाषाविद स्वीकार करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारत के गौरव और गरिमा को सुस्थापित करने में भारतीयों की मातृभाषा व भारत की राजभाषा को निर्द्वंद्व अंगीकार करना अपरिहार्य है । शिक्षा, सामाजिक व्यवहार, शासन में स्वभाषा के प्रयोग के बिना राष्ट्रीय स्वाभिमान की बात करना निरर्थक होगा । नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा के संकल्प का अक्षरश: पालन अनिवार्य है किन्तु यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मातृभाषा में शिक्षा का यह संकल्प अभी तक व्यवहार में लाने की इच्छा का प्रदर्शन भी दिखाई नहीं दे रहा।

- **डॉ जयप्रकाश**, अंबाला छावनी

### दिल्ली स्टेशन पर भगदड़

**हाल** ही में प्रयागराज के महाकुंभ व दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण जो भगदड़ हुई उसने सभी को हिला कर रख दिया है । ऐसे अवसरों पर स्वयं का सब्र रखना व अनुशासन में रहना बहुत जरूरी है । बोहरा समाज का जब भी बड़ा धार्मिक समागम होता है तो देश विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं । मगर गजब का अनुशासन का पालन करते हैं । न कोई शोर-शराबा, न कोई हो-हल्ला, साफ सफाई के प्रति भी गजब की सजगता रखते हैं । इसी तरह राधास्वामी के धार्मिक कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, स्वयं श्रद्धालु हर तरह की व्यवस्था संभालते हैं, मगर कोई अफरातफरी नहीं, सबकुछ शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं । कहना साफ है की हम किसी भी समागम, तीर्थयात्रा, मंदिर दर्शन या महाकुंभ में जाते हैं तो पहला पाठ स्वअनुशासन का पालन करते हुए सब्र रखना पहली शर्त है । ऐसा लगता है की जरूरत से ज्यादा भीड़ है तो संयम रखते हुए सुरक्षित स्थान पर ठहर जाना चाहिए । शासन प्रशासन व्यवस्था करता है, मगर इतनी भीड़ को संभालना बहुत ही दुरूह होता है । जान है तो जहान है की उक्ति मद्देनजर रखते हुए स्वयं का धैर्य व अनुशासन ऐसे भव्य अवसरों पर सुरक्षित रहने की गारंटी है । शासन प्रशासन के साथ-साथ जनता जनार्दन को भी ऐसे जानलेवा हादसों के बाद सबक सीखने की सबसे ज्यादा दरकार है।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद, उज्जैन

### दिल्ली में रेखा

**भाई** केजरीवाल रेखा के शपथविधि समारोह में नहीं आये कोई बात नहीं। पर रेखा आप के लिए कोई लक्षमण रेखा तो है नहीं जो आपने आतिशी को पार्टी का कार्यभार सौंप दिल्ली छोड़कर जाने का मन बना लिया। आपने सपनों का शीश महल बनवाया है. रेखाजी तो उसमें रह नहीं रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि शीश महल से भ्रष्टाचार रूपी कांच के टुकड़े निकलने वाले हैं और आप के शरीर पर पड़ने वाले हैं इसलिए आनन-फानन दिल्ली छोड़ने की इच्छा जता रहे हैं. वो भी यह कहकर कि पंजाब में रहकर भ्रष्टाचार से बिगड़ी पार्टी की छबि को सुधारने और पंजाब व गुजरात में पार्टी को मजबूत करने प्रयास करूंगा। एक बात सही है केजरीवाल ओर उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के बहुत आरोप लगे हैं. शीश महल भी भ्रष्टाचार से सुसज्जित किया गया। चूंकि दिल्ली में अब सरकार बदल गई है. भाजपा+ ने सत्ता संभाल ली है. केजरीवाल+ पर पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप ही नहीं लग रहे हैं बल्कि जेल की हवा भी उन्हें मिल चुकी है. चूँकि अब मुख्यमंत्री के रूप में रेखा दिल्ली में आ गई हैं और वो कहीं मेरे लिए दिल्ली की लक्षमण रेखा जिसे पार करना मेरे लिए मुश्किल न बन जाये इसलिए लकीर खिंचने से पहले ही दिल्ली छोड़ दूं तो ही ठीक रहेगा।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### दमदार प्रदर्शन

**लम्बी** आंतरिक खींचतान के बाद केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने रेखा गुप्ता (दिल्ली की पूर्व मेयर और पहली बार विधायक, शालीमार बाग से) दिल्ली बीजेपी की महासचिव और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष) को मुख्यमंत्री के रूप में पदारूढ़ करके एक तीर से कई निशाने साध दिए हैं। दिल्ली के व्यापारी वर्ग का मान रखा है एवं नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय रचा है। परवेश वर्मा और रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स भी हासिल किए हैं। नई दिल्ली में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराने वाले एवं जाट बेल्ट में अच्छी पकड़ रखने वाले परवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे को डिप्टी सीएम बनाना जातिवाद के समीकरण को संतुलित करना है। नारी सशक्तिकरण व जातिगत समीकरण राजनीति में महत्वपूर्ण कारक बन चुके हैं। भव्य शपथ ग्रहण समारोह के द्वारा निश्चित रूप से बीजेपी ने दमदार प्रदर्शन किया है।

- **युगल किशोर शर्मा**, फ़रीदाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# 50 लाख से ऊपर लागत के निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 50 लाख से उपर की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें।

उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए। समीक्षा के दौरान पी0डब्लू0डी0, सिडको, राजकीय निर्माण निगम, यूपीपीसीएल, सीएनडीएस, आवास विकास परिषद सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण कर गुणवत्ता की जांच कराते हुए सम्बंधित विभाग को हैण्डओवर करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नये कार्यो में टेण्डर आदि की प्रक्रिया की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास हेतु जनप्रतिनिधिगणों के साथ मिल कर इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि कहां पर कौन से निर्माण कार्य कराया जाना आवश्यक एवं जनहित में होगा।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह का अपर जिला न्यायाधीश ने किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** जिला जज श्री महेन्द्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह–बस्ती में बाल अपचारियों से मुलाकात किया तथा उनके अधिकारों एवं अन्य समस्याओं के बारे में बातचीत किया। वर्तमान में संत कबीर नगर से संबंधित विधि के विरोध में कुल 23 बालक बाल संप्रेक्षण गृह बस्ती में निर्वासित है, सचिव द्वारा सभी बाल अपचारियों से बात चीत की गई तथा बीमार अपचारियों के स्वास्थ संबंधी हाल–चाल लिए गए। उनके पठन–पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संप्रेक्षण गृह में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा अधीक्षक को साफ–सफाई एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बाल अपचारियों को उनके अधिकारों जैसे–नि:शुल्क विधिक सहायत प्राप्त करने, पैरवी हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता पाने इत्यादि अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

# जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के सम्बन्ध में की बैठक की अध्यक्षता

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र, प्रयागराज द्वारा आयोजित आगामी बोर्ड परीक्षा को जिले में नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा व्यवस्था में लगे जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा आगामी 24 फरवरी से परीक्षा प्रारम्भ हो रही है जिसके लिए जनपद में कुल 49 परीक्षा केन्द्रों को प्रस्तावित किया गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 03 जोनल मजिस्ट्रेट 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 49 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है जो अपने अपने सेक्टरों के अर्न्तगत परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा अवधि के समय भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेगें इसके अलावा सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने सबडिविजन के ओवरआल इन्चार्ज बनाया गया है जो जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में परीक्षा के दौरान भी भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न करायेगें।

जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष–2025 की हाईस्कूल/इण्टर परीक्षाओं हेतु जनपद में हाईस्कूल के 12562 व इण्टरमीडिएट के 9871 छात्र–छात्राएं परीक्षा देंगे इस प्रकार जनपद में कुल 22433 छात्र–छात्राएं बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया है कि बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाएं, ताकि शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा सम्पन्न करायी जा सके। उन्होने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए सभी सम्बन्धित जोनल, सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया।

# एनटीपीसी के सौजन्य से एम्स में होगा छात्रावास का निर्माण



**ऊंचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी द्वारा एम्स रायबरेली में सात मंजिला बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। रायबरेली जनपद को यह सौगात एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत प्राप्त होगी। इस आशय का आपसी करार एम्स अस्पताल रायबरेली में एनटीपीसी और एम्स के बीच किया गया। करार पर एनटीपीसी ऊँचाहार की तरफ से मानव संसाधन प्रमुख रुमा दे शर्मा तथा एम्स की तरफ से कार्यकारी निदेशक डा0 अरविन्द राजबंशी ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर ऊँचाहार परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव, सीएमओ डा0मधु सिंह अपर महाप्रबन्धक प्रीति सिन्हा, तथा सीएसआर टीम एवं एम्स की तरफ से डा0 नीरज कुमारी डीन तथा एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के सीएसआर के शीर्ष अधिकारी एवं दोनो संस्थाओं के अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

एनटीपीसी द्वारा एम्स में सीएसआर योजना के तहत जिस सात मंजिला बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा उसमें पैंसठ कमरे होंगे जिससे नर्सिगं एवं पैरामेडिकल छात्राओं को आवासीय सुविधा मिल सकेगी।

# प्रदेश सरकार के बजट से कालपी के हाथ कागज उद्योग को मिली निराशा, नहीं मिलीं आवश्यक सहूलियतें

● कागज उद्योग जिसमें लगभग 7 हजार श्रमिक परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से काम कर करते हैं जीविकोपार्जन

● प्रोत्साहन के लिए ठोस कदम न उठाए गए तो इतिहास बन जाएगा यह जी टैग प्राप्त उद्योग

संवाददाता। कालपी, जालौन

**प्रदेश** सरकार द्वारा जारी बजट में हाथ कागज उद्योग के लिए किसी भी तरह की सहूलियतें न मिलने से इस उद्योग से जुड़े व्यवसायियों, कारीगरों व श्रमिकों में निराशा व्याप्त है जबकि विशेष गुणवत्ता के मानकों पर खरा उतरने के चलते नगर के हस्त निर्मित कागज उद्योग को एक जिला एक उत्पाद में शामिल किया जा चुका है इतना ही नहीं अपनी गुणवत्ता की विशेषताओं की खूबियों के कारण इस उत्पाद को भारत सरकार द्वारा जीआई टैग से भी सम्मानित किया जा चुका है। उपरोक्त सभी विशेषताओं को संजोए हुए यह कागज उद्योग जिसकी वर्तमान में 50 से अधिक फैक्ट्रियां उत्पादन कर करके आकर्षक कागज बना रही हैं इस उद्योग को विकसित करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से कागज उद्योग के संगठन ने कई बार मांग पत्र देकर सरकार से अनुरोध किया है कि कालपी के कागज उद्योग जिसमें लगभग 7 हजार श्रमिक परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से काम करके अपना जीविकोपार्जन करते हैं। प्रदेश सरकार की अपेक्षा के कारण जिंदगी एवं मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस बजट से यह अपेक्षा की गई थी कि कागज उद्योग की प्रमुख मांगे जैसे विद्युत दरों में 50 प्रतिशत का अनुदान जीएसटी की तरह 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत करने एवं कागज की बिक्री हेतु पूरे भारत में मार्केट के साधन उपलब्ध कराने जैसी समस्याओं के निराकरण की उम्मीद थी उम्मीद की गई थी।

लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के इस बजट में कागज उद्योग के विकास हेतु कोई आर्थिक प्रावधान न करने के कारण हाथ कागज उद्योग में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष पंडित नरेंद्र कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की उत्तर प्रदेश सरकार के लघु उद्योग मंत्री माननीय राकेश सचान ने कालपी के कागज उद्योगों द्वारा आयोजित समारोह में घोषणा की थी की कालपी के कागज उद्योग के विकास हेतु आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा लेकिन इस बजट में वित्त मंत्री द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं किया गया।

ज्ञातव्य हो कि कालपी का कागज उद्योग में इतनी अधिक श्रमिक काम करते हैं जितने की प्रदेश में बड़े–बड़े उद्योगों में भी नहीं करते हैं फिर भी इस उद्योग के प्रोत्साहन हेतु सरकार उदासीन क्यों है यह बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा है उत्तर प्रदेश सरकार अगर प्रोत्साहन दे तो कालपी का कागज उद्योग पूरे देश में अपना परचम फहरा सकता है।

इस उद्योग की एक विशेषता यह भी है की बड़ी–बड़ी पेपर मिलों द्वारा जो कागज बनाया जाता है वह हरे पेड़ों को काटकर बनाया जाता है जो पर्यावरण के लिए दुश्मन है वहीं दूसरी ओर कालपी का हाथ कागज पूरे देश में कपड़ों की सिलाई से निकली सूती कतरन से बनता है जो पर्यावरण के लिए मित्रता का काम करता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अगर इस उद्योग के प्रोत्साहन हेतु ठोस कदम नहीं उठाये तो यह उद्योग धीरे–धीरे इतिहास बन जाएगा।

# कोतवाली कोंच का निरीक्षण कर एसपी ने अधीनस्थों को दिये निर्देश



**कोंच, जालौन।** पुलिस कप्तान डा. दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण कर मातहतों को निर्देश दिए जा रहे हैं जिसके क्रम में दिन गुरुवार को कोतवाली का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के द्वारा किया गया। पुलिस कप्तान के निरीक्षण को देखते हुए कोतवाली में वृहद स्तर पर तैयारियां की गई थी पुलिस कप्तान की कार्यशैली से परिचित पुलिसकर्मी अपना शत–प्रतिशत योगदान देने में जुटे हुए थे कप्तान ने आते ही सलामी ग्रहण की और उसके बाद तत्काल ही मुआयना शुरू कर दिया जिसके बाद महिला हेल्प डेस्क हवालात और विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं कोतवाली में साफ सफाई की व्यवस्था देख कर पुलिस कप्तान संतुष्ट दिखे, पूरी कोतवाली एक नए रंग रूप में दिख रही थी जिस पर पुलिस कप्तान ने प्रसन्नता जाहिर की और आगे भी आवश्यक साफ–सफाई रखने की बात कही वहीं शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए पुलिस कप्तान ने वहां पर मौजूद शस्त्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की और शस्त्रों को स्वयं खोल कर बंद कर शस्त्रों का अवलोकन किया। थाने पर मौजूद समस्त रजिस्टरों का अवलोकन करने के बाद एसपी संतुष्ट दिखे।

# रायबरेली पहुंचे सांसद राहुल गांधी पिप्पलेश्वर मंदिर में किये दर्शन

संवाददाता। रायबरेली




**नेता** प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी का दो दिवसीय रायबरेली का दौरा है। वे आज लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बछरांवा पहुंचे और चूरूवा के श्री पिपलेश्वर मन्दिर में पहुंचकर दर्शन किया। इसके बाद यहाँ एक मैरिज लोन में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इसके बाद राहुल गांधी शहर के सिविल लाइंस बरगद चौराहे पर मूल भारती पिछड़ा वर्ग छात्रावास में छात्रों के साथ दलित छात्र संवाद कार्यक्रम में छात्रों से वार्ता भी की।

यहां पर राहुल गांधी द्वारा पूर्व सांसद सोनिया गांधी द्वारा संस्तुत की गई 95 मीटर की इंटरलॉकिंग सडक का उद्घाटन भी किया। यह सडक लगभग 10 लाख रुपए की कीमत से तैयार हुई है।यह 2019 से 2024 तक के बीच में संस्तुति हुई थी। इस कार्यक्रम के पश्चात राहुल गांधी राही ब्लाक के उत्तर पारा के सहकारी संघ में महिला समाजसेवियों के साथ बैठक जगतपुर ब्लाक के शंकरपुर गाँव में अमर सेनानी राणा बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में राणा बेनी माधव सिंह की मूर्ति का अनावरण शुक्रवार 21 फरवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सांसद आवास भुएमऊ में राहुल गांधी आम लोगों व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात करेंगे। सुबह 11.30 बजे भीरा गोविंदपुर गाँव में वीरा पासी की मूर्ति पर माल्यार्पण भी करेंगे। इसके पश्चात वे मॉडर्न रेलकोच फैक्ट्री लालगंज का निरीक्षण करेंगे। साथ ही लालगंज के एक गेस्ट हाउस में युवा संवाद कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी भाग लेकर युवाओं से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद में सड़क मार्ग द्वारा लखनऊ एयरपोर्ट के लिए शाम 4.00 बजे तक रवाना हो जाएंगे।

# युवती ने में भीतर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ऊंचाहार।** अज्ञात कारणों के चलते युवती ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और छानबीन शुरू कर दी है। ओझा का पुरवा मजरे कंदरांवा गाँव निवासी सुरेश कुमार की पुत्री सोनाली 22 वर्ष ने गुरुवार की भोर में घर के पिछले हिस्से में बने कमरे में लगी बल्ली में रस्सी के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली।सुबह परिजनों ने घटना की जानकारी होने पर पुलिस को मामले की सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका युवती के माता पिता दिल्ली में रहते हैं और वो अपने दादा दादी के साथ घर पर रहती थी। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# क्रिकेट मात्र एक खेल ही नहीं बल्कि जुनून है: राज दीक्षित



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के कोटवा में आयोजित श्री भैंसेश्वर महादेव टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बृहस्पतिवार को शानू इलेवन शिवगढ़– राणा इलेवन ढकिया के मध्य खेला गया। जिसमें राणा इलेवन ढकिया ने शानदार पारी खेलते हुए शानू इलेवन शिवगढ़ को 8 रनों से पराजित कर दिया। गौरतलब हो कि ढकिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। वहीं जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शानू इलेवन शिवगढ़ सोलहवें ओवर की अन्तिम बॉल पर 167 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार से राणा इलेवन ढकिया ने आठ रनों से मैच जीत कर कप अपने नाम कर लिया। विजेता–उपविजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक हरि बहादुर सिंह, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी द्वारा किया गया। राज दीक्षित ने विजेता – उप विजेता टीम को कप देकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# हार्ट सर्जन डॉ गौतम को सामाजिक न्याय संगोष्ठी में किया सम्मानित



**जालौन, उरई।** कानपुर में कॉर्डियोलॉजी विभाग में तैनात ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी हार्ट सर्जन डॉ. संदीप गौतम को विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर भागीदारी भवन गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित सामाजिक न्याय संगोष्ठी में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री असीम अरूण द्वारा सम्मानित किया गया। उनके सम्मान पर गांव में खुशी की लहर है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी डॉ. संदीप गौतम ने प्रारंभिक शिक्षा बालघर स्कूल से और इसके बाद इंटरमीडिएट तक की शिक्षा डीएवी इंटर कॉलेज उरई से प्राप्त की थी। शुरू से ही उनका सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना था। सीपीएमटी में पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की। इसके बाद एमबीबीएस की शिक्षा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से वर्ष 2006 में पूर्ण की। आगरा से चाइल्ड हेल्थ डिपलोमा किया। इसी दौरान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज से वर्ष 2014 में एमएस की डिग्री हासिल की। सर्वोच्च डिग्री डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट लखनऊ से हासिल की। इसके बाद प्राइवेट हॉस्पिटल की चकाचौंध से दूर रहकर उन्होंने लोगों की सेवा को चुनते हुए कानपुर में कॉर्डियोलॉजी विभाग में ज्वाइन किया। वर्तमान में वह कॉर्डियोलॉजी विभाग में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अब तक वह 1 हजार से अधिक मरीजों की हार्ट सर्जरी कर चुके हैं।

# संदिग्ध अवस्था में महिला व उसकी पुत्री का शव मिलने से फैली सनसनी

संवाददाता। उरई, जालौन



**सदर** कोतवाली क्षेत्र के अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप एक दो मंजिला भवन की दूसरी मंजिल में एक महिला व उसकी 6 वर्षीय पुत्री का शव मिलने की सूचना की पर मौके पर पहुंची सीओ व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कमरों का गहनता से निरीक्षण कर साथ ही सास, ससुर से जानकारी ली। जानकारी पता चला कि मृतक महिला का पति प्रात: 4 बजे घर से निकल गया था जिसके मोबाइल नंबर पर कॉल करने के बाद वह उसे रिसीब नहीं कर रहा था। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में प्रियंका का अश्विनी कुमार निवासी अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप के साथ विवाह हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद से प्रियंका अपने मायके चली गयी थी। इसके बाद प्रियंका ने खाना खर्चा के लिये न्यायालय में मुकदमा भी डाला था। इसी दौरान प्रियंका के ससुर ने अपनी समधी से बातचीत कर तीन दिन पूर्व ही प्रियंका व उसकी पुत्री को लेकर आया था। इसके बाद से ही प्रियंका अपने ससुर के मकान में दूसरी मंजिल पर अपने पति के साथ रहने लगी थी।

प्रात: डॉयल 112 से सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप स्थित एक मकान में एक महिला व उसकी 6 वर्षीय पुत्री का शव पड़ा है। उक्त सूचना मिलते ही सीओ सदर अर्चना सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां अलग–अलग कमरों में महिला व उसकी पुत्री का शव चारपाई पर पड़ा मिला। मौके की नजातक को देखते हुये सीओ ने फॉरेंसिक टीम को भी जांच पड़ताल के लिये मौके पर बुलाया। जब पुलिस अधिकारियों ने मृत महिला के पति अश्विनी कुमार के मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उसने किसी की कॉल रिसीव नहीं की। बाद में पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था।

# रमजानुल माह की व्यवस्थाओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**उरई, जालौन।** ईदगाह रामनगर उरई कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद अयूब अंसारी के नेतृत्व में लईक अंसारी, मों. एहतियाम, हाजी मुहम्मद आला, हाफिज असलम, वली उल्ला, मुहम्मद हाशिम सहित आदि मुस्लिम समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि रमजानुल मुबारक का पावन माह 01 मार्च से शुरू होने जा रहा है जो एक माह तक चलेगा। इस माह में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते है। उन्होंने बताया कि रमजानुल माह के दौरान होली का भी त्योहार सम्पन्न होने जा रहा है। इस पर्व को देखते हुए पूरे माह मस्जिदों, मदरसों व खानकाहों के आसपास एवं होली के त्योहार पर सफाई व कलई डलवाई जाये, शहर में आवारा घूमने वाले जानवरों, सुअरों पर प्रतिबंध लगाया जाये, लाइट की उचित ब्यवस्था की जाये उन्होंने बताया कि रमजान माह में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बजरिया रोड़ पर स्थाई दुकानों के अलावा अनेक प्रकार की अस्थाई दुकानें भी लग जाती है इस लिए रमजान माह में बजरिया रोड़ के दुकानदारों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाये। इसके साथ ही 24 घंटे पानी की सप्लाई जारी रखी जाये। इसके साथ ही ज्ञापन में अन्य समस्याओं को भी शामिल किया गया है।

# जिला अस्पताल पहुंच डीएम ने मरीजों से ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

संवाददाता। उरई, जालौन



**गुरुवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ–सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब आदि वार्डो का भी दौरा किया। उन्होंने मरीजों से सीधे वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल एक संवेदनशील स्थान है, जहां साफ–सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दवा वितरण केंद्र पर मरीजों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को दवाएं बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराई जाएं और कोई भी मरीज दवा के अभाव में परेशान न हो। पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्टों की समयबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने लैब टेक्नीशियनों को निर्देश दिए कि सभी जांच रिपोर्टें निर्धारित समय में मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं ताकि उपचार में देरी न हो।

उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से रिपोर्ट के लिए चक्कर न लगाने पड़ें। अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की हाजिरी रजिस्टर को देखा। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता और सहानुभूति होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए और किसी भी समस्या के समाधान में कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिला अस्पताल में आने वाला हर मरीज संतुष्ट होकर जाए।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025



# बैंक में ऋण के लंबित आवेदनों का नियमानुसार कराएं निस्तारणः जिलाधिकारी

- लाभार्थियों को एलडीएम से समन्वय स्थापित कर लाभ दिलाएं विभागाध्यक्ष
- डीएम ने डीसीसी व डीएलआरसी की ली बैठक



**फतेहपुर।** जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की प्रगति वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान प्रधानमंत्री फसली बीमा योजना के अंतर्गत रबी एवं खरीफ मौसम में हुई फसल बीमा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की प्रगति, पशुपालन एवं मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड विशेष कैंप की प्रगति, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास आदि की विस्तृत समीक्षा की। समस्त बैंकर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिन बैंकों के ऋण जमानुपात कम है उनको बढ़ाया जाये।

लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत ऋण के आवेदन बैंकों में लंबित है उनका नियमानुसार कार्यवाही कर निस्तारण करते हुए वितरित किया जाये। जो आवेदन निरस्त किए गए उसकी जांच कर कारण स्पष्ट करें और जिन आवेदनों में छोटी-छोटी कमियां है या प्रपत्र नहीं है उनको पूरा कराते हुए लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किया जाये। जो ऋण स्वीकृत हो गए उनको ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बैंक क्रेडिट लिंकेज के प्रकरण लंबित है उनको जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। स्वत: रोजगार, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने विभाग मे संचालित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को एलडीएम से समन्वय स्थापित कर समय से लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण कराएं। आरबीआई के दिशा निर्देशानुसार बैंक वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाए की फोटो सहित रिपोर्ट से अवगत भी कराएं। 2025-26 के लिए बैंकर्स वार्षिक ऋण योजना का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है उसमें विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीडीओ, एडीएम (वि/रा), एलडीएम गोपाल कृष्ण, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, उपयुक्त स्वत: रोजगार, समस्त डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने तांबेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** भाजपा के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने आगामी 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर तांबेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया और तय किया कि मंदिर के पीछे स्थित तालाब के किनारे फल, मिठाई व फूलों की दुकान लगाई जाएगी ताकि रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हों और आसानी से लोग भोले शंकर के दर्शन कर सके। किसी को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद के कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं जो लगातार तालाब को सुंदरीकरण करने के लिए मिट्टी को समतल कर रहे हैं। इसके साथ ही रोड की साफ सफाई कर रहे हैं ताकि महाशिवरात्रि के पर्व पर आने वाले भक्तों को कोई भी परेशानी न हो सके। महाशिवरात्रि के पर्व पर तमाम भक्त लेट लेट कर भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए आते हैं ऐसे भक्तों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े लिहाजा रोड पर जहां गड्ढे हैं।

## किसानों के दल को एडीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

- उन्नतशील प्रजातियों व फसल सुरक्षा प्रबंधन की मिलेगी जानकारी




**फतेहपुर।** आत्मा योजना के अंतर्गत कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के माध्यम से अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण के तहत 52 किसानों के दल को आईसीएआर भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर राजस्थान तथा पूसा कृषि विज्ञान मेला भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली भ्रमण हेतु बस को कलेक्ट्रेट परिसर से अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडीएम न्यायिक ने कहा कि सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर में किसानों को सरसों के उत्पादन हेतु उन्नतशील प्रजातियों एवं फसल सुरक्षा प्रबन्धन के साथ ही मूल्य संवर्द्धन तकनीक की जानकारी मिलेगी। गंगा एवं यमुना नदी का दोआबा क्षेत्र होने से जनपद में तिलहन उत्पादन की अपार संभावना है। किसान आयल मिल लगाकर सरसों तेल की बिक्री से भी आय में वृद्धि कर सकते हैं। किसानों को नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेला में भ्रमण करेंगे, जहां पर देश के विभिन्न आईसीएआर के संस्थानों एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों, एफपीओ एवं नये स्टार्टअप व उद्यमियों के स्टाल में कृषि तकनीकी व व्यावसायिक जानकारी के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी जानकारी जलवायु परिवर्तन आधारित कृषि तकनीक की जानकारी प्राप्त होगी। भ्रमण में जाने वाले किसान संस्थानों से प्राप्त जानकारी को दूसरे किसानों को भी तकनीक की जानकारी देंगे। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने कहा कि अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण में पूसा में रबी फसलों गेंहू, चना, मसूर के साथ ही सब्जी उत्पादन तथा पाली हाउस में खेती के प्रक्षेत्र भ्रमण के साथ ही वहां पर उन्नतिशील प्रजातियों के बीज भी किसान क्रय कर सकेंगे। संचालन कर रहे प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि इन भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से संस्थानों के फार्म भ्रमण में कृषि की नई तकनीक प्रत्यक्ष देखने को मिलती है जिसे किसान अपनाकर उत्पादन में वद्धि करने के साथ ही अन्य किसानों के लिए माडल बनते हैं। इस कृषक भ्रमण कार्यक्रम में रणवीर सिंह, भानु प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह, विकास द्विवेदी, मंगल सिंह, राजदुलारे शुक्ल, रमेश त्रिवेदी, रामकरन हैं।

## भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

- ग्राहक को बेहतर सुविधाएं देना व्यापारी का कर्तव्य हैः शमीम सिद्दीकी


फीता काटकर प्रतिष्ठान का उदघाटन भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष।

**गुरसहायंज कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी ने नगर के तिर्वारोड में एक नवीन प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि ग्राहक को बेहतर सुविधायें देना व्यापारी का कर्तव्य होता है। गुरूवार को नगर के तिर्वारोड स्थित एक मिनारा मस्जिद, दालमिल के सामने बृज कांपलेक्स में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी नें विस्मिल्लाह (होलसेल) रेडीमेड प्रतिष्ठान का फीता काटकर उदघाटन करनें के उपरान्त कहा कि व्यापार और ग्राहक सेवा के बीच सीधा संबंध होता है। एक अच्छा व्यापारी वही होता है जो अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान करे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही किसी भी व्यवसाय की सफलता की कुंजी होती है। प्रतिष्ठान के मालिक सगीर अहमद ने बताया कि वे ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों फहीम अहमद, मुईन अहमद नें मुख्य अतिथि को फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान इमरान अहमद, शादाब हुसैन, मुस्तकीम, सत्यम प्रजापति, मारूफ खान, अब्दुल मतीन, वसीम सिद्दीकी, नोमान सिद्दीकी, सलमान, साजिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## रेडक्रास के सहयोग से दो स्थानों पर लगा रक्तदान शिविर

- पीएनबी में एडीएम व जिला अस्पताल में सीएमओ ने किया शुभारंभ

**संवाददाता।** फतेहपुर

**इंडियन** रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व में दो रक्तदान शिविरों में एक जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र व दूसरा पंजाब नेशनल बैंक सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। पंजाब नेशनल बैंक में रक्तदान शिविर का शुभारंभ फीता काटकर अपर जिलाधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी व जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र में मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ राजीव नयन गिरि ने किया। चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभाकांत सिंह को माल्यार्पण व बैज अलंकृत कर सम्मानित किया। जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र में 05 व पंजाब नेशनल बैंक में 06 कुल 11 रक्तदान हुए। जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र के रक्तवीरों में पहली बार रक्तदान करने वाले अनिल कुमार, अर्जुन गुप्ता, रोहित, कैलाश माली के अलावा वीरेंद्र यादव, फरीदुल हसन एवं बैंक के रक्तवीरों में बैंक प्रबंधक नमन अग्रवाल, मनीष शुक्ला, रोहन प्रभाकर व पहली बार रक्तदान करने वाले अजय सिंह, सत्यनारायण, दीप संध्या शर्मा रहे।

रेडक्रास के अगले शिविर में रक्तदान करने के लिए 25 लोगों ने रजिस्ट्रेशन भी कराया। सभी रक्तवीरों को अपर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर तथा पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक ने रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को गुलाब का पुष्प भेंटकर सम्मानित किया। एडीएम व सीएमओ ने सभी रक्तवीरों सहित इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर डॉ. प्रभाकांत सिंह सीएमएस, डॉ. वरदवर्धन बिसेन एचओडी ब्लड बैंक, डॉ. अनुज सिंह, डॉ. शिवम तिवारी, सर्वेश गुप्ता, सलाहकार संजय श्रीवास्तव, श्रवण कुमार गुप्ता, शैलेंद्र रस्तोगी, चैतन्य कुमार, ब्लड बैंक से टेक्निकल सुपरवाइजर व संयोजक रक्तसंचरण समिति इंडियन रेडक्रास सोसाइटी अशोक शुक्ला, सह संयोजक कौशल कुमार श्रीवास्तव, दीपाली वर्मा, बृज किशोर, पूजा तिवारी, राजू कैथवास, सुभाष मौर्य, मेडिकल कॉलेज के डीएमएलटी छात्र आदर्श, अर्पित, हरेंद्र, संगीता, अंजलि, अलका, शालिनी उपस्थित रहे।

## अंनतराज फार्मेसी संस्थान अकबरपुर में 25 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात के द्वारा पुरुष/महिला बेरोजगारों के लिए दिनॉक 25/02/2025, स्थान अंनतराज फार्मेसी संस्थान अकबरपुर, कानपुर देहात में प्रात: 11.00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र के कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उर्तीण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेले में आए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जायेगा। इस हेतु अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण.पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति ले आयेगें। मेले में आये अभ्यर्थियों की आईआईटी कानपुर के इंस्टीटयूट ऑफ कॉउन्सिलिंग सर्विस के विशेषज्ञों द्वारा कॉउन्सिलिंग सेवा भी प्रदान की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस की सीसीटीवी व्यवस्था, साफ सफाई, रखरखाव का किया अवलोकन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा आज विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस की सीसीटीवी व्यवस्था, साफ सफाई, रखरखाव आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। नियमित अंतराल पर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए वेयरहाउस में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। एडीएम प्रशासन अमित कुमार, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंहए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय, विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधिगण बीजेपी से अजय पाल जिला महामंत्री, समाजवादी पार्टी से शेखू खान सचिव, बहुजन समाजवादी पार्टी से सर्वेश कुमार जिला सचिव, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आज लगेगा रोजगार

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात ने बताया कि दिनांक 21 फरवरी 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में करम इंटरनेशनल लखनऊ, करियर ग्लोबल लिमिटेड मानेसर गुड़गांव गेटस इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद हरियाणा, एमआरएफ गुजरात आदि अधिष्ठान प्रतिभाग कर रहे हैं, कंपनियों में आईटीआई पास आउट अभ्यर्थी फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, टर्नर मोटर मैकेनिक व्हीकल डीजल मैकेनिक मैकेनिक रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशन एवं अन्य मैकेनिक एवं इलेक्ट्रिकल व्यवसाय एवं पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पास आउट इंजीनियरिंग ट्रेड्स के पास आउट अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। करम इंटरनेशनल लखनऊ.11750, करियर ग्लोबल लिमिटेड मानेसर गुड़गांव.15000, गेटस इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद हरियाणा 15041, एमआरएफ गुजरात.19500 प्रति माह का वेतन निर्धारित किया है। 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों तथा उनकी छाया प्रति के साथ 21.02.2025 को प्रातः 10.30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात में प्रतिभाग कर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### इलाज दौरान महिला की मौत

**फतेहपुर।** जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई ने बहनोई पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी राजेश की पुत्री शालिनी देवी ढाई वर्ष पूर्व कानुपर देहात के थाना मरियाना गांव चौबेपुर निवासी विवेक शर्मा से प्रेम विवाह किया था। बताते हैं कि जिला चिकित्सालय में गुरूवार की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिला चिकित्सालय में मृतका के भाई मोनू शर्मा ने बताया कि उसका बहनोई शराब पीने का आदी था और आये दिन छोटी-छोटी बात को लेकर उसकी बहन को बुरी तरह मारता पीटता था। दो बार जीजा ने उसकी बहन का गर्भपात भी करवा दिया। 03 माह पूर्व जीजा ने बहन को रामा देवी उसके हवाले कर चला गया और कहा कि आज के बाद से बहन को यहां न भेजना उसने बताया कि जीजा के खिलाफकार्यवाही करेगा।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलेनपुर कनहरा में गुरूवार की सुबह घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में 40 वर्षीय युवक का शव चारपायी पर पडा मिला। सलेनपुर कनेहरा गांव निवासी नन्दकिशोर का पुत्र रामू रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। आज सुबह जब वह नहीं उठा तो परिजनों ने उसे उठाने का प्रयास किया। न उठने पर घर वालो को कुछ शव हुआ जिस पर क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने गांव वालों की मदद से दरवाजा तोडकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने के बाद ही मृत्यु का कारण ज्ञात हो सकेगा।

### अज्ञात शव की शिनाख्त

**फतेहपुर।** औंग रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को रेलवे ट्रैक से मिले अज्ञात 60 वर्षीय वृद्ध की शिनाख्त पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का पुत्र जलाल उद्दीन ने बताया कि उसके पिता अदोमियां पुत्र स्व0 द्रुव निवासी धवडगोल थाना मसलिया जिला दुमका झारखण्ड के रूप में करते हुये बताया कि उसके पिता आसनसोल से महराष्ट्र गांधी धाम अपनी बहन रूकसाना के यहां जा रहे थे। तभी यह घटना घट गयी। पुलिस द्वारा पिता की मौत जानकारी लग सकी है।

## पंचायत भवन में तालाबंदी से ग्रामीण परेशान

**फतेहपुर।** विजयीपुर विकास खंड के मंडौली ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन में कई महीनों से तालाबंदी से ग्रामीण परेशान हैं। आवश्यक दस्तावेजों को बनवाने के लिए शहर, कस्बा, ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। गांव के शुगर सिंह, अमन विश्वकर्मा, अजय कुमार, रोहित, जितेन्द्र सिंह, सुरेंद्र यादव, वीर प्रताप आदि ने बताया कि पंचायत भवन में कई महीनों से तालाबंदी रहती है। वर्षों से पंचायत भवन में जनता दर्शन या जनसुनवाई का काम नहीं हुआ। पंचायत भवन में रखे उपकरण इत्यादि भी लापता हो गए हैं। पंचायत में मिलने वाली सुविधाएं कोसों दूर है। आवश्यक दस्तावेज, बनवाने के लिए शहर कस्बों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई शिकायतों के बाद भी पंचायत भवन में ताला लटकता रहा। संबंधित मामले को लेकर ग्रामीणों ने विकास खंड अधिकारी को समस्या से अवगत कराया। मामले के बाबत विकास खंड अधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच की जाएगी।

## भुर्जी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**गुरसहायंज कन्नौज।** भुर्जी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व राज्यमंत्री नानकदीन भुर्जी के नगर आगमन पर महासभा के प्रदेश महामंत्री दीपक सक्सेना सहित पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती और समाज में एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। बीते दिन जैसे ही भुर्जी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व राज्यमंत्री नानकदीन भुर्जी एडवोकेट हाईकोर्ट का काफिला नगर में पहुंचने पर प्रदेश महामंत्री दीपक सक्सेना एवं समर्थकों ने फूल मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके सदस्यों की एकता में निहित होती है, और हमें आपसी सहयोग एवं भाईचारे के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। कहा कि संगठन का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी रेखा गुप्ता वैश्य समाज में हर्ष की लहर

**संवाददाता।** फतेहपुर

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ लेने पर वैश्य समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। चौक चौराहे पर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा चौक चौराहे पर जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल एवं युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल के नेतृत्व में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ लेने की खुशियों में मिष्ठान वितरित करते हुए एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि वैश्य महिला मुख्यमंत्री बनने पर वैश्य समाज गौरवान्वित हुआ है इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार है। परिषद के


एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर दी बधाई।

जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि वैश्य महिला मुख्यमंत्री देश की पहली मुख्यमंत्री होगी जिनके नेतृत्व के दिल्ली का विकास तीव्र गति से होगा। जिला प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज भारतीय जनता पार्टी का जन्म जात वोटर है। वैश्य समाज का मुख्यमंत्री बनने से वैश्य समाज हर्षित है। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय मोदनवाल, वरिष्ठ व्यापारी नेता सत्य भगवान, विनय शरन गुप्ता, मानवाधिकार के अनीत अग्रहरि, रज्जन गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, आशीष अग्रहरि, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित अग्रहरि, मनोज सोनी, दीपू साहू सहित तमाम वैश्य उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर कारीडोर का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेशः विजय शुक्ला रिंकू

- नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शिक्षकों के साथ बैठक की

**गोलागोकर्णनाथ (खीरी)।** नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा शिव मंदिर कारिडोर के शिलान्यास कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के पदाधिकारियों तथा कोचिंग संस्थानों के प्रमुखों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई।

उन्होंने कहा कि गोला के शिव मंदिर का भव्य रुप से सजाने व इसकी भव्यता का सपना साकार होने का समय आ गया है जिसको लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ कल मंदिर जाकर




पूजा.अर्चना के बाद शिव मंदिर के कारीडोर का शिलान्यास करेंगे। जिसमें शिक्षको की बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित करनी है इस शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शिक्षकों व युवाओं व किसानों तथा छात्रों व नवजवानों व्यापारियों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शैलेन्द्र सक्सेना, अवधेश मिश्रा, संजय तिवारी, संजीव दीक्षित, राम नरेश वर्मा, अरुण वर्मा, शुशील पटेल, डीपी श्रीवास्तव, राजेश कश्यप, संजय शुक्ला सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## पालिका चेयरमैन ने नलकूप का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से 15वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत क्षेत्र के गढ़ीवा रियाज कालोनी में निर्मित कराए गए नलकूप रिबोर का गुरूवार को चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने शिलापट्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि इस नलकूप के बन जाने से अब इस क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार सभी क्षेत्रों का विकास कराया जा रहा है। शहर में खराब पड़ी सभी सड़कों को जहां दुरूस्त कराया जा रहा है वहीं नई सड़के भी बनवाई जा रही हैं। उन्होने कहा कि इस क्षेत्र के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। इसलिए यहां नलकूप रिबोर कराया गया है। इस मौके पर सभासद श्यामू जायसवाल, विवेक सिंह यादव, शादाब अहमद, जलकल विभाग के जेई विजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर की बैठक, दिए निर्देश

- डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश, राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराएं पूरा



**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में राजस्व से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं और राजस्व कार्यों और कर.करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत.प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। संचालन एडीएम डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

### सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की राजस्व से जुड़े विभागों की समीक्षा

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं की कलेक्ट्रेट में समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाट माप, मण्डी विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने विभागीय अफसरों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें, अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देंए निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं।

### लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करेंः डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे।

# मायावती के भाजपा विरोधी मोर्चे में शामिल नहीं होने का अफसोस है : राहुल

**भाषा।** रायबरेली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल नहीं होने से निराशा हुई थी। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौर पर आज पहुंचे लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने यहां बरगद चौराहे के पास मूल भारती छात्रावास के अनुसूचित जाति के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत की। गांधी ने छात्रों से भारतीय राजनीति में बसपा के संस्थापक कांशीराम की भूमिका के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कांशीराम जी ने नींव रखी और बहनजी (मायावती) ने उस पर निर्माण किया। इसके बाद उन्होंने मायावती के मौजूदा राजनीतिक रुख पर सवाल उठाते हुए कहा, मैं चाहता था कि बहनजी हमारे साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ लड़ें, लेकिन किसी कारण से उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह बेहद निराशाजनक है। अगर तीनों पार्टियां एकजुट होतीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत पाती।समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने पिछले साल हुआ लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत साथ मिलकर लड़ा था और उसने सफलता हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीती थीं। गांधी ने बड़े कॉरपोरेट समूहों की आलोचना करते हुए दावा किया कि नौकरियां अम्बानी और अदाणी से नहीं आती हैं, बल्कि छोटे व्यवसायों से मिलती हैं। उन्होंने देश की आबादी में दलितों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत होने का जिक्र करते हुए कुछ शीर्ष निजी कंपनियों के नाम बताए जो 500 बड़ी कम्पनियों का हिस्सा हैं और युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के मालिक दलित समाज के हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया "कोई नहीं", तो गांधी ने उससे पूछा, "क्यों नहीं?" इस पर दूसरे युवा ने जवाब दिया क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। गांधी ने इससे असहमजिताते हुए कहा (भीमराव) आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। उन्होंने अपने बलबूते प्रयास किए। फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया। पूर्व



कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों से कहा, एक पूरी व्यवस्था है जो आपके खिलाफ है और वह नहीं चाहती कि आप आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है और आधे समय तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला करती है। उन्होंने कहा, आपको यह समझने की जरूरत है कि संविधान की विचारधारा आपकी विचारधारा है। मैं आपसे गारंटी के साथ यह कह सकता हूं कि अगर इस देश में दलित नहीं होते, तो इसे अपना संविधान नहीं मिलता। यह आपकी विचारधारा है, यह आपका संविधान है, लेकिन अब आप जहां भी जाते हैं तब आपको व्यवस्था के हाथों कुचल दिया जाता है। गांधी ने संविधान की प्रति लेकर पूछा, यह कितनी पुरानी है? यह तीन हजार साल पुरानी किताब है, जिसमें उतने ही पुराने विचार हैं। इसमें भगवान बुद्ध और कई महान हस्तियों के विचार शामिल हैं। जब डॉक्टर आंबेडकर ने संविधान बनाया, तो ए विचार कहां से आए? ए आपके समाज से आए। चर्चा के दौरान भोलानाथ नाम के एक छात्र ने बी.एड. की डिग्री पूरी करने के बावजूद नौकरी के अवसरों की कमी पर चिंता जताई। इस पर गांधी ने जवाब दिया, सरकार ने आदिवासियों और पिछड़े समुदायों के लिए अवसर बंद कर दिए हैं। वे निजीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। एक अन्य छात्र प्रमोद कुार ने पूछा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो बेरोजगार युवा उससे क्या उम्मीद कर सकते हैं? इस पर कांग्रेस सांसद ने जवाब दिया, जब हमारी सरकार आएगी, तो हम सरकारी क्षेत्र में अधिकतम भर्ती सुनिश्चित करेंगे। नौकरियां अम्बानी और अदाणी नहीं बनातेअ वे छोटे व्यवसायों से आती हैं। गांधी ने आर्थिक विषमताओं के बारे में कहा, अदाणी आसानी से एक लाख करोड़ रुपए का बैंक से कर्ज ले सकते हैं, और अगर वह चुकाने में विफल रहते हैं, तो उसे माफ कर दिया जाएगा। लेकिन अगर आप कर्ज लेते हैं और उसे माफ करने को कहते हैं तो आपको भगा दिया जाएगा। ए बैंक अदाणी और अम्बानी के नहीं हैंअ ए आम लोगों के हैं। जीएसटी में सुधार की जरूरत है। गगन कुमार नामक छात्र ने अनुसूचित जातियों और वंचित समुदायों के लिए एक विश्वविद्यालय की स्थापना का अनुरोध किया। जवाब में गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख मोहन भागवत के रुख की आलोचना करते हुए कहा, मोहन भागवत कहते रहते हैं कि लोगों को अंग्रेजी के बजाय हिंदी बोलनी चाहिए। लेकिन अगर आप अंग्रेजी सीखते हैं, तो आप कहीं भी जा सकते हैं और किसी भी कंपनी के लिए काम कर सकते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी बृहस्पतिवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे। लखनऊ से सड़क मार्ग से गांधी सबसे पहले चुरवा सीमा पर हनुमान मंदिर गए, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

# मंत्री सरनाईक ने मादक पदार्थ की जब्ती पर पुलिस से लिखित रिपोर्ट मांगी

**धाराशिव।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के संरक्षक मंत्री प्रताप सरनाईक ने बृहस्पतिवार को पिछले सप्ताह मंदिर नगरी तुलजापुर के पास से मादक पदार्थ जब्त किए जाने की घटना को गंभीरता से लिया और अगले तीन दिनों में इस संबंध में पुलिस से लिखित रिपोर्ट मांगी। सरनाईक मध्य महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में तुलजा भवानी मंदिर परिसर में चल रहे काम की समीक्षा करने के लिए तुलजापुर में थे। अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान शिवसेना कोटे के मंत्री (जो परिवहन विभाग संभालते हैं) ने अधिकारियों से जिले में मादक पदार्थ के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने को कहा। बैठक में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा, अगर तुलजापुर में कोई व्यक्ति मादक पदार्थ का कारोबार कर रहा है तो उसके साथ सख्ती से पेश आना चाहिए। चाहे वह कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, किसी को भी बख्शा नही जाना चाहिए। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल में डाला जाना चाहिए। मुझे इस मामले के बारे में अपने वरिष्ठों से बहुत कुछ सुनना पड़ा, क्योंकि मैं इस जिले (धाराशिव) का संरक्षक मंत्री हूं। मंत्री ने कहा, मुझे इस मामले पर 72 घंटे में लिखित रिपोर्ट चाहिए। क्या इस मामले में पुलिस विभाग की कोई संलिप्तता है? धाराशिव पुलिस ने 14 फरवरी को सोलापुर-तुलजापुर मार्ग पर 2.5 लाख रुपए का मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया था जिसे तुलजापुर ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने जब्ती के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनमें से दो की आपराधिक पृष्ठभूमि है।

# टाटा पावर दे रही स्वच्छ ऊर्जा आंदोलन को गति

**मुंबई।** आध्यात्मिक जागरण के लिए महाकुंभ मेले में आए हुए लाखों लोगों के साथ, टाटा पावर - अक्षय ऊर्जा, पारेषण और वितरण तथा उत्पादन भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक कंपनी नए बदलाव की शुरूआत कर रही है - ऐसा बदलाव जो सूर्य की असीम ऊर्जा से संचालित होगा। टाटा पावर ने महा कुंभ मेले में सौर ऊर्जा अपनाने और इसके लागत लाभों पर शिक्षा और जांच-पड़ताल के लिए एक डेडिकेटेड जोन बनाए हैं, साथ ही ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन भी चलाए जा रहे हैं। कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि महाकुंभ में आने वाले भाविकों को इस बात की अच्छी जानकारी हो कि सौर ऊर्जा उनके घरों को कैसे बदल सकती है और सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली के बिल कम हो सकते हैं।महाकुंभ ने लाखों लोगों को आस्था के साथ जोड़ा है, टाटा पावर भी उन्हें स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में एकजुट कर रही है। लोगों को अपनी खुद की बिजली पैदा करने, अपने बिजली के बिलों को कम करने और हरित ऊर्जा समाधानों के माध्यम से अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सक्षम बनाकर, टाटा पावर प्रोस्यूमर्स (उत्पादक, उपभोक्ता) की एक नई पीढ़ी का निर्माण कर रही है। शुद्ध ऊर्जा में अग्रणी रहने के पिछले 100 सालों की विरासत को आगे बढ़ा रही टाटा पावर लोगों को भरोसेमंद, किफायती और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा समाधान प्रदान करके सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक ओर लाखों लोग गंगा में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं, दूसरी ओर ऐसा परिवर्तन हो रहा है - जो घरों को रोशन करेगा, आकांक्षाओं को ऊर्जा देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के ऊर्जा भविष्य की नयी परिभाषा रचेगा।टाटा पावर द्वारा आसान इंस्टॉलेशन के साथ सिर्फ़ 7 दिनों में अपने घर को सूर्य घर% बनाएं।

# गुटबाजी करने वालों को बाहर निकाल दिया जाना चाहिए: बिहार के नए कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अल्लावरु

**पटना।** कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले गुटबाजी के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि गुटबाजी में शामिल होने वालों को निकाल दिया जाना चाहिए। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद राज्य के अपने पहले दौरे में अल्लावरु बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पार्टी में गुटबाजी करने वालों को बाहर निकाल देना चाहिए। मतभेद समझ में आते है...कार्यकर्ताओंनेताओं को अपने विचार पार्टी मंचो पर ही रखने चाहिए। लेकिन इसे लक्ष्मण रेखा पार नही करनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और पार्टी को मजबूत बनाने का आग्रह किया। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को चुनौती का सामना करना पड़ेगा। आम धारणा है कि पार्टी संगठन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नही मिलता और इसके बजाय नेताओं को अधिक महत्व मिलता है। मै यह जरूर कहूंगा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया जाएगा। हमें बिहार में कांग्रेस को फिर से मजबूत करना है। हमें जीतने के लिए चुनाव लड़ना है। लड़ाई चाहे बड़ी हो या छोटी, संभव हो या असंभव... हमें जीतने के लिए हर लड़ाई लड़नी होगी। हम बिहार में लड़ेंगे... हम जीतेंगे। अल्लावरु ने कहा, दिल्ली और पटना के चक्कर लगाना बंद करें। अगर आप जमीनी स्तर पर मेहनत करते दिखेंगे तो आपको ईनाम मिलेगा।

# पिछली केंद्र सरकारों ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की: करंदलाजे

**भाषा।** आइजोल

**केंद्रीय श्रम** एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र की पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विकास के मामले में इस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मिजोरम की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचीं करंदलाजे ने कहा कि केंद्र की पिछली सरकारों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों को धन आवंटन बहुत कम था। केंद्रीय मंत्री ने यहां प्रेसवार्ता में दावा किया, अतीत में पूर्वोत्तर आर्थिक रूप से कमजोर था, क्योंकि पिछली केंद्र सरकारों ने इस क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया। इस क्षेत्र को बहुत कम धनराशि आवंटित की गई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों (2004 से 2014) के कार्यकाल में मिजोरम को कर में हिस्सेदारी केवल 4,734 करोड़ रुपए मिली, जो मोदी सरकार के 10 वर्षों के दौरान दिए गए कर हस्तांतरण की तुलना में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि 2014-2024 तक के 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने मिजोरम को करों में 33,178 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी दी है, जो संप्रग शासन के दौरान कर हिस्सेदारी से 600 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस पहाड़ी राज्य के लिए राजग शासन के 10 वर्षों के दौरान अनुदान सहायता भी 94 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि संप्रग सरकार के 10 वर्षों के दौरान उसे 21,359 करोड़ रुपए दिए गए थे। करंदलाजे ने कहा कि नए वित्त वर्ष 2025-2026 के दौरान मिजोरम को केंद्रीय बजट में आवंटित 7,112.23 करोड़ रुपए की कर हिस्सेदारी राशि और 3,853 करोड़ रुपए अनुदान सहायता के रूप में प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राजग सरकार पूर्वोत्तर को प्राथमिकता देती है और इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मिजोरम जल्द ही ब्रॉड गेज रेलवे से जुड़ जाएगा और केंद्र राज्य के एकमात्र लेंगपुई हवाई अड्डे को कार्गो उड़ानों के लिए उन्नत करने के लिए कदम उठा रहा है।

# आतंकवादियों को प्रश्रय से सुरक्षित पनाहगाह बनते हैं, नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है: उच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि आतंकवादियों को पनाह देने से उनके लिए सुरक्षित पनाहगाह बनते हैं और उन्हें गोपनीयता का आवरण प्रदान करके नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डाला जाता है।न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने 18 फरवरी को यह टिप्पणी की और जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के वहामा निवासी जहूर अहमद पीर को जमानत देने से इनकार कर दिया। पीर को 2017 में पाकिस्तान से कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए रसद और अन्य सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोगों को भोजन और सुरक्षित आश्रय प्रदान करना, लंबे समय तक आतंकवाद को बढ़ावा देना और आतंकवादियों को पनाह देना गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक गंभीर अपराध है, जिसके लिए अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का



प्रावधान है। पीठ ने कहा, आतंकवादियों को पनाह देना गंभीर अपराध नहीं माना जा सकता, खासकर तब जब यह दावा किया जाता है कि ऐसा दबाव या जबरदस्ती के तहत किया गया है। हालांकि, गहन विश्लेषण से पता चलेगा कि आतंकवादियों को पनाह देना कोई निर्दोष कृत्य नहीं है। अदालत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले लोग लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) जैसे संगठनों को समर्थन देते हैं और उन्हें गोपनीयता का आवरण प्रदान करते हैं। इसने कहा कि पनाह देने से सामान्य रूप से समाज में अशांति फैलती है और अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इस तरह की गैरकानूनी गतिविधि को वैधता मिल जाती है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के अनुसार भारत में आतंकी हमले करने के लिए पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा द्वारा साजिश रची गई थी। साजिश के तहत, सह-आरोपी बहादुर अली और उसके दो सहयोगियों अबू साद और अबू दर्दा ने कथित तौर पर जून 2016 में नियंत्रण रेखा पार करके जम्मू-कश्मीर में अवैध रूप से घुसपैठ की थी। स्थानीय पुलिस और सेना द्वारा तलाशी अभियान चलाकर अली को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान, पीर को सितंबर 2017 में इस आरोप में गिरफ्तार किया गया था कि उसका अली से सीधा संबंध था और उसने वहामा गांव में रहने के दौरान उसे भोजन और आश्रय में मदद की थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि सह-आरोपी अली एक पाकिस्तानी नागरिक था और वह आतंकवादी कृत्य करने के लिए हथियार और गोला-बारूद के साथ भारत में घुसपैठ करके आया था तथा मौजूदा साक्ष्यों से पता चलता है कि पीर ने उसे पनाह देना जारी रखा। इसने कहा कि प्राथमिकी और आरोपपत्र में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सत्य हैं।

# पेज 1 का शेष

## दिल्ली ने...

कोनराड संगमा ने भाग लिया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी इस समारोह के साक्षी बने। रेखा के पूर्ववर्ती अतिशी और आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे समारोह में शामिल नहीं हुए, हालांकि आप की बागी नेता स्वाति मालीवाल ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। पीएम मोदी ने सीएम पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी। साथ ही कहा कि रेखा गुप्ता जमीनी स्तर से उठी हैं, कैंपस राजनीति से लेकर राज्य संगठन और नगरपालिका प्रशासन में सक्रिय रहने के बाद अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री बनी हैं। पीएम ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वह पूरी ताकत के साथ दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उपयोगी कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने पर प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और श्री पंकज कुमार सिंह जी को भी बधाई। उन्होंने कहा, इस टीम में जोश और अनुभव का खूबसूरत मिश्रण है और निश्चित रूप से यह दिल्ली में सुशासन सुनिश्चित करेगी। उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रेखा को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। शपथ ग्रहण करते ही रेखा एक्शन में आ गई है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद रेखा गुप्ता सचिवालय पहुंचीं और मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभाल लिया। उनके साथ भाजपा के दिल्ली प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत अन्य पार्टी नेता थे। कार्यभार संभालने के बाद गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा विकसित दिल्ली के मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं किया जाएगा, लोगों से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करेगी। मासिक सहायता की पहली किस्त आठ मार्च तक पात्र महिलाओं के खातों में जमा कर दी जाएगी। गुप्ता ने साथ ही कहा कि आम आदमी पार्टी को उसके शासन के दौरान उठाए गए कदमों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। इसके बाद यमुना बाजार स्थित वसुदेव घाट पर आरती मरें शामिल हुई। फिर देर शाम नए मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंत्री समेत तमाम मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा साधु-संत और कारोबारियों के साथ ही हजारों लोग रेखा के शपथ ग्रहण में शामिल हुए। शपथ ग्रहण के लिए रामलीला मैदान में सुरक्षा के लिए एनएसजी कमांडो, दिल्ली पुलिस के जवान और आरएएफ के जवान तैनात थे। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना सुरक्षा जांच के किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। रेखा गुप्ता, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हैं। वर्तमान में, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद वह देश में दूसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली पुलिस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एलो बुक में उल्लिखित सुरक्षा दिशानिर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री को यह सुरक्षा दी गई है। एलो बुक में विशिष्ट व्यक्तियों और अति-विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी और वीवीआईपी) के सुरक्षा प्रोटोकॉल का विवरण दिया गया है। जेड श्रेणी की सुरक्षा के तहत गुप्ता की सुरक्षा में लगभग 22 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे जिनमें निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ), सुरक्षा दस्ते, निगरानी दल के अलावा और लगभग आठ सशस्त्र गार्ड शामिल होंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह सुरक्षा आमतौर पर शीर्ष स्तरीय राजनीतिक हस्तियों को दी जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को भी उनके कार्यकाल के दौरान जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी।

## विजेंद्र गुप्ता...

और भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि पिछले हफ्ते चुनाव जीतने के बाद उन्होंने वादा किया था कि पूर्व आप सरकार के बारे में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 14 लंबित रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी और उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि रिपोर्ट इस बात का खुलासा करेगी कि कैसे आप ने करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं में लिप्त रहते हुए झूठे वादों के साथ दिल्ली के लोगों को गुमराह किया। विजेंद्र ने इसके बाद आप पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने इन सीएजी रिपोर्टों को पेश करने के भाजपा विधायकों के प्रयासों को अवरुद्ध कर दिया है। सूत्रों ने पहले कहा था कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए भी शॉर्टलिस्ट किए गए थे, जो अंततः रेखा गुप्ता को मिला। बनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाले गुप्ता ने रोहिणी विधानसभा सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल की, उन्होंने आप के प्रदीप मित्तल को 37,000 से अधिक मतों से हराया। भाजपा के दिग्गज नेता दिल्ली भाजपा इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 14 अगस्त 1963 को जन्मे गुप्ता ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक किया। उन्होंने 1980 में जनता विद्यार्थी मोर्चा के साथ राजनीति में कदम रखा और बाद में 1995 में भाजपा की युवा शाखा के अध्यक्ष बने। गुप्ता ने पहली बार 1997 में चुनावी सफलता का स्वाद चखा, जब वे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पार्षद बने। हालांकि, उन्हें अपने पहले लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, 2009 में चांदनी चौक से कांग्रेस के कपिल सिब्बल से हार गए। चार साल बाद, उन्हें 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल ने हराया।

## दिल्ली को...

पहलों को कमतर आंकने के समान होगा। पिछले दशक में दिल्ली की आप सरकार का विभिन्न मुद्दों पर उपराज्यपालों के साथ कई बार टकराव हुआ। हालांकि, 26 वर्षों से अधिक समय के बाद शहर में भाजपा के सत्ता में आने से कई लोगों को उम्मीद है कि रिश्ते सुधरेंगे और सुचारू शासन का मार्ग प्रशस्त होगा। बृहस्पतिवार को पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद गुप्ता ने अपने मंत्रियों के बीच विभागों के वितरण की घोषणा की, जिसमें वित्त, सेवाएं, सतर्कता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभाग शामिल हैं। प्रवेश वर्मा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल, विधायी मामले, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग की देखरेख करेंगे, जो यमुना नदी की सफाई और गुरुद्वारा चुनावों का प्रबंधन करते हैं। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग दिए गए हैं। कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय, पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री नियुक्त किया गया है तथा वे श्रम विभाग का कार्यभार भी संभालेंगे। मनजिंदर सिंह सिरसा को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ वन, पर्यावरण, योजना और उद्योग विभाग भी सौंपा गया है। रविन्द्र इन्द्राज सिंह इन्द्राज सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, चुनाव और सहकारिता विभाग संभालेंगे। पंकज कुमार सिंह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी तथा परिवहन का कार्यभार संभालेंगे। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ वासुदेव घाट पर यमुना आरती की - जो हरिद्वार और वाराणसी में गंगा के घाटों पर प्रतिदिन शाम को होने वाली आरती से प्रेरित थी। घाट पर राम भजन बजाए गए और 'जय श्री राम' तथा 'यमुना मैया की जय' के नारे लगाए गए। इसके बाद पार्टी नेता पहली कैबिनेट बैठक के लिए दिल्ली सचिवालय की ओर रवाना हुए। गुप्ता मुस्कुरा रही थींऔर लाल साड़ी के ऊपर जैकेट पहने हुए हैं, जो भाजपा की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज के ड्रेस कोड की याद दिला रहा था। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री का सरकार बनने के पहले दिन का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा। आज दोपहर छह नेताओं वाले अपने मंत्रिपरिषद के साथ शपथ लेने के तुरंत बाद वह दिल्ली सचिवालय स्थित अपने कार्यालय गईं और अधिकारियों तथा नेताओं से मुलाकात की। बैठकों और अभिवादन के बाद, मुख्यमंत्री ने सबसे पहले कैबिनेट की बैठक बुलाई। नये मुख्यमंत्री एक होटल में एनडीए सरकार के मुख्यमंत्रियों से मिलने भी गये। इससे पहले, रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई एनडीए नेताओं और मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक रामलीला मैदान में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस कार्यक्रम में चंद्रबाबू नायडू, पवन कल्याण, देवेंद्र फड़नवीस, केशव प्रसाद मौर्य, अमित शाह, जेपी नड्डा और कई अन्य नेता शामिल हुए। अपने मंत्रियों, राज्य भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ गुप्ता ने विशाल रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में शपथ लेने के तुरंत बाद दिल्ली सचिवालय में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद गुप्ता ने कहा कि 'विकसित दिल्ली' मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं किया जाएगा। दिल्ली के 50 वर्षीय नौवें मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नई भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'विकसित दिल्ली के हमारे मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं किया जाएगा। हम दिल्ली के लोगों से की गई सभी प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे।' बृहस्पतिवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद सीएम गुप्ता ने अपने मंत्रियों के बीच विभागों के वितरण की घोषणा की, जिसमें वित्त, सेवाएं, सतर्कता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभाग शामिल हैं। प्रवेश वर्मा को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल, विधायी मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का दायित्व सौंपा गया, जो यमुना नदी की सफाई और गुरुद्वारा चुनावों का प्रबंधन करता है। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी मिली गई है। कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय, पर्यटन, कला एवं संस्कृति के साथ श्रम विभाग का भी प्रभार संभालेंगे। मनजिंदर सिंह सिरसा को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ-साथ वन, पर्यावरण, योजना एवं उद्योग विभाग सौंपा गया है। रविंद्र इंद्राज सिंह समाज कल्याण, एससी एवं एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता विभाग संभालेंगे। पंकज कुमार सिंह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी तथा परिवहन का प्रभार संभालेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ वासुदेव घाट पर यमुना आरती की - जो हरिद्वार और वाराणसी में गंगा के घाटों पर प्रतिदिन शाम को होने वाली आरती से प्रेरित थी। घाट पर राम भजन बजाए गए, जहां जय श्री राम और यमुना मैया की जय के नारे लगाए गए। इसके बाद पार्टी के नेता पहली कैबिनेट बैठक के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंचे।

## मेधावी छात्राओं...

बालिकाओं को प्रदेशित किये जाने का प्रावधान है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के लिए योगी सरकार ने बजट में विशेष प्रविधान किए हैं। इसके तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान हेतु 2980 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता हेतु संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले पोषाहार के लिये लगभग 4119 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## मणिपुर में...

हथियार व गोला-बारूद को आज से अगले सात दिनों के भीतर निकटतम पुलिस थाने/चौकी/सुरक्षा बलों के शिविर में सौंप दें। भल्ला ने कहा कि हथियार लौटाने का यह एक कदम शांति सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर ऐसे हथियार निर्धारित समय-सीमा में वापस कर दिए जाते हैं, तो कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाएगी। समय-सीमा की समाप्ति के बाद ऐसे हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में पैदा हुई राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति के बीच केंद्र ने इस पूर्वोत्तर राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर विधानसभा, जिसका कार्यकाल 2027 तक है, को निलंबित कर दिया गया है।

## न्यायाधीश के...

एस ओका भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में कभी नहीं आते। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोक दिया है। उसने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की है। न्यायालय ने कहा, भारत संघ, लोकपाल के रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करें। रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया जाता है कि वह शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखे और उसे उस उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) के माध्यम से नोटिस भेजे, जहां शिकायतकर्ता रहता है। पीठ ने कहा, इस बीच, विवादित आदेश पर रोक रहेगी। विशेष पीठ ने जैसी ही सुनवाई शुरू की, न्यायमूर्ति गवई ने मेहता से कहा, हम भारत संघ को नोटिस जारी करने का प्रस्ताव रखते हैं। मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह इस मामले से निपटने में पीठ की सहायता करना चाहेंगे। न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की, यह अत्यधिक परेशान करने वाला (आदेश) है। सिब्बल ने लोकपाल के आदेश पर रोक लगाए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह खतरे से भरा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक कानून बनाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई 18 मार्च को फिर से होगी, जो प्रधान न्यायाधीश के निर्देशों के अधीन होगी। पीठ ने कहा कि सिब्बल और एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायालय की सहायता करने की पेशकश की थी क्योंकि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण मामला है। लोकपाल ने उच्च न्यायालय के एक वर्तमान अतिरिक्त न्यायाधीश के विरुद्ध दायर दो शिकायतों पर यह आदेश पारित किया था। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने एक निजी कंपनी द्वारा शिकायकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को और राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश को उस कंपनी के पक्ष में प्रभावित किया। यह आरोप लगाया गया है कि निजी कंपनी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की उस समय मुवक्किल थी, जब वह (न्यायाधीश) वकालत करते थे। लोकपाल ने अपने आदेश में निर्देश दिया था कि इन दोनों मामलों में रजिस्ट्री में प्राप्त विषयगत शिकायतें और संबद्ध सामग्री भारत के प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय को उनके विचारार्थ भेजी जाए। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी को कहा था, हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि इस आदेश के जरिए हमने इस मुद्दे पर अंतिम रूप से निर्णय कर दिया है कि क्या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 2013 के अधिनियम की धारा 14 के दायरे में आते हैं।

## वंशावली पोथियों...

कई लोग अपने मृत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान करने हेतु बिहार के गया या उत्तराखंड के हरिद्वार जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हैं। गया में सरयू नदी के तट पर प्रतिवर्ष पितृ पक्ष मेला आयोजित किया जाता है और गयावाल पंडा (वंशावली पुजारी) लोगों की कई पीढियों के बारे में उनके पूर्वजों के बारे में रिकॉर्ड रखते हैं, जैसे जन्म का वर्ष, तीर्थयात्रा, जाति, मृत्यु का वर्ष और संभवतः मृत्यु का कारण भी। इसी प्रकार, भारत में कुंभ मेले के चार स्थलों में से दो, उज्जैन और हरिद्वार में, जिनमें से अन्य उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और महाराष्ट्र में नासिक हैं, ऐसे पुजारी परिश्रमपूर्वक वंशावली अभिलेखों को पोथियों में रखते हैं, जिनके ढेरों को कमरों और अलमारियों में भौतिक रूप से संग्रहित किया जाता है। सिंघल ने कहा, पारंपरिक ज्ञान और ऐसे सामुदायिक अभिलेखों का उपयोग एक और बात है, जिस पर हमने चर्चा की है। शायद, भविष्य के सहयोग के लिए एक खाका पर चर्चा की जा सकती है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम स्थल - इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) भी महत्वपूर्ण है, जो विभिन्न विचारों को व्यक्त करने के लिए जगह प्रदान करता है। उन्होंने स्वारबिका की बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# शाह ने पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की

**● कहा : क्षेत्र शांति और विकास चाहता है**

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने की बृहस्पतिवार को अपील की और कहा कि भारत की विकास यात्रा में उनकी भागीदारी का स्वागत है। असम राइफल्स द्वारा यहां आयोजित यूनिटी उत्सव – वन वॉयस, वन नेशन में भाग लेते हुए शाह ने यह भी कहा कि हर कोई जानता है कि पूर्वोत्तर शांति और विकास चाहता है और यह क्षेत्र देश के अभिन्न अंग के रूप में काम करना चाहता है। उन्होंने कहा, मैं उन सभी उग्रवादियों से अपील करता हूं, जिन्होंने अभी तक आत्मसमर्पण नहीं किया है, वे हथियार डाल दें और मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। भारत की विकास यात्रा में आपकी भागीदारी का स्वागत है। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर में हिंसा में 70 प्रतिशत की कमी आई है, सुरक्षा बलों के हताहत होने की संख्या में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 85 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 10,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और राज्यों के बीच दो सीमा समझौते भी किए गए हैं। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर शांति चाहता है, पूर्वोत्तर विकास चाहता है, पूर्वोत्तर भारत के अभिन्न अंग के रूप में काम करना चाहता है। गृह मंत्री ने कहा कि अगर पूर्वोत्तर के युवा भारत की विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए दो कदम आगे बढ़ाते हैं, तो पूरा देश तहे दिल से उनका स्वागत करने के लिए चार कदम आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, देश के हर हिस्से के दिलों में पूर्वोत्तर के लिए एक विशेष स्थान है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर की समृद्ध परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जिस पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बिना भारत अधूरा है। उन्होंने कहा, विविधता में एकता हमारी ताकत है और इस बात को रेखांकित किया कि पूर्वोत्तर 220 से अधिक समुदायों, 160 से अधिक जनजातियों, 200 से अधिक भाषाओं और बोलियों, 50 से अधिक अनूठे त्योहार, 30 से अधिक पारंपरिक नृत्य शैलियों और 100 से अधिक व्यंजनों के लिए जाना जाता है।

## मोदी 24 को दो दिवसीय दौरे पर असम आएंगे : हिमंत

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक व्यापार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने और विश्व रिकॉर्ड बनाने के मकसद से आयोजित एक नृत्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 24 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि मोदी सोमवार दोपहर गुवाहाटी पहुंचेंगे और सरुसजाई स्टेडियम में चाय जनजाति समुदाय के कलाकारों द्वारा विश्व रिकॉर्ड कायम करने के लिए दी जाने वाली झुमोर नृत्य प्रस्तुति के गवाह बनेंगे। उन्होने बताया कि झुमोर बिनंदिनी में कुल 8,000 लोग हिस्सा लेंगे, जो किसी झुमोर नृत्य कार्यक्रम में सबसे अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने का विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास है।

## राज्यपाल और रीजीजू ने अरुणाचल प्रदेश राज्य स्थापना दिवस पर विकास की चर्चा की

**भाषा।** ईटानगर

**अरुणाचल प्रदेश** के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के.टी. परनाइक और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है तथा सरकार बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य के 39वें स्थापना दिवस पर ए बयान दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज अरुणाचल प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी जीवंत जनजातीय विरासत और अद्भुत जैव विविधता इस राज्य को वास्तव में विशेष बनाती है। राज्यपाल ने यहां तिरंगा फहराया तथा राज्य में हुई उल्लेखनीय प्रगति को सराहा लेकिन साथ ही वर्तमान चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अपील की कि बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम करने के प्रयास किए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बच्चे पढ़ाई पूरी करें। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपनी शिक्षा पूरी करेंगे तभी अरुणाचल अपने खुद के शिक्षक, इंजीनियर और डॉक्टर तैयार कर सकता है जिससे दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम होगी।परनाइक ने स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने और कचरे के उचित प्रबंधन के लिए मिशन मोड में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा, एक हरित और सुनियोजित राज्य को अवैध संरचनाओं, अतिक्रमणों और अनियमित निर्माण से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने गांव के स्वयंसेवकों से स्वच्छता की जिम्मेदारी लेने का आह्वान करते हुए कचरे को बिजली और उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए तकनीकी समाधानों का उपयोग करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि सड़कों और राजमार्गों से यात्रियों में प्रेरणा पैदा होनी चाहिए तथा सामुदायिक प्रयासों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने में भूमिका निभानी चाहिए।राज्यपाल ने राज्य में नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए रोकथाम और पुनर्वास का दोतरफा दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह (नशा) सामाजिक ताने–बाने को नष्ट कर रहा है।परनाइक ने एकता, जवाबदेही और युवाओं तथा संस्कृति में निवेश का आह्वान करते हुए कहा, आज हम जो चुनाव करेंगे, वे हमारे भविष्य को आकार देंगे। आइए हम अपने राज्य की सफलता और सद्भाव के लिए साहसपूर्वक कार्य करें।

## सीआरपीएफ महानिदेशक ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति, अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली-इंफाल।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में सीआरपीएफ की अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सिंह ने राज्य में अर्धसैनिक बल के कई शिविरों का दौरा किया, जिसमें वह शिविर भी शामिल है, जहां एक जवान ने अपने दो सहकर्मियों को कथित तौर पर गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली थी। सीआरपीएफ महानिदेशक मणिपुर के तीन दिवसीय दौरे पर है, जहां पिछले हफ्ते राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, सिंह ने बुधवार को इंफाल वेस्ट जिले में 120वीं बटालियन के लामसांग शिविर का दौरा किया, जहां 13 फरवरी को एक जवान ने अपने दो सहकर्मियों को कथित तौर पर गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सिंह ने शिविर में मौजूद जवानो से सतर्क रहने, एक-दूसरे का सहयोग करने और अपना मनोबल ऊंचा रखने का आग्रह किया। उन्होने जवानो को भरोसा दिलाया कि वह उनकी अभियानगत और व्यक्तिगत जरूरतो के लिए उन्हे पूर्ण समर्थन देंगे। अधिकारी के अनुसार, सिंह ने इंफाल में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) का भी दौरा किया, जहां सीआरपीएफ शिविर में गोलीबारी की घटना में घायल जवानो को भर्ती कराया गया है।

## बुनियादी ढांचे के विस्तार से आएगा यूपी में बड़ा आर्थिक बदलाव : अंशुमान मैगजीन

**नई दिल्ली।** अंशुमान मैगजीन, चेयरमैन और सीईओ - भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका, सीबीआरई ने कहा कि उत्तर प्रदेश के राज्य बजट की सबसे बड़ी बात बुनियादी ढांचे के विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में प्रगति और बड़े आर्थिक बदलाव की दिशा में ठोस कदम लेना है। इससे उत्तर भारत में विकास के मुख्य इंजन के तौर पर राज्य की स्थिति मजबूत होगी। आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 900 करोड़ रु. के आवंटन और विंध्य एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.), गंगा एक्सप्रेसवे एक्सटेंशन (50 करोड़ रु.) और बुंदेलखंड रीवा एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.) के लिए शुरुआती प्रावधान किए जाने से इस क्षेत्र में संपर्क सुविधा बहुत बढ़ेगी जिससे नए निवेश गलियारे बनेंगे। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक गलियारे के लिए 461 करोड़ रु.के आवंटन से उत्तर प्रदेश मजबूती के साथ औद्योगिक और रक्षा विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन कर उभरेगा।इस बजट में तकनीकी पर पूरा ध्यान दिया गया है जिसका प्रमाण लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के लिए 5 करोड़ का और साइबर सुरक्षा प्रयासों के तहत एक टेक्निकल ट्रांसलेशनल रिसर्च पार्क के लिए 3 करोड़ रु. का प्रावधान किया जाना है। इसमें एक दूरदर्शी दृष्टिकोण दिखता है जो इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा देगा। एक मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग के मद्देनजर आठ डेटा सेंटर पार्क बनाने की योजना है, जिसके परिणामस्वरूप यह राज्य तकनीक प्रधान निवेशों के लिए और आकर्षक हो जाएगा। इससे दुनिया के डेटा सेंटर हब के रूप में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।'

## केरल में कल्याण पेंशन की पहली किस्त को मंजूरी

तिरुवनंतपुरम (केरल)। केरल सरकार ने बृहस्पतिवार को कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन की पहली किस्त को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री के.एन बालगोपाल ने एक बयान में कहा कि इसके लिए 812 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है। उन्होंने कहा कि लाभार्थी 62 लाख लोगों को 16-16 सौ रुपए मिलेंगे। बालगोपाल ने कहा कि भुगतान अगले सप्ताह शुरू होगा। मंत्री ने कहा कि लगभग 26.62 लाख लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में पैसा मिलेगा, जबकि अन्य को सहकारी बैंको के माध्यम से और जरूरतमंदो को घर पर पैसा पहुंचाया जाएगा।

## ए. आर. रहमान की पूर्व पत्नी सायरा की सर्जरी हुई

नई दिल्ली। संगीतकार ए.आर. रहमान की पूर्व पत्नी सायरा रहमान की सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई है। उन्हें आपातकालीन स्वास्थ्य स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सायरा की वकील वंदना शाह ने एक बयान में यह जानकारी दी।सायरा ने एक बयान में इस समय निजता की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने ए. आर. रहमान, साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी और उनकी पत्नी शादिया तथा शाह सहित अपने शुभचिंतकों का आभार जताया। बयान में कहा गया, कुछ दिन पहले सायरा रहमान को आपातकालीन स्वास्थ्य स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई।

## मुंबई में फिल्म सिटी के पास झुग्गियों में लगी आग

मुंबई। मुंबई के गोरेगांव में ऐतिहासिक फिल्म सिटी के द्वार पास झुग्गियों में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई हालांकि कोई हताहत नही हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि संतोष नगर में शाम साढ़े सात बजे आग लग गई जिसे बुझाने के लिए 14 दमकल गाड़ियां और अन्य उपकरण पर लगाए गए। उन्होंने कहा, किसी के झुलसने की कोई खबर नही है। आग बुझाने का काम चल रहा है। सभी संबंधित एजेंसियां और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर मौजूद है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

## पति पत्नी और पड़ोसन करेगा मनोरंजन

**मुंबई।** भारत के सबसे शानदार डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लेटफ़ॉर्म में शुमार हंगामा ओटीटी ने 20 फरवरी 2025 को अपनी ओरिजनल सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर पति पत्नी और पड़ोसन रिलीज की। सिर्फ हंगामा ओटीटी पर रिलीज की जाने वाली यह सीरीज़ रहस्य से भरपूरए अपराध से जुड़ी ऐसी मनोवैज्ञानिक कहानी को पेश करती है, जिसमें ऐसे चौंकाने वाले और अप्रत्याशित मोड़ हैं जो दर्शकों को अंत तक अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं। राज शेट्टी निर्देशित इस सीरीज में युक्ति कपूरए मोहित जोशी और चारू मेहरा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज़ के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहाए ष्हंगामा ओटीटी ऐसी कहानियां लाने के लिए प्रतिबद्ध है जो देश भर में फैले हमारे दर्शकों को आकर्षित करें और उनसे जुड़ सकें। पति पत्नी और पड़ोसन के साथ हम अपने दर्शकों के लिए दिलचस्प क्राइम.थ्रिलर पेश करते हुए रोमांचित हैं।

## कथक नृत्यांगना डॉ. कुमकुम धर को भरतमुनि सम्मान

**नई दिल्ली।** कथक नृत्यांगना डॉ. कुमकुम धर एवं संस्कृत साहित्यकार डॉ. हरेकृष्ण मेहेर को उनकी कला साधना और अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए संस्कार भारती द्वारा भरतमुनि सम्मान 2024 के लिए चयनित किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा मराठी को हाल ही में सरकार ने शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। इसे और आगे बढ़ाते हुए और मराठी की समृद्ध सांस्कृतिक व विरासत के जश्न मनाते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे इस सम्मेलन का आयोजन 21 से 23 फरवरी तक किया जाएगा। इसमें प्रख्यात साहित्यकार भाग लेंगे जो पैनल चर्चाओं में शिरकत करेंगे। सम्मेलन में पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और संवाद सत्रों की एक विविध श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।पीएमओ ने कहा कि सम्मेलन मराठी साहित्य की कालातीत प्रासंगिकता का उत्सव मनाएगा और समसामयिक संवाद में इसकी भूमिका का पता लगाएगा, जिसमें भाषा संरक्षण, अनुवाद और साहित्यिक कार्यों पर डिजिटलीकरण के प्रभाव जैसे विषय शामिल होंगे।

# मोदी से संबंधित टिप्पणी को लेकर आक्रोशित हुए अन्नामलाई ने उदयनिधि की चुनौती स्वीकार की

**भाषा।** चेन्नई



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई और राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के बीच गेट आउट मोदी टिप्पणी को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग बृहस्पतिवार को भी जारी रही और अन्नामलाई ने स्टालिन को यहां अन्ना सलाई में दम दिखाने के लिए तारीख और समय बताने की चुनौती दी। अन्नामलाई ने उपमुख्यमंत्री से कहा कि वह जगह का नाम अस्पष्ट रूप से बताने के बजाय ज्यादा सटीक जानकारी दें। तमिलनाडु के सलेम में उदयनिधि की चुनौती के बारे में पूछे जाने पर अन्नामलाई ने पत्रकारों से कहा, मुझे तारीख और समय बताइए, और मैं वहां अकेले आऊंगा। द्रमुक और पुलिस बल अगर मुझे रोकने की कोशिश कर सकती है तो करके दिखाएं। इससे पहले दिन में यहां एक संवाददाता के सवाल का जवाब देते हुए उदयनिधि ने कहा कि अगर अन्नामलाई में हिम्मत है तो उन्हें अन्ना सलाई (जहां द्रमुक मुख्यालय स्थित है) आना चाहिए। उदयनिधि ने कहा, उनसे आने को कहिए। सबसे पहले, अगर उनमें हिम्मत है तो वह अन्ना सलाई आएं। यह उदयनिधि और अन्नामलाई के बीच का मुद्दा नहीं है। अगर वह ऐसा कर सकते हैं तो उनसे तमिलनाडु के लिए फंड लाने के लिए कहा जाए। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और त्रिभाषा नीति के मुद्दे से ध्यान भटका रहे हैं।

## मंदिरों की अर्थव्यवस्था और सनातन के लिए नया सवेरा बना आईटीसीएक्स 2025

तिरुपति। आंध्र प्रदेश रू आध्यात्मिक नगरी तिरुपति में आयोजित इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो आईटीसीएक्स-2025 ने भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अनूठे आयोजन में देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख,बौद्ध व जैन धर्म के पूजनीय धर्मगुरुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विज़न को मजबूती देते हुए कि यह आयोजन एक अहम् मंच के रूप में सिद्ध हुआ। जहाँ मंदिरों के प्रबंधन, स्थायी विकास और सामुदायिक समावेशन को नई दिशा मिली। सनातन धर्म की शाश्वत मान्यताओं को और मजबूत करते हुए यहाँ मंदिरों की स्वायत्तता, स्मार्ट टेंपल मिशन और वैश्विक श्रेष्ठ प्रथाओं पर गहन मंथन हुआ। इस भव्य आयोजन के माध्यम से आईटीसीएक्स 2025 ने यह साबित कर दिया कि मंदिर सिर्फ आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति के सशक्त मंच भी हैं। आईटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य सचेतक प्रसाद लाड की परिकल्पना से जन्मा यह मंच मंदिर नेतृत्व को एक नई दिशा देने में अहम् भूमिका निभा रहा है। हिंदू समाज के शक्ति केंद्र के रूप में मंदिरों की पुनर्रचना का यह प्रयास अब एक व्यापक आंदोलन बन चुका है। भारत की मंदिर अर्थव्यवस्थाए जो 4.5 लाख करोड़ रुपए के मूल्य की है और किसी भी बड़े वैश्विक उद्योग के बराबर मानी जाती है, को लेकर हुई चर्चाओं में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि मंदिरों को पेशेवर संस्थानों की तरह संचालित किया जाए।

## एसएमएफजी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

नई दिल्ली। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बढ़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)।इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली।शांतनु मित्रा, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फिर वापस आ रही एक बदनाम आश्रम

मुंबई। भारत की सबसे चर्चित थ्रिलर ड्रामा सीरीज़ एक बदनाम आश्रम एक्शन से भरपूर सीजन 3 पार्ट 2 के साथ वापस आ रही है, जिसका प्रीमियर 27 फरवरी को विशेष रूप से अमेज़न एमएक्स प्लेयर, अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा पर किया जाएगा। आज स्ट्रीमिंग सेवा ने शो के नए सीजन का एक ऊर्जा से भरपूर ट्रेलर जारी किया, जो दर्शकों को आश्रम की उसी रहस्यमयी और सस्पेंस से भरी दुनिया में वापस ले जाएगा, जहां सत्ता, वफादारी और बदले की भावना अप्रत्याशित रूप से टकराती हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित इस शो में बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही आदिति पोहनकर, दर्शन कुमार, चंदन रॉय सान्याल, विक्रम कोचर, त्रिधा चौधरी, अनुप्रिया गोयनका, राजीव सिद्धार्थ, और ईशा गुप्ता भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। इस शो को विमल द्वारा प्रस्तुत किया गया है, और लक्ज़ नाइट्रो, लाहौरी ज़ीरा का सहयोग प्राप्त है, जबकि केईआई वायर एंड केबल्स विशेष भागीदार के रूप में जुड़े हैं। अमेज़न एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ़ कंटेंट अमोघ दुसाद ने नए सीज़न पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, एक बदनाम आश्रम भारत की सबसे बड़ी सीरीज़ है, जिसने अपनी अनोखी कहानी और दमदार किरदारों से बड़े पैमाने पर प्रशंसक बना लिए है। बॉबी देओल के दमदार नेतृत्व, बेहतरीन कलाकारों की टुकड़ी और प्रकाश झा के शानदार निर्देशन के साथ, हम दर्शकों को अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर आश्रम की इस नई रोमांचक कहानी से रूबरू कराने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

# गोगोई की पत्नी से जुड़ा पाक नागरिक 18 बार भारत आया था : हिमंत

**● प्रारंभिक जांच से मिली जानकारी**

**भाषा।** गुवाहाट



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी से कथित रूप से जुड़ा पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख अब तक 18 बार भारत आ चुका है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विधानसभा में चर्चा के दौरान, शर्मा ने यह भी दावा किया कि मामले में प्रारंभिक जानकारी कांग्रेस के लिए बहुत घातक है और इसका असम की राजनीति पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, मामले पर असम पुलिस की एसआईटी ने तीन दिन के भीतर पता लगाया कि अली तौकीर शेख 18 बार भारत आया था। अब, हम यह पता करेंगे कि उन यात्राओं के दौरान किसने उसे आमंत्रित किया और उसकी मेजबानी की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्हें अनौपचारिक रूप से पता है कि प्रारंभिक जांच में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिनका असर असम की राजनीति पर बहुत बड़ा होगा। उन्होंने कहा, शुरुआती जानकारी के अनुसार, तथ्य कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत घातक हैं। विधानसभा के अंदर खड़े एक जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में मैं यह बात कह रहा हूं। मैं असम विधानसभा से वादा करता हूं कि हम अली शेख के नेटवर्क को तोड़ देंगे। हमें तीन महीने का समय दीजिए और हम अगस्त सत्र में सब कुछ बता देंगे। शर्मा ने कहा कि जांच के निष्कर्ष कुछ लोगों को ऐसी स्थिति में डाल देंगे कि वे बच नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, शेख जाहिरा तौर पर एक जलवायु कार्वाई समूह में काम करता है। लेकिन उसके ट्वीट और सोशल मीडिया गतिविधियां असम के प्रवासियों को लेकर हैं।

## महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक किफायती स्वास्थ्य बीमा को अपना रहे हैं

**नई दिल्ली।** दो साल पहले लॉन्च हुई रिन्यूबाय की स्वामित्व वाली, किफायती स्वास्थ्य बीमा योजना, आरबी हेल्थ ने उल्लेखनीय वृद्धि की है। विभिन्न आयु समूहों में मजबूत स्वीकृति के साथ, आरबी हेल्थ ने उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आरबी हेल्थ प्लान खरीदने वाली महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पॉलिसीधारकों का 30 प्रतिशत हिस्सा है। यह उनकी बढ़ती वित्तीय स्वतंत्रता और स्वास्थ्य जागरूकता, मातृत्व बीमा और ओपीडी लाभों की बढती आवश्यकता को दर्शाता है, यहाँ तक कि छोटे शहरों में भी यह मांग बढ़ी है। महिलाओं के बीच साल–दर–साल मांग में 10–12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें 31–40 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं ने सबसे अधिक अपनाया है। अधिकांश ने ओपीडी लाभों के साथ कम लागत वाली योजना को चुना है, विशेष रूप से युवा महिलाएँ, जो अपने स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण अपना रही हैं।आरबी हेल्थ ने सभी आयु समूहों में एक मजबूत और बढ़ती उपस्थिति हासिल की है, जिसमें जेन जेड के बीच 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय सुरक्षा, निवारक स्वास्थ्य सेवा, बढ़ती चिकित्सा लागतों के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ, युवा आबादी स्वास्थ्य बीमा के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और लचीली नीतियों की मांग कर रहे है। यह व्यापक उद्योग रुझानों को दर्शाता है, जहाँ लगभग 50 प्रतिशत:– 60 प्रतिशत जेन जेड बेहतर डिजिटल जुड़ाव की मांग करते हैं। अपनी सामर्थ्य और व्यापक लाभों से प्रेरित होकर, आरबी हेल्थ ने देश भर में लगभग 10 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को आकर्षित किया है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए 70 प्रतिशत तक कम प्रीमियम प्रदान करती है, जो उतकी पुरानी बीमारी के प्रबंधन की जरूरतों और पारंपरिक योजनाओं की कमियों को दूर करती है।

## एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को याचिकाओं में सिर्फ अपना नाम नहीं भरना चाहिए : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि याचिकाएं दायर करते समय सतर्क एवं सावधान रहना एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) का कर्तव्य है और अगर वे याचिकाओं में केवल अपना नाम भर देंगे, तो इससे किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि ऐसे अधिवक्ताओं के लिए उच्च स्तर का पेशेवर आचरण बनाए रखना अनिवार्य है और अगर वे केवल किसी अन्य अधिवक्ता की ओर से तैयार याचिकाओं, अपीलों या जवाबी हलफनामों में अपना नाम ही देंगे, तो एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड संस्था की स्थापना का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। पीठ की यह टिप्पणी एओआर के लिए आचार संहिता और इस वरिष्ठ अधिवक्ता पद के कर्तव्यों से जुड़े मामले में आई। मामले में न्यायालय ने पाया कि एक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एओआर ने कई क्षमा याचिकाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाया। पीठ ने कहा कि एओआर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि अगर कोई वादी व्यक्तिगत रूप से पेश न होना चाहे, तो वह एओआर के माध्यम से ही इस अदालत से न्याय की गुहार लगा सकता है।

# हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने के लोकपाल के आदेश पर रोक

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने संबंधी लोकपाल के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगाते हुए इसे अत्यधिक परेशान करने वाला और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला आदेश करार दिया।न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अगुवाई वाली विशेष पीठ ने नोटिस जारी कर केंद्र, लोकपाल रजिस्ट्रार और उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति से जवाब मांगा है।इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका भी शामिल थे।पीठ ने कहा, भारत संघ, रजिस्ट्रार, भारत के लोकपाल और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया जाता है, जिसका जवाब 18 मार्च को सुबह 10.30 बजे दिया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कभी नहीं आते। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोक दिया है। उसने शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर उच्चतम न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की है। पीठ ने संबंधित रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखें तथा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) के माध्यम से उसके आवास पर नोटिस तामील कराएं।इसने कहा, इस बीच भारत के लोकपाल द्वारा पारित 27 जनवरी, 2025 के आदेश पर रोक रहेगी...। उच्चतम न्यायालय ने कहा, हम शिकायतकर्ता को उस न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोकते हैं, जिसके खिलाफ उसने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह शिकायत को पूरी तरह गोपनीय रखे। विशेष पीठ ने जैसी ही सुनवाई शुरू की, न्यायमूर्ति गवई ने मेहता से कहा, हम भारत संघ को नोटिस जारी करने का प्रस्ताव रखते हैं। मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह इस मामले से निपटने में पीठ की सहायता करना चाहेंगे। न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की, यह अत्यधिक परेशान करने वाला (आदेश) है। सिब्बल ने लोकपाल के आदेश पर रोक लगाए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह खतरे से भरा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक कानून बनाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि सिब्बल और एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायालय की सहायता करने की पेशकश की थी क्योंकि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण मामला है। लोकपाल ने उच्च न्यायालय के एक वर्तमान अतिरिक्त न्यायाधीश के विरुद्ध दायर दो शिकायतों पर यह आदेश पारित किया था। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने एक निजी कंपनी द्वारा शिकायकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को और राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश को उस कंपनी के पक्ष में प्रभावित किया।

## मुंडे के कृषि मंत्री रहने के दौरान करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ : भाजपा

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश धस ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता धनंजय मुंडे पर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि वह कृषि मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 300 करोड़ रुपए के घोटाले में शामिल थे। धस ने कहा कि मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। परली से विधायक मुंडे पिछले साल दिसंबर में बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देखमुख के अपहरण और हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में अपने करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के साथ–साथ सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं के भी निशाने पर हैं। आष्टी से विधायक धस ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा प्रमुख अजित पवार ने सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में आरोप लगने पर मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, मुंडे ने संदिग्ध लेनदेन की योजना बनाई, जिसमें किसानों या क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुरोध के बिना बड़े पैमाने पर खरीद भी शामिल थी। प्रस्ताव भेजे जाते थे और उसी दिन सरकारी अधिसूचना भी जारी कर दी जाती थी।

## गोवा पुलिस ने प्रदेश आप प्रमुख को भूमि हड़पने के आरोपी के वीडियो के सिलसिले में किया तलब

पणजी। गोवा पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर को भूखंड हड़पने के कई मामलो के आरोपी एक व्यक्ति द्वारा जारी वीडियो के संबंध मे शुक्रवार को तलब किया है। यह आरोपी पुलिस हिरासत से भाग गया था, लेकिन बाद मे उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ओल्ड गोवा पुलिस ने बृहस्पतिवार को पालेकर को समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे पेश होने को कहा। भूमि हड़पने के आरोपी सिद्दिकी सुलेमान खान (55) द्वारा जारी वीडियो के सिलसिले मे आप नेता पालेकर से पहले दो बार 24 दिसंबर, 2024 और नौ जनवरी, 2025 को पूछताछ की गई थी। समन के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में गोवा जेल से खान के भाग जाने की जांच के संबंध मे तथ्यो और परिस्थितियो का पता लगाने के लिए पालेकर से पूछताछ करने के उचित आधार है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि पूछताछ में शामिल न होने या इस नोटिस की शर्तो का पालन न करने पर पालेकर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 35 (6) के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। बीएनएसएस की धारा 35(6) के अनुसार, जिस व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाता है, वह यदि उसकी शर्तो का पालन करने मे विफल रहता है या अपनी पहचान बताने को तैयार नही है, तो पुलिस उसे नोटिस मे उल्लेखित अपराध के लिए गिरफ्तार कर सकती है।

## रियलमी युवाओं के लिए करेगा नवाचार

**नई दिल्ली।** रियलमी भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है उसने गर्व से रियलमी पी-3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3,5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड.रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट.फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी की परफ़ॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिज़ाइन को भी आकर्षक बनाया गया हैए जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुएए दोनों डिवाइस शानदार कारीगरीए अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं।

# मस्क भारत में टेस्ला की फैक्ट्री शुरू करते हैं तो यह अमेरिका से अन्याय होगा : ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर एलन मस्क की टेस्ला कंपनी भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां फैक्टरी का निर्माण करती है, तो यह अमेरिका के प्रति अन्याय होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी शुल्क में उल्लेखनीय वृद्धि करने के उनके बयानों के बीच आई है।अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक से कुछ घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। हाल में फॉक्स न्यूज के सीन हैनिटी के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क वसूलता है। ट्रंप ने कहा कि मस्क के लिए भारत में कार बेचना असंभव है। उन्होंने कहा, दुनिया का हर देश हमारा फायदा उठाता है और वे शुल्क लगाकर ऐसा करते हैं... उदाहरण के लिए भारत में व्यावहारिक रूप से कार बेच पाना असंभव है। ट्रंप ने साक्षात्कार में कहा, अगर वह (मस्क) भारत में फैक्टरी बनाते हैं तो ठीक है, लेकिन यह हमारे साथ अन्याय होगा। यह बहुत अनुचित है। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख मस्क भी इस साक्षात्कार के दौरान मौजूद थे। कुछ दिन पहले इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने भारत में विभिन्न पदों के लिए भर्ती निकाली थी, जिसमें बिजनेस ऑपरेशन एनालिस्ट और कस्टमर सपोर्ट स्पेशलिस्ट शामिल हैं। इस कदम को कंपनी के देश में प्रवेश के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाशित नौकरी के भर्ती आवेदन के अनुसार, ए पद मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए हैं। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे पर चर्चा की है। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा... आपको यह करना होगा। हम आपके साथ बहुत निष्पक्ष रहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत द्वारा लगाए गए शुल्क 36 प्रतिशत हैं, इस पर ट्रंप ने कहा, यह बहुत बहुत ज्यादा है। मस्क ने कहा, यह 100 प्रतिशत है – ऑटो आयात 100 प्रतिशत है।

## भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए धन देने के बाइडन प्रशासन के फैसले पर ट्रंप ने फिर उठाया सवाल

भाषा। न्यूयार्क

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर जो बाइडन प्रशासन के मतदान प्रतिशत (वोटर टर्नआउट) बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर आवंटित करने के फैसले पर सवाल उठाया है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए ए टिप्पणियां कीं। उन्होंने पहले भी इसी तरह की चिंताएं जताई थीं और इस तरह की वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने बुधवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। उनकी टिप्पणी एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डोज) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद आई है कि यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया है।

## यूक्रेन युद्ध पर रूस के साथ ऐतिहासिक वार्ता के साथ रुबियो की यूएई यात्रा संपन्न

भाषा। अबु धाबी

**अमेरिका के** विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता से मुलाकात के साथ अपनी विदेश यात्रा संपन्न की। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में रूस के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की। रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर व्यापक पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद अमेरिका और रूस के बीच यह पहली उच्च स्तरीय वार्ता थी। रुबियो की अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका भी गाजा पट्टी में इजराइल और उग्रवादी समूह हमास के बीच अस्थिर युद्धविराम को जारी रखने का प्रयास कर रहा है। यूएई ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2020 में कूटनीतिक रूप से इजराइल को मान्यता दी थी। रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला-बदली में मध्यस्थता करने में भी उसकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को शेख मोहम्मद से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहा, रुबियो ने बैठक में यूएई को रिश्ते को मजबूत बनाने और इसे बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया, जिसमें मजबूत आर्थिक संबंध, रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता में आपसी हित शामिल हैं।ब्रूस ने कहा कि बैठक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गाजा पट्टी, सीरिया, लेबनान और लाल सागर पर चर्चा हुई, जो गाजा युद्ध विराम तक यमन के हूती विद्रोहियों के हमले का केंद्र रहा था।

## एयर फोर्स वन के लिए पुराने विमानों को खरीदने पर विचार कर रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के उपयोग के लिए विशेष रूप से संशोधित दो एयर फोर्स वन विमानों के उत्पादन में देरी को लेकर बोइंग के प्रति नाराजगी जताते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह यात्रा के लिए संभवतः किसी विदेशी विक्रेता से बोइंग के पुराने विमान खरीदने पर विचार कर रहे हैं। वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे लगभग 35 वर्ष पुराने दो बोइंग 747-200 विमानों में से एक पर सवार ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हम विकल्प पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि बोइंग को बहुत अधिक समय लग रहा है। ट्रंप ने कहा, हम विमान खरीद सकते हैं और फिर इसमें बदलाव करवा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह यूरोपीय कंपनी एयरबस से विमान नहीं खरीदेंगे लेकिन वे पुराने बोइंग विमान खरीदने पर विचार करेंगे। ट्रंप ने कहा, मैं एयरबस पर विचार नहीं करूंगा। मैं शायद किसी दूसरे देश से खरीद सकता हूं या किसी दूसरे देश से एक विमान मंगवा सकता हूं।

## सिंगापुर : नए कानून के तहत भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत की सजा पर रोक

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे भारतीय मूल के एक मलेशियाई नागरिक की मौत की सजा के अमल पर एक नए कानून के तहत रोक लगा दी गई है। यह कानून स्पष्ट करता है कि अपील के सभी रास्ते खत्म हो जाने के बाद मृत्युदंड कब दिया जा सकता है। द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के मुताबिक, पन्नीर सेल्वम प्रंथमन को 2017 मे सिंगापुर मे 51.84 ग्राम हेरोइन की तस्करी का दोषी ठहराया गया था और अनिवार्य मौत की सजा सुनाई गई थी। अखबार के अनुसार, प्रंथमन की सजा पर बृहस्पतिवार को अमल किया जाना था, लेकिन अपीलीय अदालत ने स्थगन आदेश दे दिया, ताकि उसकी अर्जी पर सुनवाई की जा सके। न्यायमूर्ति वू बिह ली ने अपने फैसले मे कहा कि उन्होने प्रंथमन द्वारा अपने पूर्व वकील के खिलाफ लॉ सोसायटी मे की गई शिकायत के निपटारे और मादक पदार्थो के दुरुप्रयोग अधिनियम के तहत तर्को को दी गई संवैधानिक चुनौती के परिणाम आने तक सजा के अमल पर रोक लगा दी है।

## निमोनिया से पीड़ित पोप के स्वास्थ्य में सुधार

रोम। पोप फ्रांसिस निमोनिया से उबर रहे है और अस्पताल मे छह दिन बाद बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने अपने बिस्तर से उठ कर नाश्ता किया। वेटिकन ने यह जानकारी दी।वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने बुधवार देर रात पुष्ठि करने के बाद बताया कि 88 वर्षीय पोप की खून की जांच से स्वास्थ्य मे मामूली सुधार दिखा। वह 2023 मे निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित हुए थे और उन्हें सर्दियों मे श्वसन संक्रमण का खतरा रहता है।फ्रांसिस से बुधवार को इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने मुलाकात की। उन्होने 20 मिनट की मुलाकात के बाद बताया कि फ्रांसिस अच्छे मूड मे थे और उन्होंने हमेशा की तरह हंसी- मजाक किया। फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था और मंगलवार को चिकित्सको ने उनके दोनो फेफड़ो मे निमोनिया का निदान किया। इसके साथ ही उनकी श्वास नली मे पॉलीमाइक्रोबियल संक्रमण भी पाया गया।

## चीन की सेना ने परमाणु, जैविक, रासायनिक सैन्य अभ्यास किया

बीजिंग। चीन की सेना ने यूएवी, रोबोट कुत्तों और विस्फोटक आयुध निपटान रोबोट का उपयोग करके परमाणु, जैविक और रसायनिक (एनबीसी) अभ्यास किया है। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की 73वी ग्रुप आर्मी से जुड़ी एक ब्रिगेड ने हाल में अपने व्यापक प्रशिक्षण मैदान मे परमाणु, जैविक और रसायनिक (एनबीसी) रक्षा और आपातकालीन बचाव अभ्यास किया था। सरकार के स्वामित्व वाले सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को अभ्यास के स्थान का खुलासा किए बिना बताया कि अभ्यास मे मानव रहित हवाई यान (यूएवी), रोबोट कुत्तो और विस्फोटक आयुध निपटान रोबोट की तैनाती की गई थी। सरकारी ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिगेड ने प्रौद्योगिकी और नेटवर्क प्रणालियों को एकीकृत करने वाली प्रशिक्षण विधियों को अंजाम दिया। ब्रिगेड के सदस्य क्वी हुआली ने आधिकारिक मीडिया को बताया, चाहे वह सिमुलेशन प्रशिक्षण मे उन्नति हो या मानव रहित उपकरणो की व्यापक तैनाती, दोनो ही हमारे लिए नए प्रतिस्पर्धी रास्ते बनाते है। उन्होने कहा, सिमुलेशन प्रशिक्षण विभिन्न युद्ध तत्वो के बीच समन्वय को बढ़ाता है, और हमने मानवयुक्त और मानवरहित रणनीति के एकीकरण मे सुधार और अनुकूलन किया है और फिर सत्यापन के लिए अभ्यास मे सर्वोत्तम युद्ध रणनीतियो को लागू किया है।

## द. अफ्रीकाः रूसी विदेश मंत्री शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों के साथ जी20 बैठक में शामिल होंगे

भाषा। जोहानिसबर्ग

**रूस के विदेश** मंत्री सर्गेई लावरोव जी20 देशों की दो दिवसीय बैठक के लिए बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका पहुंचे, जहां शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों से उम्मीद की जा रही है कि वे यूक्रेन के लिए अपने समर्थन को मजबूती प्रदान करेंगे। खास बात यह कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस बैठक में नहीं शामिल होंगे। यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूस के बीच ऐतिहासिक द्विपक्षीय वार्ता के दो दिन बाद लावरोव जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जोहानिसबर्ग पहुंचे। उन वार्ताओं में अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों और यूक्रेन को दरकिनार कर दिया गया था, जो इसमें शामिल नहीं थे। रुबियो ने दक्षिण अफ्रीका के साथ तनाव के बीच जी20 बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला किया, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने इसकी कुछ नीतियों की निंदा अमेरिका विरोधी के रूप में की है। अमेरिका का प्रतिनिधित्व दक्षिण अफ्रीका में कार्यवाहक राजदूत डाना ब्राउन करेंगी। जी20 दुनिया की 19 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और यूरोपीय संघ से बना है। यहां बृहस्पतिवार को बैठक में भाग लेने वालों में यूरोपीय संघ की विदेश नीति की प्रमुख काजा कालास और चीनी विदेश मंत्री वांग ई शामिल हैं। इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता करने वाले दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद है कि बैठक में विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले मुद्दों जैसे कि ऋण पुनर्वित्तपोषण और जलवायु परिवर्तन पर प्रगति होगी, वहीं एजेंडे के अनुसार, शुरुआती सत्रों में से एक में वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन के लिए निरंतर समर्थन का वादा किया है और रूस की आक्रामकता की निंदा की है, वहीं ए किसी भी युद्धविराम वार्ता का हिस्सा भी बनना चाहते हैं।

## ट्रंप की आलोचना के बाद ब्रिटेन के पीएए स्टार्मर ने जेलेंस्की का समर्थन किया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेनी राष्ट्रपति को तानाशाह कहे जाने के तुरंत बाद एक फोन कॉल में वोलोदिमीर जेलेंस्की को समर्थन की पेशकश की। ट्रंप की यह टिप्पणी रूस के साथ संघर्ष से निपटने के उनके तरीके की आलोचनाओं के बाद आई थी।ब्रिटिश प्रधानमंत्री से जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री (स्टार्मर) ने यूक्रेन के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेता के रूप में राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और कहा कि युद्ध के दौरान चुनावों को स्थगित करना पूरी तरह से उचित था, जैसा कि ब्रिटेन ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किया था। जेलेंस्की का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल मई में समाप्त हो गया था, लेकिन रूस के साथ देश में चल रहे संघर्ष के बीच घोषित मार्शल लॉ के तहत चुनाव स्थगित हैं। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में स्थाई शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रयासों के प्रति अपना समर्थन दोहराया, जिससे रूस को भविष्य में किसी भी आक्रमण से रोका जा सके।

## जयशंकर ने जोहानिसबर्ग में सिंगापुर, ब्राजील के अपने समकक्षों से मुलाकात की

भाषा। जोहानिसबर्ग



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में सिंगापुर और ब्राजील के अपने समकक्षों से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने दोनों नेताओं से वैश्विक घटनाक्रमों के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की दो दिवसीय यात्रा पर जोहानिसबर्ग में हैं। उन्होंने बैठक से इतर सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ हमेशा अच्छी बातचीत होती है, इस बार यह जोहानिसबर्ग में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर हुई। विश्व की स्थिति और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने ब्राजीलियाई समकक्ष विएरा के साथ द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक घटनाक्रम और जी-20 तथा ब्राजील की ब्रिक्स अध्यक्षता में दोनों देशों के कार्यों पर चर्चा की। ब्राजील सरकार ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह-सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा।

## ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत से जुड़ा मुद्दा राजनयिक माध्यम से सुलझा लिया गया: देउबा

काठमांडू। नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने ओडिशा के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने वाली एक नेपाली छात्रा की मौत से उत्पन्न मुद्दे को राजनयिक माध्यम से सुलझा लिया है। देउबा ने ओमान से यहां आने पर त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मीडिया से कहा, नेपाल सरकार ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजनयिक माध्यम से, केआईआईटी (कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी) ओडिशा मे एक नेपाली छात्रा की हुई मौत से जुड़ी समस्या का समाधान कर लिया है। देउबा आठवें हिंद महासागर शिखर सम्मेलन मे भाग लेने ओमान गई थी। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने इस मामले के संबंध मे ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज से बात की है और छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की है। साथ ही, उन्होने नेपाली छात्रों के अपने छात्रावासों मे लौटने और कक्षाओं मे उनके फिर से शामिल होने के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नेपाल के विदेश मंत्रालय की पहल के बाद ओडिशा सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और एक उच्च स्तरीय जांच समिति भी गठित की है।

## विजिट दुबई ने भारतीय डिजाइन को किय प्रमोट

मुंबई। विजिट दुबई ने प्रसिद्ध भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के साथ साझेदारी की है और एक अनूठा कैप्सूल कलेक्शन पेश किया है, जो भारत और दुबई के गहरे सांस्कृतिक संबंधों का उत्सव मनाता है। यह स्पेशल कलेक्शन 15 फरवरी को मुंबई के काला घोड़ा स्थित गौरव गुप्ता के फ्लैगशिप स्टोर में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किया गया। इस बारे में गौरव गुप्ता ने कहा, इस कलेक्शन को बनाना एक ध्यानमग्न प्रक्रिया थी, जो दुबई की पहचान, उसके रूप और गतिशीलता को तलाशने का एक तरीका था। हर सिलाई, हर डिज़ाइन में उस शहर की ऊर्जा है, जो परिवर्तन और भव्यता पर आधारित है। दुबई हमेशा असंभव को संभव बनाने वाला स्थान रहा है, और हमने इस कलेक्शन में उसी भावना को समेटने की कोशिश की है, जिसमे इतिहास और भविष्य, शिल्पकला और नवाचार का संगम मौजूद है । बादर अली हबीब, डायरेक्टर, प्रोक्सिमिटी मार्केट्स, दुबई टूरिज्म (विजिट दुबई) ने कहा, गौरव गुप्ता के साथ यह साझेदारी दुबई और भारत के सांस्कृतिक संबंधों को फैशन के माध्यम से मनाने का एक तरीका है। भारतदुबई के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता वाला बाजार है और यह साझेदारी रचनात्मक संबंधों को मजबूत करती है और एक प्रीमियम लाइफस्टाइल गंतव्य के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस कलेक्शन को मुंबई में गौरव गुप्ता के स्टोर में भव्य लॉन्च के बाद, अब ऑर्डर पर उपलब्ध कराया गया है। जल्द ही यह भारत के अन्य चुनिंदा गौरव गुप्ता स्टोर्स में और ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा। यह साझेदारी भारत और दुबई के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक पुल का काम करती है, जो फैशन के जरिए साझा विरासत और रचनात्मकता को उजागर करती है।

## लंदन की नथिंग में महत्वपूर्ण सुधार करेगा

लंदन। लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने घोषणा की है कि फ़ोन (3ए) सीरीज़ में एक प्रो-लेवल कैमरा सिस्टम होगा, जिससे यूज़र्स किसी भी वातावरण में स्मार्टफोन से वास्तविक तस्वीरें और वीडियो कैप्चर कर सकेंगे। फ़ोन (3ए) सीरीज़ एक बेहतरीन फ़ोटोग्राफी करने वाले स्मार्टफ़ोन की तरह काम करती है, जबकि इसमें एआई स्पष्टता बढ़ाने वाले एल्गोरिदम के साथ एक नया पेरिस्कोप लेंस भी शामिल है। फ़ोन (3ए) सीरीज़ के कैमरे में अपने पूर्ववर्ती फ़ोन (2ए) की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक 50 एम पी पेरिस्कोप लेंस को शामिल करना है, जो 3एक्स ऑप्टिकल ज़ूम, 6एक्स इन-सेंसर ज़ूम और 60एक्स अल्ट्रा ज़ूम प्रदान करता है, जिससे स्पष्ट और विस्तृत मैक्रो शॉट और 70 मिमी पोर्ट्रेट-परफेक्ट फ़ोकल लंबाई मिलती है। नथिंग का ट्रू लेंस इंजन 3.0, ए आई टोन मैपिंग और सीन डिटेक्शन के संयोजन से पेशेवर स्तर की, वास्तविक जीवन जैसी फ़ोटोग्राफी तैयार करने के लिए उत्कृष्ट हार्डवेयर का उपयोग करता है। ट्रू लेंस इंजन हर छवि को समझता है और इसे अगली पीढ़ी की कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजी के साथ क्लासिक फ़ोटोग्राफी का संतुलन बनाता है। फ़ोन (3ए) सीरीज़ का 50 एम पी मुख्य सेंसर पिक्सेल स्तर पर 64 प्रतिशत ज़्यादा रोशनी कैप्चर करता है, जिसका मतलब है कि फ़ोन (2ए) की तुलना में इसकी फुल वेल कैपसिटी 300 प्रतिशत ज़्यादा है। ये सब ज़्यादा गहराई और स्पष्टता प्रदान करते हैं।

## चीन ने म्यांमा में ऑनलाइन धोखेबाजी केंद्रों में काम करने वाले।,000 से अधिक नागरिकों की वापसी शुरू की

बैंकॉक। पूर्वी म्यांमा मे ऑनलाइन घोटाला केंद्रो मे काम करने वाले।,000 से अधिक चीनी नागरिको को हवाई मार्ग से बीजिंग पहुंचाने की शुरुआत बृहस्पतिवार को हुई। श्रमिको को म्यांमा से थाइलैंड ले जाया गया और चार्टर्ड (किराए के) विमानो से चीन रवाना किया गया। थाइलैंड, चीन और म्यांमा ने पिछले महीने धोखाधड़ी केंद्रो को बंद करने के लिए समन्वित प्रयास किए है, जो प्यार भरी झूठी बातो मे फंसाकर, फर्जी निवेश का झांसा देकर और अवैध जुआ योजनाओ के माध्यम से दुनिया भर के लोगो से अरबो डॉलर ठगते थे। अनुमान है कि दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य जगहों से सैकड़ो हजारो लोग म्यांमा, कंबोडिया और लाओस मे ऐसे केंद्रो पर काम करते हैं, जिनमे से कई लोगो को दूसरी कोई नौकरी देने के झूठे बहाने से भर्ती किया गया था। थाइलैंड के अधिकारियो ने हाल मे कहा कि म्यांमा से ऑनलाइन घोटाला केंद्रो से 10,000 लोगो को वापस लाया जा सकता है। अब तक, चीनी नागरिको को वापस लाने के लिए 16 उड़ानें, या लगभग चार उड़ाने प्रतिदिन निर्धारित की गई है जिनके साथ पुलिस होगी।

## चेक गणराज्य में शॉपिंग सेंटर में चाकू से किए गए हमले में दो की मौत, एक किशोर हिरासत में

प्राग। चेक गणराज्य के एक शॉपिग सेंटर मे बृहस्पतिवार को चाकू से किए गए हमले मे दो महिलाओं की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि प्राग के पूरब में करीब 100 किलोमीटर दूर ह्राडेक क्रालोव शहर के एक स्टोर मे चाकू से किए गए हमले के सिलसिले मे उसने एक किशोर संदिग्ध को हिरासत मे लिया है। पहले कहा गया था कि दोनो महिलाएं घायल हो गई थी और उनमें से एक की स्थिति गंभीर है। बाद में पुलिस ने कहा कि दोनों महिलाओं की मौत हो गई। उनकी पहचान नही हो पाई है। इस घटना के बाद घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर पुलिस ने 16 वर्षीय एक किशोर को हिरासत मे लिया। समीप ही एक चाकू मिला। प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने इस हमले मे जान गंवाने वाली महिलाओं के परिवारो के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## यूनान के दूसरे सबसे बड़े शहर में किसानों ने ट्रैक्टरों से यातायात अवरुद्ध किया, पुलिस के साथ झड़प

तेसालोनिकी। यूनान के दूसरे सबसे बड़े शहर तेसालोनिकी मे बुधवार देर रात प्रदर्शनकारी किसानो की पुलिस के साथ झड़प हो गई। इससे पहले उन्होंने उस स्थान के पास सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया, जहां प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस भाषण दे रहे थे।इस घटना मे किसी के घायल होने या गिरफ्तारी की तत्काल कोई खबर नही है।मध्य यूनान से।,000 से अधिक प्रदर्शनकारी लगभग 50 ट्रैक्टरों के काफिले के साथ उत्तरी शहर पहुंचे। काले झंडे दिखाते हुए किसानों ने आपातकालीन लाइटें जलाकर रात को रैली के दौरान तेसालोनिकी मे मुख्य सड़को को अपने ट्रैक्टरो से अवरुद्ध किया।हाल के महीनो मे पूरे यूरोप मे किसानो ने इसी तरह की शिकायते और प्रदर्शन किए है। यूनान मे कृषि संघ कई हफ्तो से विरोध प्रदर्शन कर रहे है, जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले फसल नुकसान सहित विभिन्न मुद्दो पर सरकार से समर्थन की मांग की गई है।

## अमेरिक से निर्वासित भारतीय पनामा पहुंचे

भाषा। पनामा सिटी

**अमेरिका से** निर्वासित एक भारतीय समूह के सुरक्षित रूप से पनामा पहुंचने की जानकारी पनामा सरकार ने भारत को दी है। पनामा में मौजूद भारतीय मिशन स्थानीय सरकार के साथ मिलकर निर्वासितों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है।पनामा, कोस्टा रिका और निकारागुआ में स्थित भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी साझा की। हालांकि, इसमें पनामा पहुंचे भारतीयों की संख्या का उल्लेख नहीं किया गया। यह समूह उन 299 अप्रवासी लोगों का हिस्सा है जिन्हें अमेरिकी सरकार द्वारा पनामा भेजा गया है।राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो की सहमति के बाद भारतीय निर्वासित तीन उड़ानों से पनामा पहुंचे थे।

## हमास ने चार इजराइली बंधकों के शव सौंपे



भाषा। खान यूनिस (गाजा पट्टी)

**हमास ने चार** इजराइली बंधकों के शव बृहस्पतिवार को सौंप दिए। इन बंधकों में एक महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। शोरी बिबास और उनके दो बच्चे एरियल और कफीर के साथ-साथ 83 वर्षीय ओदेद लिफशिट्ज के शव सौंपे गए हैं। कफीर को नौ महीने की उम्र में बंधक बनाया गया था। वह सबसे छोटे बंदी थे। हमास का कहना है कि चारों की मौत इजराइली हवाई हमलों में हुई थी। उग्रवादियों ने गाज़ा पट्टी में एक मंच पर चार काले ताबूत प्रदर्शित किए। ताबूत के चारों ओर बैनर लगाए गए थे। इनमें से एक बड़े बैनर पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भूत के रूप में दिखाया गया था। लड़ाकों ने ताबूतों को रेड क्रॉस के वाहनों तक पहुंचाया जिसके बाद रेड क्रॉस के कर्मियों ने शवों को सफेद चादरों से लपेटकर वाहनों में रखा। इसके बाद रेड क्रॉस का काफिला इजराइल की ओर रवाना हो गया। इजराइली अधिकारियों द्वारा डीएनए परीक्षण के माध्यम से शवों की औपचारिक पहचान की जाएगी। परीक्षण पूरा होने में लगभग दो दिन लग सकते हैं। पहचान प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात ही परिवारों को अंतिम सूचना दी जाएगी।

### हमास से बंदियों के शव मिले : इजराइल

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसे उन चार बंधकों के शव मिल गए है जो हमास ने गाजा पट्टी मे अंतरराष्ट्रीय संस्था रेड क्रॉस को सौंपे गए थे। रेड क्रॉस संस्था का मुख्य उद्देश्य युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की मदद और चिकित्सा करना है। बताया जाता है कि ए शव शीरी बीबास और उनके दो बच्चों और ओदेद लिफिशित्ज के है। हमास द्वारा बंधक बनाए जाने के वक्त लिफिशित्ज की उम्र 83 वर्ष थी। इजराइल के अधिकारी शवों की पहचान के लिए उनका डीएनए परीक्षण करेंगे। इस प्रक्रिया मे दो दिन का समय लग सकता है।

## अमेरिका ने बर्ड फ्लू से निपटने के लिए निकाले गए कर्मचारियों को काम पर रखने की कोशिश में

**ओमाहा।** अमेरिका का कृषि विभाग कई ऐसे कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर रखने की कोशिश कर रहा है जो मौजूदा बर्ड फ्लू के प्रकोप से निपटने में अमेरिकी सरकार की मदद में शामिल थे। बर्ड फ्लू के प्रकोप ने पिछले तीन वर्षों से अंडा और कुक्कुट पालन केंद्रों (पोल्ट्री फार्म) को तबाह कर दिया है। ए कर्मचारी उन हजारों संघीय कर्मचारियों में शामिल थे जिन्हें अरबपति एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग की सिफारिशों पर हटाया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय सरकार को सुव्यवस्थित और नया रूप देने के अपने वादे को पूरा करने के लिए मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग का गठन किया है। डॉन बेकन ने कहा कि प्रशासन को कटौती करने के तरीके में अधिक सावधान रहना चाहिए।

# मेलेनोमा के निदान से रुकेगा त्वचा कैंसर

## लेकिन स्वयं अपनी जांच की जा सकती है

भाषा। ब्रिसबेन-सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** विश्व में त्वचा कैंसर की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है, जहां हर साल लगभग 19,000 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा कैंसर के सबसे खतरनाक प्रकार मेलेनोमा का निदान किया जाता है। मेलेनोमा तेजी से बढ़ता है और किसी भी अंग में फैलने की क्षमता रखता है। मेलेनोमा मेलेनोसाइट्स नामक त्वचा कोशिकाओं से आता है। मेलेनोमा हालांकि घातक हो सकता है, लेकिन यदि इसका समय पर पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। ऑस्ट्रेलिया में नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी सामान्य आबादी में मेलेनोमा की जांच की अनुशंसा नहीं करते हैं। दुनियाभर में ऑस्ट्रेलिया में कैंसर की सबसे अधिक दर को देखते हुए यहां कोई राष्ट्रीय जांच कार्यक्रम क्यों नहीं है? ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में स्तन, गर्भाशय-ग्रीवा और आंत्र कैंसर की जांच की जाती है तथा 2025 में फेफड़े के कैंसर की जांच भी शुरू की जाएगी। यह सवाल कि क्या सभी लोगों की मेलेनोमा और अन्य त्वचा कैंसर के लिए जांच की जानी चाहिए, जटिल है। यहां जानिए क्यों। वर्तमान दृष्टिकोण प्रत्एक वर्ष 19,000 घातक मेलेनोमा के निदान के अतिरिक्त, लगभग 28,000 लोगों में इन-सीटू मेलेनोमा का निदान किया जाता है। इन सीटू मेलेनोमा नामक त्वचा कैंसर का सबसे प्रारंभिक चरण है। इन सीटू का अर्थ है कि कैंसर कोशिकाओं को शरीर में कहीं और फैलने का मौका नहीं मिला है और ए त्वचा की सबसे ऊपरी परत (एपिडर्मिस) में ही रहती हैं। पिछले वर्ष के दौरान लगभग तीन में से एक ऑस्ट्रेलियाई वयस्क व्यक्ति ने चिकित्सीय त्वचा जांच कराई है। क्यों न सभी की त्वचा की जांच की जाए?

## डायबिटीज के साथ ही दिल की सेहत का ख्याल रखें

डायबिटीज और दिल की सेहत के बीच एक गहरा नाता है जिसे अक्सर लोग अनदेखा कर देते हैं। जब हमारे खून में शुगर की मात्रा बढ़ती है, तो इसका असर सिर्फ ग्लूकोज तक ही सीमित नहीं रहता। यह एक रिपल इफेक्ट होता है जो हमारे दिल के कामकाज और पूरे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को खतरे में डाल सकता है। एक रिसर्च के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को सामान्य लोगों के मुकाबले अपने जीवन में कभी न कभी दिल की बीमारी होने का खतरा दोगुना होता है। जब खून में शुगर की मात्रा ब? जाती है, तो यह रक्त वाहिकाओं और उन नसों को नुकसान पहुंचा सकती है जो दिल के कामकाज को नियंत्रित करती हैं। अच्छी बात यह है कि डायबिटीज को मैनेज करने के लिए आप जो कदम उठाते हैं वे कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के खतरे को कम करने में भी मददगार हो सकते हैं। एबॅट के डायबिटीज डिविजन में मेडिकल अफेयर्स के डायरेक्टर ड. केनेथ ली ने कहा डायबिटीज को अच्छे से कंट्रोल करने के लिए अपने ग्लूकोज लेवल पर लगातार नजर रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कंटीन्यूअस ग्लूकोज मनिटरिंग जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन उपकरणों से ग्लूकोज लेवल जानने के लिए आपको उंगली में सुई चुभाने की जरूरत नहीं होती है। सीजीएम उपकरण आपको कई उपयोगी जानकारी देते हैं, जैसे कि टाइम इन रेंज। टीआईआर से पता चलता है कि दिन के किस समय आपके ग्लूकोज लेवल एक निश्चित सीमा में रहते हैं। जब आप इस सीमा में ज्यादा समय बिताते हैं, तो आपको कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा कम होता है। टीआईआर में 10प्रतिशत की बढ़ोतरी से आपकी कैरोटिड आर्टरीज के असामान्य रूप से मोटे होने का खतरा 6.4प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसलिए, कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से बचने के लिए ज्यादा टीआईआर हासिल करना बहुत जरूरी है। एकैडिस हस्पिटल में सीनियर कंसल्टेन्ट ड.ज्योति साह ने कहा भारत में डायबिटीज से पीड़ित कई लोग दिल से जड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चिंता की बात यह है कि ये समस्याएं युवाओं में भी देखने को मिल रही हैं। अगर डायबिटीज को सही से मैनेज न किया जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर, बैड कोलेस्ट्रल और हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसे कारक कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकते हैं। यह जरूरी है कि लोग सावधानी बरतें और ग्लूकोज के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए रोकथाम के उपाय करें। दिल को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा डाइट, नियमित व्यायाम और सीजीएम जैसे उपकरणों से ग्लूकोज की निगरानी जैसे उपाय किए जा सकते हैं।

## ओआरएसएल की पहल से डायरिया से डर नहीं

ओआरएसएल बनाने वाली कंपनी केनव्यू ने पॉपुलेशन सर्विसेज़ इंटरनेशनल इंडियके साथ मिलकर एक नई जनस्वास्थ्य पहल 'डायरिया से डर नहीं' की शुरुआत की है है। अगले दो+ वर्षों में लगभग 5 मिलियन बच्चों तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ, यह पहल उत्तर प्रदेश के 7 जिलों और बिहार के 3 जिलों में दस्त से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार पर केंद्रित होगी।सरकार के स्टॉप डायरिया अभियान को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से, हमें डायरिया से डर नहीं नामक इस बहु-वर्षीय पहल को शुरू करने पर गर्व है, जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार के 10 जिलों में लगभग 5 मिलियन से अधिक बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य है। यह पहल विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के कमजोर बच्चों के लिए एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से समुदायों के स्वास्थ्य पर सार्थक प्रभाव डालने का प्रयास करेगी, जिसमें रोकथाम और उपचार दोनों उपायों को शामिल किया गया है, और ह्र्र एवं जिंक कवरेज के विस्तार पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है।इस पहल के बारे में बात करते हुए, प्रशांत शिंदे, बिजनेस यूनिट हेड सेल्फ केयर, केनव्यू ने कहा, पिछले 20 वर्षों से, ओआरएसएल हमारा प्रतिष्ठित इलेक्ट्रोलाइट ब्रांड, फ्लूइड, इलेक्ट्रोलाइट और एनर्जी पर वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है, जिससे उन्नत हाइड्रेशन फॉर्मूलेशन विकसित हुए हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025



# शमी-गिल के शानदार खेल ने जीत से कराई शुरुआत

**● चैंपियंस ट्राफी : भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया**

**● शमी के पांच विकेट, गिल का नाबाद शतक**

भाषा। दुबई



**भारत ने** मोहम्मद शमी (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 101 रन) की परिस्थितियों के अनुकूल खेली गई संयमित शतकीय पारी की मदद से बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 21 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। गिल का यह आईसीसी टूर्नामेंट में पहला शतक है। उन्होंने अपने इस धीमे शतक के लिए 129 गेंद का सामना किया जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे। उनके साथ केएल राहुल (नाबाद 41 रन, 47 गेंद, एक चौका, दो छक्के) ने 87 रन की अटूट साझेदारी निभाई और छक्का जड़कर जीत दिलाई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के लिए मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे तौहीद हृदय ने अपना पहला वनडे शतक जड़ा लेकिन शमी (53 रन देकर पांच विकेट) की गेंदबाजी के सामने टीम 49.4 ओवर में 228 रन पर ढेर हो गई।भारत ने रोहित शर्मा (41 रन) और गिल की तेज शुरूआत के बाद जल्दी जल्दी विकेट गंवा दिए। लेकिन फिर गिल और राहुल ने मिलकर 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। रोहित ने तेज शुरूआत की और जल्द ही वनडे में 11,000 रन पूरे किए। पर पावरप्ले के अंतिम ओवर में तास्किन अहमद की गेंद को हवा में उठाया और रिशाद हुसैन को आसान कैच दे बैठे जिससे उनकी 36 गेंद में सात चौके जड़ित पारी का अंत हुआ। गिल और विराट कोहली ने धीमी होती पिच पर संभलकर बल्लेबाजी की जिस पर स्पिनरों को काफी मदद मिल रही थी। कोहली अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन एक बार फिर लेग स्पिन का शिकार हो गए। उन्होंने रिशाद हुसैन की लेग ब्रेक गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में कट करने का प्रयास किया जहां सौम्य सरकार ने आसान कैच लेकर 38 गेंद में 22 रन की पारी का अंत किया। इस तरह भारत ने 112 रन पर दूसरा विकेट गंवाया।इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला की शानदार लय को जारी रखते हुए गिल ने धीमी बल्लेबाजी करते हुए 69 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से अपना पचासा पूरा किया। यह उनका सबसे धीमा अर्धशतक है। श्रेयस अय्यर (15 रन) ने शुरू में रन लेने में हुई गफलत से बचने के बाद मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर दो चौके लगाकर लय में आने की कोशिश की। उन्होंने फिर से मुस्तफिजुर की धीमी ऑफकटर पर चौका लगाने का प्रयास किया, पर आउट हो गए। भारत ने 28वें ओवर में 133 रन पर अपना तीसरा विकेट गंवाया। अक्षर पटेल को बल्लेबाजी क्रम में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन यह रणनीति काम नहीं आ सकी, वह रिशाद हुसैन की गेंद पर उन्हें ही कैच देकर पवेलियन पहुंच गए। भारत को 144 रन पर चौथा झटका लगा। फिर गिल और राहुल ने धीमी होती पिच पर मिलकर संभलकर खेलना जारी रखा और अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। इस दौरान राहुल का कैच छूटा जो जाकिर अली ने ही छोड़ा जिन्होंने भी स्टंप के पीछे राहुल द्वारा जीवनदान दिए जाने के बाद अर्धशतकीय पारी खेली थी।

## शमी सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले भारतीय गेंदबाज बने

दुबई। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट झटकने वाले भारतीय गेंदबाज और ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए। इस तरह उन्होंने पांच विकेट लेकर आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार वापसी की। लंबे समय तक चोट से दूर रहने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए शमी ने अपने 104वें मैच में तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को पीछे छोड़ दिया जिन्होने 133 मैच में यह मुकाम हासिल किया था। शमी का 200वां विकेट जाकिर अली थे जिन्होने 68 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने अपने खाते में दो और विकेट जोड़े और दिन का अंत 53 रन देकर पांच विकेट के आंकड़े के साथ किया जिससे आईसीसी टूर्नामेंटों में सबसे सफल गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई। शमी के आईसीसी टूर्नामेंट में अब 60 विकेट हो गए है जिससे वह 50 ओवरों के दो आईसीसी टूर्नामेंट (वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी) में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उनके बाद जहीर खान (59), जवागल श्रीनाथ (47) और रविंद्र जडेजा (43) आते है। शमी इस तरह ओवरआल सबसे तेजी से 200 वनडे विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज है। उनसे आगे ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क है जिन्होने 102 मैच में 200 विकेट झटके है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक शमी का वनडे प्रारूप में औसत 25 से कम है और वह पहले ही पांच बार पांच विकेट और 10 बार चार विकेट ले चुके है। चौतीस वर्षीय शमी वनडे क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने वाले आठवे भारतीय है। टखने की चोट के कारण 14 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने वाले शमी ने शानदार वापसी की है। हालांकि यह सफर आसान नही था क्योंकि उन्हे डर था कि उनका करियर खत्म हो गया है। हालांकि देश के लिए फिर से खेलने की उनकी अटूट इच्छा ने उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के दौरान टखने में चोट लगी थी जिससे उनकी शानदार फॉर्म पर ब्रेक लग गया। बाएं घुटने मे सूजन के कारण उनकी उबरने की प्रक्रिया और भी जटिल हो गई थी क्योंकि वह एक साल से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे थे।

## स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पारी :** हसन का राहुल बो अक्षर पटेल 25,सरकार का राहुल बो शमी 00, शंटो का कोहली बो हर्षित राणा 00, मिराज का गिल बो शमी 05, हृदय का शमी बो हर्षित राणा 100,रहीम का राहुल बो अक्षर पटेल 00,अली का कोहली बो शमी 68, हुसैन का पंड्या बो हर्षित राणा 18,अहमद का अय्यर बो शमी 03,रहमान नाबाद 00,**अतिरिक्त :** 09,**कुल :** 49.4 ओवर में 228 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन :**1-1, 2-2, 3-26, 4-35, 5-35, 6-189, 7-214, 8-215, 9-228,**गेंदबाजी :** शमी 10-0-53-5,राणा 7.4-0-31-3,पटेल 9-1-43-2, पंड्या 4-0-20-0,जडेजा 9-0-37-0,यादव 10-0-43-0

**भारत पारी :** रोहित का रिशाद हुसैन बो तास्किन अहमद 41, गिल नाबाद 101 रन, कोहली का सौम्य सरकार बो रिशाद हुसैन 22 श्रेयस अय्यर का शंटो बो मुस्तफिजुर रहमान 15,पटेल का एवं बो रिशाद हुसैन 08,राहुल नाबाद 41,**अतिरिक्त :** 03,**कुल :** 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन,**विकेट पतन :**1-69, 2-112, 3-133, 4-144,**गेंदबाजी :** अहमद 9-0-36-1, रहमान 9-0-62-1,साकिब 8.3-0-58-0, मिराज 10-0-37-0, हुसैन 10-0-38-2

## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पिता का निधन

नई दिल्ली। भारत के स्टार बैडमिंटन युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पिता आर काशी विश्वनाथम का गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।सात्विकसाईराज समय 43वें पीएसपीबी अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं। उन्हें गुरुवार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार मिलना था। उनके पिता को भी इस समारोह में भाग लेना था लेकिन इससे पहले ही उनका निधन हो गया। उनके पिता सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक थे।परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा, यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि सात्विक के पिता का आज सुबह निधन हो गया।

## भारत ने पिंक लेडीज कप में जोर्डन को 2-0 से हराया

शारजाह। भारत की महिला फुटबॉल टीम ने पिंक लेडीज कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बृहस्पतिवार को यहां जोर्डन पर 2-0 की जीत दर्ज की। मिडफील्डर नाओरेम प्रियंगका देवी (23वें मिनट) और विगर मनीषा (54वें मिनट) ने एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। क्रिस्पिन छेत्री के मुख्य कोच रहते यह भारत की पहली जीत है।प्रियंगका ने लंबी दूरी से गोल करके भारत को बढ़त दिलाई जिसने जोर्डन की गोलकीपर को चौका दिया।

## आंद्रीवा से हारकर दुबई चैंपियनशिप से बाहर हुईं स्वियातेक

दुबई। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पहली बार 18 साल से कम उम्र की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जब वह बृहस्पतिवार को यहां माइरा आंद्रीवा के खिलाफ शिकस्त के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं।सत्रह साल की आंद्रीवा ने स्वियातेक के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की और दुबई चैंपियनशिप के 24 साल के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गई।आंद्रीवा इससे पहले पिछले साल सिनसिनाटी में स्वियातेक के खिलाफ अपने एकमात्र मुकाबले में हार गईं थी।रूस की आंद्रीवा अगले दौर में छठी वरीय एलेना रिबाकिना और सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

## वाणी ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में बढ़त बनाई

पुणे। वाणी कपूर ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर में पांच अंडर 66 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण मे पांच शॉट की बढ़त बना ली।पहले दौर में 70 का स्कोर बनाने वाली वाणी का दो दौर के बाद कुल स्कोर छह अंडर 136 है। उन्होंने दूसरे दौर मे पांच बर्डी की।वाणी ने दूसरे चरण की विजेता स्नेहा सिंह पर पांच शॉट की बढ़त बना ली है। दूसरे दौर मे पार 71 का स्कोर बनाने वाली स्नेहा का कुल स्कोर एक अंडर 141 है।

## आईओसी को 2032 तक नया ओलंपिक प्रायोजक मिला

बीजिंग। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को चीन में नया प्रायोजक मिला है जो जापान के दीर्घकालिक व्यावसायिक साझेदार पैनासोनिक की जगह लेगा। टीसीएल ने होम ऑडियो विजुअल इक्विपमेंट एंड एप्लायंस प्रायोजक श्रेणी में 2032 तक आठ साल का अनुबंध किया है जिसमें चार ओलंपिक शामिल है। इस अनुबंध के वित्तीय पहलू की जानकारी नही दी गई है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद पैनासोनिक की चार दशक की साझेदारी समाप्त हो गई। वह 1985 में बने वैश्विक ओलंपिक भागीदार कार्यक्रम का संस्थापक सदस्य था जिसे टीओपी के रूप में जाना जाता है।

## माफ करो और आगे बढ़े, हर चीज के बारे में चिंता नही कर सकते : धोनी

भाषा। मुंबई



**पूर्व भारतीय** कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने मैदान पर अपने शांत और एकाग्र दृष्टिकोण से एक नेतृत्वकर्ता के लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं। वह अब जब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ एक खिलाड़ी के रूप में संभवत: अपने आखिरी आईपीएल सत्र में खेलने की तैयारी कर रहे हैं तो यहां एक कार्यक्रम में जब उन्हें अपने प्रशंसकों को सलाह देने के लिए कहा गया तो वह दार्शनिक हो गए। अपनी ऐप धोनी के लॉन्च के दौरान इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने बुधवार शाम कहा, मेरा मानना है कि जीवन को सरल बनाए रखें। खुद के प्रति ईमानदार रहें, लोगों के प्रति कृतज्ञता रखें, जो कुछ भी वे आपके लिए कर रहे हैं। हमेशा यह नहीं सोचें कि यह मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और अधिक की मांग करें। इस दौरान भारत के चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाजी संजू सैमसन भी मौजूद थे।धोनी ने कहा, मुझे पता है कि पूरा ऐप (धोनी) कहता है थोड़ा और , लेकिन पूरी बात कृतज्ञता रखने, धन्यवाद कहने, बड़ों का सम्मान करने (और) छोटों को प्यार देने की है।

## भारत के मैच से पहले फखर जमां बाहर

**● इमाम उल हक पाक टीम में शामिल**

कराची। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां भारत के खिलाफ दुबई में होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इमाम उल हक को टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की टीम गुरुवार को जमां के बिना ही दुबई के लिए रवाना हुई। यह सलामी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गया था। पीसीबी ने आईसीसी की तकनीकी समिति से मंजूरी मिलने के बाद अपनी टीम में बदलाव किया। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को दुबई में खेला जाएगा। फखर जमां चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह 29 वर्षीय इमाम उल हक को पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है।

## धामने, रामकुमार, प्रज्वल देव को बेंगलुरु ओपन में वाइल्ड कार्ड

**बेंगलुरु।** भारत के 17 साल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानस धामने, अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और एसडी प्रज्वल देव को 24 फरवरी से यहां शुरू हो रहे बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 125 टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है।कृष त्यागी और निकी कलियंडा पूनाचा मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत की युवा प्रतिभाओं में से एक मानस धामने पिछले दो वर्षों से सर्किट पर सक्रिय हैं और हाल में उन्होंने ट्यूनीशिया के एम 15 मोनास्टिर में अपना पहला खिताब जीता है। जूनियर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर का मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया। वह 2023 में एटीपी टूर का मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं प्रज्वल देव और रामनाथन काफी अनुभवी हैं।इस टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमान ने कहा, मानस धामने को प्रतिभा भारतीय टेनिस के लिए रोमांचकारी चीज है जबकि रामकुमार और प्रज्वल देव काफी अनुभवी हैं। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले हमारे सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में कैसा प्रदर्शन करते हैं। वहीं युगल स्पर्धा में 16 टीमें भाग लेंगी। भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और चीनी ताइपे के रे हो मुख्य ड्रॉ में सर्वोच्च रैंकिंग वाली जोड़ी के रूप में प्रवेश करेंगे जबकि ब्लेक बेल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम हैं। दिल्ली ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले निकी पूनाचा और कोर्टनी जॉन लॉक के भी मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। भारत के सिद्धांत बंथिया और परीक्षित सोमानी भी सीधे प्रवेश करेंगे जिससे घरेलू प्रतिनिधित्व मजबूत हो गया है।

## क्विक न्यूज

### द.अफ्रीका को टक्कर देने के लिए उतरेगा अफगानिस्तान

कराची। पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही अफगानिस्तान की टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखकर शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे है लेकिन इसके बावजूद वह अभी तक केवल चैंपियंस ट्रॉफी ही जीत पाई है।इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है।दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी ज़ोरज़ी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में जबकि हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। उसका गेंदबाजी विभाग है क्योंकि तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।ऐसे में अपनी आक्रामकता के लिए मशहूर तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी तथा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा।स्पिन विभाग में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की अहम भूमिका होगी।दक्षिण अफ्रीका के हाल में वनडे में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

### सिक्योरिटी हैकॉथन के ग्रैंड फिनाले में मारी बाजी

**कानपुर। आई**आईटी कानपुर में साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र सी3आईहब ने हैक आईआईआईटीके ग्लोबल साइबर सुरक्षा हैकथॉन 2025 के विजेताओं की घोषणा की। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन आईआईटी कानपुर में एक प्रतिष्ठित समापन सत्र के साथ हुआ। इस हैकथॉन में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र के कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाया गया, जिससे प्रतिभागियों को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की लगातार उभरती चुनौतियों का समाधान प्रदान करने के लिए अपने कौशल और नवीन समाधानों का प्रदर्शन करने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान किया गया। स्टार्टअप ट्रैक विजेताओं में आईआईएम लखनऊ के नोएडा कैंपस में नमन अरोड़ा द्वारा स्थापित क्लोज एआई टेक शामिल था, जिसने पहला पुरस्कार प्राप्त किया, जिसने 3 लाख रुपये और 5,000 डॉलर के एडब्ल्यूएस क्लाउड क्रेडिट जीते। दूसरा पुरस्कार क्वांटमवीव इंटेलिजेंस को मिला, जिसने 2 लाख रुपये और 5,000 डॉलर के एडब्ल्यूएस क्लाउड क्रेडिट जीते, जबकि रेडैक्ट लैब्स ने तीसरा पुरस्कार जीता, जिसने 1 लाख रुपये और 5,000 डॉलर के एडब्ल्यूएस क्लाउड क्रेडिट जीते। स्पेशल जूरी इनोवेशन अवार्ड, ओकिनस टेक को दिया गया, जिसने भी 1 लाख रुपये और 5,000 डॉलर के एडब्ल्यूएस क्लाउड क्रेडिट जीते। इनमें से कई विजेता स्टार्टअप को उनके समाधानों को विकसित करने और बढ़ाने में मदद करने के लिए सी3आईहब, आई आई टी कानपुर में भी इनक्यूबेट किया जाएगा।

### टोयोटा देगा रफ्तार को दुनिया में विस्तार

बरेली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। यह प्रतिष्ठा, शक्ति और दमदार क्षमता का प्रतीक है। 70 से अधिक वर्षों की विरासत पर बना, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की परम अभिव्यक्ति है। इसे लक्जरी चाहने वालों और ऑफ-रोड उत्साहियो की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दुनिया भर में लाखों उत्साही एसयूवी ग्राहकों के पसंदीदा अपने कालातीत आकर्षण और अदम्य उत्साह के साथ, लैंड क्रूजर 300 स्थायित्व, विश्वसनीयता और कहीं भी जाने की क्षमता की अपनी जड़ों के प्रति सच्चे रहते हुए निरंतर बेहतर हो रहे हैं। भारत में सभी टोयोटा डीलरशिप पर ग्राहकों के लिए लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग अब शुरू हो गई है। बेजोड़ विश्वसनीयता, प्रभावशाली उपस्थिति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मशहूर, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की वैश्विक श्रृंखला की प्रमुख एसयूवी है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, लैंड क्रूजर 300 ताकत, परिष्कृतता और ऑफ-रोड कौशल की अंतिम अभिव्यक्ति

### मुंबई के पूर्व क्रिकेटर मिलिंद रेगे का अंतिम संस्कार

मुंबई। मुंबई और भारत के कई पूर्व खिलाड़ियों ने मुंबई के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि दी जिनका बृहस्पतिवार को यहां शिवाजी पार्क मे अंतिम संस्कार किया गया। रेगे का बुधवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से शहर के एक अस्पताल मे निधन हो गया था। वह 76 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है।दिलीप वेंगसरकर, संजय मांजरेकर, संजय बांगड़, किरण मोरे, अभय कुरुविला जैसे पूर्व भारतीय खिलाड़ी मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक, सचिव अभय हडप और अनुभवी प्रशासक प्रोफेसर रत्नाकर शेट्टी सहित अन्य अधिकारियो के साथ मौजूद थे।बांगड़ ने मीडिया से कहा, उनका दिल हमेशा मुंबई क्रिकेट और उसके खिलाड़ियों के लिए धड़कता था। मैने हमेशा उन्हे अपने वरिष्ठ के रूप में देखा है। उन्होने चयनकर्ता, प्रबंधक या मेंटोर (मार्गदर्शक) की कई भूमिकाए निभाई।

### महिला प्रो लीग में भारत की निगाहें जर्मनी के खिलाफ मैच में उलटफेर करने पर

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक एफआईएच प्रो लीग के चार मैच मे सिर्फ एक मे जीत दर्ज कर पाई है जिससे शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच मे उसकी निगाहें उलटफेर कर अपनी किस्मत बदलने की होगी। चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद भारतीय महिला टीम वापसी करने और तालिका मे अपनी स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए दृढ़ संकल्प है। सलिमा टेटे की अगुवाई वाली टीम चार मैच में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है। भारतीय टीम ने अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ की लेकिन दूसरे मैच मे इसी प्रतिद्वंद्वी से शूटआउट मे1-2 से हार गई। स्पेन के खिलाफ अपने तीसरे मैच मे भारतीय टीम कड़ी टक्कर के बावजूद 3-4 से पराजित हो गई। अगले मैच मे टीम को स्पेन से 0-1 से हार मिली।

### अखिल इंफ्रा फाइनल में,ध्रुव अकादमी से खिताबी जंग

**लखनऊ।** अजीत वर्मा 71 और मैन ऑफ द मैच मोहम्मद सैफ 50 के शानदार अर्धशतकों से अखिल इंफ्रा ने आरबीएन ग्लोबल टी20 प्राइजमनी कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के पहले सेमीफाइनल में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 25 रन से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। फाइनल में अखिल इंफ्रा की टक्कर ध्रुव क्रिकेट अकादमी से होगी जिसने दूसरे सेमीफाइनल में यूपी टिम्बर को दो विकेट से हराया। डीजीआई क्रिकेट स्टेडियम पर पहले सेमीफाइनल में अखिल इंफ्रा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 195 रन का स्कोर बनाया। टीम को शुरू में तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज शिव धीमान शून्य पर आउट हो गए। हालांकि उनके जोड़ीदार अजीत वर्मा ने 43 गेंदों पर आठ चौके व तीन छक्के से 71 रन की तूफानी पारी खेली। उनका साथ देते हुए कप्तान मोहम्मद सैफ ने 33 गेंदों पर सात चौके व दो छक्कों से 50 रन बनाए। जवाब में कूह स्पोर्ट्स की टीम 19.5 ओवर में 170 रन पर सिमट गयी।

## हरियाणा 106 पदक के साथ राष्ट्रीय पैरालंपिक में बना ओवरऑल चैंपियन

**चेन्नई।** हरियाणा ने बृहस्पतिवार को संपन्न 23वीं राष्ट्रीय पैरालंपिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 49 स्वर्ण सहित 106 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 49 स्वर्ण के अलावा 32 रजत और 25 कांस्य पदक भी जीते तथा पदक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बना। मेजबान तमिलनाडु 17 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि उत्तर प्रदेश ने 14 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान और महाराष्ट्र इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष पांच में रहे। प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन हरियाणा ने पुरुषों की चक्का फेंक एफ 37 स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। भविष्य ने 44.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके राज्य के साथी हनी 44.13 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

## जयमीत-देसाई के खेल से गुजरात फाइनल के करीब

**● रणजी ट्रॉफी**



**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज प्रियांक पंचाल की 148 रन की शानदार पारी के बाद जयमीत पटेल और सिद्धार्थ देसाई के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत गुजरात यहां केरल के पहली पारी में 457 रन के जवाब में बृहस्पतिवार को चौथे दिन सात विकेट पर 429 रन बनाकर तीसरी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश के करीब पहुंच गया। जयमीत ने स्वाभाविक स्ट्रोकप्ले पर लगाम लगाकर अपार धैर्य और संयम का परिचय दिया और 161 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए। उनकी पारी में सिर्फ दो चौके शामिल थे जिससे दबाव में बल्लेबाजी करने के उनके दृढ़ संकल्प का पता चलता है। देसाई ने 134 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को मजबूती प्रदान की और 11 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। बाएं हाथ की इस जोड़ी ने शानदार धैर्य दिखाया और 36.4 ओवर तक संघर्ष किया। अब अंतिम दिन गुजरात के तीन विकेट बचे हैं और वह पहली पारी के आधार पर सिर्फ 28 रन से पीछे है। पहली पारी की बढ़त के आधार पर मैच का नतीजा तय होने की संभावना के साथ जयमीत और देसाई केरल के स्कोर के करीब पहुंचना चाहेंगे और अपनी टीम को 2016-17 के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाना चाहेंगे जब टीम ने अपना पहला खिताब जीता था। गुजरात ने 1950-51 में भी रणजी फाइनल में प्रवेश किया था लेकिन टीम तब उपविजेता रही थी।

### मुंबई की लक्ष्य का पीछा करते हुए खराब शुरूआत

नागपुर। विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन बृहस्पतिवार को यहां मुंबई का स्कोर दूसरी पारी में तीन विकेट पर 83 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा।गत चैंपियन मुंबई की टीम 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही है और उसे जीत के लिए 323 रन की और दरकार है। विदर्भ ने इससे पहले दिन की शुरुआत चार विकेट पर 147 रन से की और यश राठौड़ (151 रन, 252 गेंद, 11 चौके) के शतक तथा अक्षय वाडकर (52 रन, 202 गेंद, पांच चौके) के अर्धशतक से दूसरी पारी मे 292 रन बनाए। पहली पारी मे 113 रन की बढ़त हासिल करने वाले विदर्भ ने इस तरह मुंबई को 406 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने आयुष म्हात्रे (18), सिद्धेश लाड (02) और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट जल्दी गंवा दिए जो स्पिनरो का शिकार बने। मुंबई की पहली पारी मे 106 रन बनाने वाले आकाश आनंद दिन का खेल खत्म होने पर 92 गेंद मे एक चौके की मदद से 27 रन बनाकर खेल रहे थे। शिवम दुबे 12 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे है। मुंबई की उम्मीदें अब भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव, तनुष कोटियान और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ियों पर टिकी है। दूसरी तरफ विदर्भ को उम्मीद है कि वह पिछले साल फाइनल मे मुंबई के खिलाफ मिली हार का बदला चुकता कर लेगी। चौथे दिन अंतिम सत्र मे बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने म्हात्रे को बोल्ड करके विदर्भ को पहली सफलता दिलाई और फिर सिद्धेश लाड को स्टंप कराया।अपना सिर्फ दूसरा प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे 25 साल के पार्थ रेखाडे ने एक बार फिर रहाणे की पारी का अंत किया। पार्थ ने रहाणे को पगबाधा किया।

## ममता व प्रेक्षा ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

**● 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट**



**लखनऊ।** पीसीडीए ओ पुणे की ममता जीण् और सीडीए आरटीसी एनएडीएफ एमए पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीता। सूर्या खेल परिसरए करियप्पा रोडए कैंटए लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जीण् व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए दृआर्मी.पुणे के विक्रम व सीडीए आरटीसी एनएडीएफ एमए पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा- श्रीनिवास रेड्डी व टीग्रामा मूर्ति को हराया। पुरुष एकल आईडीएएस सेमीफाइनल मेंए पीसीडीए,आर्मीपुणे के विक्रमने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएमए पुणे के दक्ष जैन को और सीडीए चेन्नई के डा.धनशेखर रथिनाम ने सीडीए सिकंदराबाद के मूर्ति को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए पुणे की ममता जीण् ने सीडीए चेन्नई की संगीता को हराया। जबकि प्रेक्षा जैन ने पीसीडीए नेवी मुंबई की अमूल्या को मात दी। पीसीडीए आर्मी लखनऊ की अजय कुमार और शैलेंद्र पावा की जोड़ी ने पुरुष युगल खेल कोटा सेमीफाइनल में रवि राज शर्मा व सुमित कुमार के खिलाफ 18.21ए 21.10ए 21.19 के स्कोर से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला युगल ओपन सेमीफाइनल में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने पूनम एसण्मुले व श्वेता नायडू को 18.21ए 21.16ए 21.13 से हराया।

### यूपी ग्रेस का सपना टूटा, नवल ओडिशा बनीं चैंपियन

लखनऊ। नवल टाटा अकादमी ओडिशा ने 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब.जूनियर अंडर-14 प्राइज़मनी हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान यूपी का सपना तोड़ते हुए 7.0 से खिताबी जीत दर्ज की। डी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में संपन्न टूर्नामेंट में राउंडग्लास हॉकी अकादमी पंजाब ने तीसरा स्थान हासिल किया जिसने राजस्थान को 19-1 से शिकस्त दी।आज फाइनल मुकाबले में नवल टाटा ओडिशा ने हर क्षेत्र में बेहतरीन खेल दिखाया और मेजबान यूपी ग्रेस को खुल कर खेलने नहीं दिया। विजेता टीम की ओर से बिकास ने पहले व अभिनाश कुजूर ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग यूपी पर दबाव बना दिया। बिकास ने कुल तीन गोल दागेए उन्होंने 22वें व 27वें मिनट में भी प्रतिद्वंद्वी का डिफेंस भेदा।नवल टाटा ओडिशा से अभिनाश कुजूर ने 22वेंए रोशन मिंज ने 27वें व मोहित लाकरा ने 57वें मिनट में बेहतरीन गोल किए। हालांकि पिछली उपविजेता यूपी ग्रेस ने गोल करने की काफी कवायद कि लेकिन वो प्रतिद्वंद्वी के मजबूत डिफेंस के आगे नाकाम रहे।इस टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनी नवल टाटा पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थी।

## पंकज आडवाणी ने 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब जीता

**दोहा।** भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं। आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।